राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...





11 ईशा गुप्ता ने देसी आउटफिट में गिराई ...





400 पार का नारा भूल चुकी है... 12



गाजियाबाद, शनिवार 04 मई 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 59, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12


न्यूज डायरी

## सीपीआई नेता अतुल कुमार अंजान का निधन

**लखनऊ (आरएनएस)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान (70) का शुक्रवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। अतुल कुमार अंजान पिछले एक महीने से एक निजी अस्पताल



में भर्ती थे। अतुल अंजान ने अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत 1977 में की, जब वह लखनऊ विश्वविद्यालय छात्र संघ के अध्यक्ष चुने गए।वह सबसे मुखर और सक्रिय कम्युनिस्ट नेताओं में से एक थे, जिन्होंने एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। किसानों और श्रमिकों के हितों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता ने लोगों से व्यापक प्रशंसा और सम्मान जीता।वह प्रभावशाली भाषण देने के लिए जाने जाते थे। उन्होंने राजनीति में एक अलग मुकाम हासिल किया था।

## झेलम एक्सप्रेस में बम की सूचना, एक व्यक्ति हिरासत में

**भोपाल (आरएनएस )।** पुणे से जम्मू तवी जाने वाली झेलम एक्सप्रेस में बम की सूचना पर गाड़ी को भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पर रोक कर सर्चिंग की गई। आरपीएफ ने इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, झेलम




एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली थी। किसी यात्री ने सूचना दी कि गाड़ी के एस-9 कोच में संदिग्ध वस्तु रखी है। इस सूचना के आधार पर रानी कमलापति स्टेशन पर गाड़ी को रोका गया और आरपीएफ व जीआरपी के जवानों ने तलाशी ली। डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। ट्रेन के अंदर कुछ भी नहीं मिला। झेलम एक्सप्रेस की सर्चिंग में लगभग आधे घंटे का समय लगा और उसके बाद गाड़ी को आगे के लिए रवाना किया गया। आरपीएफ ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जिसकी मानसिक स्थिति अच्छी नहीं बताई जा रही है। उससे पूछताछ की जा रही है।

## महाराष्ट्र में शिवसेना नेता को लेने जा रहा हेलीकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

**रायगढ़ (आरएनएस )।** एक चौंकाने वाली घटना में शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लेने जा रहा एक निजी हेलीकॉप्टर लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।अंधारे ने खुद लाइव वीडियो रिकॉर्डिंग साझा की है। इसके मुताबिक, हेलिकॉप्टर एक अज्ञात स्थान पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा था और अचानक



लड़खड़ा गया, संतुलन खो बैठा और फिर खुले मैदान में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया।हेलिकॉप्टर का पायलट कूदने में कामयाब रहा और बाल-बाल बच गया, लेकिन रायगढ़ के महाड शहर में हुई दुर्घटना में सफेद और नीले रंग का रोटरी-विंगर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और बचाव दल घटना की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। अंधारे चुनाव प्रचार के लिए एक कार में रवाना हुई।

# चुनाव के समय कांग्रेस के लिए माई-बाप है जनता, बाद में पहचानते नहीं: सीएम योगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- सीएम योगी ने आंवला लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को किया संबोधित
- बोले, अल्पसंख्यकों को कौन से खाने-पीने की स्वतंत्रता देना चाहती है कांग्रेस
- सीएम बोले, प्रदेश में गौकशी के बारे में सोचने वालों के लिए खोल दिये जाएंगे जहन्नुम के द्वार

**बरेली।** पहले कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल दल बोलते थे कि राम हुए ही नहीं। वहीं जब रामलला का दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर बन गया तो कहते हैं राम सबके हैं। यह इनका दोहरा चरित्र है। ऐसे ही चुनाव के समय आप इनके माई बाप हैं और चुनाव खत्म होते ही यह आपको पहचानते नहीं हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस का काम झूठ बोलना है। इनका मेनिफेस्टो भी कुछ इसी तरह का है। उसमें अल्पसंख्यकों को खाने पीने की पूरी स्वतंत्रता देने की बात कही गयी है। यह जनता को नहीं बता रहे हैं कि ऐसा कौन का खान पान है जो बहुसंख्यक समाज नापसंद करता है। दरअसल, अल्पसंख्यक समाज को गौ मांस पसंद है, जिसे हम होने नहीं देंगे। हम गौ माता की रक्षा के लिए जान भी देंगे। अयोध्या के महाराज दिलीप ने गौ माता को शेर के मुंह से छुड़ाया था। ऐसे धर्मात्माओं ने भारत माता की धरती पर जन्म लिया है। सपा और कांग्रेस को गलतफहमी है कि वह किसी की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता देंगे। प्रदेश में गौकशी की बात तो दूर कोई इसके बारे में सोचेगा भी तो उसके लिए जहन्नुम के द्वार खोल दिये जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फरीदपुर (बरेली) में आंवला लोकसभा क्षेत्र के लिए आयोजित जनसभा में कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के पक्ष में वोट की अपील की।



**जय श्री राम का नारा लगाने पर सपा जेल में बंद करने की देती थी धमकी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में गरीब कल्याणकारी योजनाओं की बंदरबांट होती थी। कांग्रेस सरकार तो प्रभु श्रीराम और कृष्ण भगवान के अस्तित्व पर सवाल करती थी। वहीं सपा के लोग जय श्री राम का नारा लगाने पर जेल में बंद कर देने की धमकी देते थे। इतना ही नहीं कहते थे कि अयोध्या में कोई भी परिंदा पर नहीं मार सकता है। वहीं वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत की तस्वीर सभी ने देखी है। अयोध्या में रामलला का दिव्य, नव्य और भव्य मंदिर बनकर तैयार है। देश और विदेश से श्रद्धालु दर्शन करने भी आ रहे हैं। इसके साथ ही दुनिया में भारत का सम्मान भी बढ़ा है। कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकार में अन्नदाता आत्महत्या करने को मजबूर थे, वहीं आज किसानों की आय दोगुनी हो गयी है। उन्हे सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। देश के जरूरतमंदों को फ्री राशन, रसोई गैस कनेक्शन और आवास की सुविधा दी जा रही है। वहीं देश में जो लोग फ्री आवास की सुविधा से छूट गये हैं, उन्हे अगले 5 वर्ष में इसकी सुविधा दी जाएगी।

**1 किलो गेहूं और आटे के लिए टूट पड़ती है पाक की जनता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 1947 में भारत का विभाजन कर पाकिस्तान बना। यहां की आबादी 23 से 24 करोड़ की है, जो आप भूख से (शेष पेज आठ पर देंखे)

# अमित शाह का बड़ा ऐलानः चुनाव के अंतिम चरण से पहले सीएए के तहत जारी होगी पहली नागरिकता




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर बड़ा ऐलान किया है। अमित शाह ने कहा कि चुनाव के अंतिम चरण से पहले सीएए के तहत पहली नागरिकता जारी की जाएगी। अमित शाह ने बताया कि आवेदन आने शुरू हो गए हैं। आवेदनों की नियमों के अनुसार जांच हो रही है और लोकसभा चुनाव खत्म होने से पहले, यानी आखिरी चरण से पहले नागरिकता देने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।बता दें कि सीएए के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले गैर मुस्लिम शरणार्थियों को भारत की नागरिकता मिल पाएगी। हालांकि, इन शरणार्थियों को भारत की नागरिकता पाने के लिए आवेदन करना होगा। नागरिकता संशोधन कानून (उअअ) के तहत पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शरणार्थियों को नागरिकता मिलेगी।आवेदक को वैध या समाप्त हो चुके पासपोर्ट, आवासीय परमिट, पति या पत्नी की भारतीय राष्ट्रीयता का प्रमाण मसलन, भारतीय पासपोर्ट या जन्म प्रमाणपत्र की प्रति या मैरिज रजिस्ट्रार द्वारा जारी विवाह प्रमाणपत्र की प्रति प्रदान करनी होगी। हालांकि, इन दस्तावेज को जमा करना अनिवार्य नहीं है।बता दें कि साल 2019 के दिसंबर महीने में दोनों सदनों से सीएए पारित किया गया था।

# अनियंत्रित होकर यात्री बस पहाड़ी से नीचे गिरी, 20 लोगों की मौत, 15 से अधिक घायल

**पेशावर ।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में शुक्रवार को एक यात्री बस पहाड़ी इलाके से फिसलकर खड्डु (नाले) में गिर गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। मृतकों का आंकड़ा बढ़ सकता है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम राजमार्ग पर हुई। बस रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। इस दौरान चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

अधिकारी ने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि बस में कितने यात्री सवार थे। घटना में घायल हुए कम से कम 15 लोगों को चिलास के एक अस्पताल में ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि बचाव प्रयास जारी हैं और शवों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। सूत्र ने कहा कि मरने वालों की संख्या और बढ? की आशंका है क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

गिलगित बाल्टिस्तान के मुख्यमंत्री हाजी गुलबार खान ने घटना पर शोक व्यक्त किया और




प्रशासन को घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। गिल्टगिट-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने कहा कि दुर्घटना के बाद चिलास अस्पताल में आपातकाल घोषित कर दिया गया है।

# मध्य प्रदेश के भाजपा नेता ने थानेदार को धमकाया

**भोपाल (आरएनएस )** मध्य प्रदेश की विदिशा लोकसभा सीट के भोजपुर



विधानसभा क्षेत्र में प्रचार की समय सीमा समाप्त होने पर माइक बंद करने पर विवाद हो गया। इस दौरान भाजपा नेता ने थानेदार को ही धमका डाला।

मामला गुरुवार रात का है। विदिशा संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोजपुर विधानसभा के मंडीदीप में प्रचार करने पहुंचे थे।मंडीदीप के थानेदार ने प्रचार की समय सीमा पूरी होने पर माइक बंद करने को कहा तो मंच पर मौजूद पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक सुरेंद्र पटवा भड़क उठे। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें पूर्व मुख्यमंत्री चौहान माइक को चालू करने को कह रहे हैं, तो वहीं सुरेंद्र पटवा थानेदार को धमका रहे हैं। सुनाई यहां तक दे रहा है कि तुम्हें फिकवा देंगे।

# डॉक्टरों ने दिया जीवनदानः 10 घंटे की सर्जरी के बाद व्यक्ति की पीठ से निकाला 16.7 किलो का ट्यूमर

**गुरुग्राम (आरएनएस )।** एक 27 वर्षीय व्यक्ति की पीठ से 16.7 किलोग्राम वजनी ट्यूमर को 10 घंटे तक चली सफल सर्जरी के बाद हटा दिया गया। फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने कहा कि यह व्यक्ति 2008 से 5850 सेंटीमीटर आकार के गैर-कैंसर वाले ट्यूमर से पीड़ित था। एफएमआरआई के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के वरिष्ठ निदेशक निरंजन नाइक ने कहा, विशालकाय न्यूरोफाइब्रोमा एक प्रकार का परिधीय तंत्रिका ट्यूमर है, जो त्वचा पर या उसके नीचे नरम उभार बनाता है जो लंबी अवधि में धीरे-धीरे बहुत बड़े आकार तक बढ़ सकता है। डॉक्टर ने कहा, ह्वजेनेटिक अब्नोर्मेलिटी ऐसे ट्यूमर का कारण बनती हैं, जो रोगी के जीवन की गुणवत्ता में बाधा डाल सकती है, जिससे कॉस्मैटिक विकृति, असुविधा या दर्द और कभी-कभी घाव के कारण भारी रक्तस्राव हो सकता है।



उन्होंने बताया कि ट्यूमर के आकार और मामले की जटिलता से जुड़े उच्च जोखिम कारणों से युवा रोगी को विभिन्न देशों के कई अस्पतालों ने सर्जरी के लिए मना कर दिया था। निरंजन ने बताया, ह्वट्यूमर की जगह पर कई रक्त वाहिकाएं थी। इस प्रकार इस सर्जरी के दौरान अनियंत्रित रक्तस्राव का एक उच्च जोखिम पैदा हो सकता था।

इस जोखिम को कम करने के लिए, टीम ने दो प्रक्रियाओं के साथ उपचार शुरू किया, जिसने 11 महत्वपूर्ण रक्त वाहिकाओं को अवरुद्ध कर दिया। निरंजन ने कहा कि ट्यूमर में कई बड़ी रक्त धमनियां थी, जो पूरी तरह से मरीज की पीठ पर फैली हुई थी। उनके शरीर का लगभग 18 प्रतिशत ऊपरी हिस्सा कवर किया हुआ था। सर्जरी के बाद इस क्षेत्र को कवर करने के लिए, डॉक्टरों ने दोनों जांघों की बजाय ट्यूमर से त्वचा का ही प्रयोग किया, क्योंकि यह एक गैर-कैंसर वाला ट्यूमर था। डॉक्टरों ने कहा, मरीज को केवल चार दिन में छुट्टी दे दी गई। यह ट्यूमर गैर-कैंसर था इसलिए मरीज अब रोग मुक्त है।

राजनीति

## रायबरेली से नामांकन के बाद बोले राहुल गांधी

# बड़े भरोसे के साथ मेरी मां ने मुझे सौंपी परिवार की कर्मभूमि

**रायबरेली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के रायबरेली से अपना नामांकन दाखिल किया, जो लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ रहा है। सूत्र कई कारण बताते हैं जो कांग्रेस परिवार के भीतर अमेठी और रायबरेली के भविष्य पर चर्चा के दौरान सामने आए थे। राहुल को चुने जाने का मुख्य कारण विरासत या उत्तराधिकार कारक था। माना जा रहा है कि रायबरेली से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा करके, सोनिया गांधी लोगों को यह संदेश देना चाहती हैं कि वह उनके उत्तराधिकारी होंगे। कांग्रेस इसे राहुल बनाम स्मृति नहीं बनाना चाहती थी, क्योंकि उसे लगता है कि वह ईरानी से बड़े नेता हैं। अमेठी की तुलना में रायबरेली राहुल गांधी के लिए सुरक्षित सीट है।

नामांकन के बाद राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था! मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे खुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अमेठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।

प्रियंका गांधी ने लिखा कि कुछ दिनों पहले मां



ने कहा था, "मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर पूरा होता है।" ऐसा परिवार, जिसने कई पीढ़ियों को अपने में मिला लिया; जो दशकों तक हर उतार-चढ़ाव, सुख-दुख, संकट और संघर्ष में चट्टान की तरह हमारे साथ खड़ा रहा। यह स्नेह और भरोसे का रिश्ता है। यह सेवा और आस्था का रिश्ता भी है जो आधी सदी से अटूट है। उन्होंने कहा कि हमें यहां के लोगों से जितना प्यार, जितनी आत्मीयता और सम्मान मिला है, वह अनमोल है। पारिवारिक रिश्ते की सबसे बड़ी सुंदरता ये होती है कि आप चाहकर भी कभी उसके स्नेह का कर्ज नहीं उतार पाते। इस मुश्किल वक्त में, जब हम देश के लोकतंत्र, संविधान और जनता के अधिकारों को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, तो इस लड़ाई में भी हमारा पूरा परिवार दृढ़ता से हमारे साथ खड़ा है। आज हजारों परिवारजनों की मौजूदगी में बड़े भाई राहुल जी ने अपना चुनाव नामांकन दाखिल किया। उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट को गांधी परिवार के सबसे मजबूत किलों में से एक माना जाता रहा है लेकिन 25 वर्षों में ऐसा पहली बार होगा जब गांधी परिवार का कोई भी सदस्य लोकसभा चुनाव में इस सीट से चुनाव मैदान में नहीं उतरेगा। वर्ष 1967 में निर्वाचन क्षेत्र बने अमेठी को गांधी परिवार का मजबूत किला माना जाता है और करीब 31 वर्षों तक गांधी परिवार के सदस्यों ने इस लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया है। पिछले आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता स्मृति ईरानी कांग्रेस के इस किले को भेदने में सफल रहीं और उन्होंने राहुल गांधी को 55 हजार से ज्यादा मतों से शिकस्त दी थी। अमेठी लोकसभा सीट पर गांधी परिवार को 1998 में उस समय झटका लगा था, जब राजीव गांधी और सोनिया गांधी के करीबी सतीश शर्मा को भाजपा के संजय सिंह के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। यह पहला मौका था जब यह सीट गांधी परिवार के हाथ से निकल गयी थी।

# राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर भाजपा ने कहा, अब यहां से भी भागेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर तस्वीर साफ कर दी है। राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे तो वहीं अमेठी से कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को मैदान में उतारा है। इसके बाद भाजपा ने राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने पर निशाना साधा।भाजपा के राष्ट्रीय सचिव मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, ह्वइससे यह जाहिर होता है कि राहुल गांधी ने वायनाड से अपनी हार स्वीकार कर ली है। वह पहले अमेठी से भागे, अब वायनाड से और इस बार उन्हें रायबरेली से भी भागना पड़ेगा। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं। इसलिए वह अब रायबरेली से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पहले राहुल गांधी ने अमेठी से हार मानी, अमेठी को छोड़ कर भागे, अब वायनाड को छोड़ कर भागे और इस बार उन्हें रायबरेली से भी भागना पड़ेगा।वह देश संभालने की बात करते हैं, लेकिन ना वह अमेठी संभाल पाएं, ना वायनाड संभाल पाएं। इस बार रायबरेली के लोग उन्हें सबक सिखाएंगे और राहुल गांधी को बड़े अंतर से हराएंगे।जो आदमी अपना क्षेत्र तक नहीं संभाल सकता उन्हें देश की बात करने का



कोई हक नहीं है। उनका का राजनीतिक करियर अब रायबरेली के लोग खत्म करेंगे।मनजिंदर सिंह ने आगे कहा कि कांग्रेस की हालत ऐसी हो गई है कि गांधी परिवार की सीट मानी जाने वाली अमेठी से वहां का कोई भी नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। पंजाब से केएल शर्मा को चुनाव लड़ने के लिए अमेठी लाया गया है।

## 10 मई को नगर में भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकली जाएगी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** ब्राह्मण धर्मशाला में युवा ब्राह्मण सेवा समिति की बैठा के शैलेंद्र शर्मा की अध्यक्षता व गगन शर्मा के संचालन में हुई। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया की 10 मई 2024 को नगर में भगवान परशुराम की बैंड बाजो के साथ भवय शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

बैठक में युवा ब्राह्मण सेवा समिति के पदाधिकारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये व आगे की रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। प्रचार मंत्री पीलू पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान परशुराम जी की जय भगवान परशुराम जी की भव्य शोभा यात्रा दिनांक 10 मई दिन शुक्रवार सुबह 10 बजे से निकाली जाएगी शोभायात्रा रामलीला मैदान शिकारपुर से प्रारंभ होगी । बैठक में युवा ब्राह्मण सेवा समिति अध्यक्ष श्री शैलेंद्र शर्मा गगन शर्मा पवन शर्मा बॉबी शर्मा रिंकी शर्मा प्रदीप शर्मा सलेमपुर लाला शर्मा मोहित भारद्वाज बबलू गिरी अंकिश शर्मा कुलदीप शर्मा कुलदीप पहलवान आदि मौजूद रहे।

## थाना स्याना पुलिस द्वारा 01 कुख्यात अपराधी को 6 माह के लिए जनपद से किया गया जिला बदर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** थाना स्याना क्षेत्रान्तर्गत सागर पुत्र ब्रहमजीत निवासी ग्राम करौठी थाना स्याना जनपद बुलन्दशहर जिसके लगातार अपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कारण क्षेत्र में गुंडागर्दी के बल पर अपराधिक एवं समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त होने के संबंध में थाना स्याना पर गंभीर प्रकृति के विभिन्न अपराध पंजीकृत हुए है विपक्षी के अपराधिक कृत्यो से जनता में भय आतंक व्याप्त है जिसके कारण क्षेत्र की जनता स्वयं को असुरक्षित महसूस करती है तथा क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध गवाही देने और रिपोर्ट लिखाने की हिम्मत नहीं करता उपरोक्त समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के पर्याप्त सबूतों के आधार पर मा0 न्यायालय द्वारा सागर उपरोक्त को 6 माह के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया है मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में आज को जिला बदर अपराधी सागर उपरोक्त को नियमानुसार आदेश की प्रति मकान पर चस्पा कर मुनादी करा कर जिले की सीमा से निष्कासित किया गया तथा अभियुक्त निर्धारित अवधि के अंदर अगर जिले की सीमा में प्रवेश करता हैं तो इसके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी।



## डीडीए ने गेहूं क्रय केंद्र प्रभारियों को खरीद बढ़ाने के दिए निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नवीन अनाज मंडी पहुंचे डीडीए आशीष कुमार ने मंडी परिसर में लगे चारों सरकारी गेहू क्रय केंद्रो का निरीक्षण करते हुए कम खरीद होने पर नाराजगी जताई। केंद्रो के प्रभारियो को गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र पर कोई गड़बड़ी नहीं मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीडी ए आशीष कुमार गेहूं क्रय केंद्रो निरीक्षण करते हुए शिकारपुर नवीन अनाज मंडी पहुंचे तो व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारी अपनी दुकानों पर ताला जड़कर इधर-उधर निकल पड़े। उन्होंने अनाज मंडी परिसर में स्थित आरएफसी के दो,पीसीएफ और एफसीआई के एक एक गेहूं क्रिया केंद्रो का निरीक्षण किया। गेहूं क्रय केंद्रो पर हुई गेहूं की कम खरीद पर नाराजगी व्यक्त की।

उसके बाद किसी उत्पादन मंडी समिति कार्यालय में चारों गेहूं क्रय केंद्रो के प्रभारियो की बैठक ली। जिसमें किसानों से गांव-गांव जाकर संपर्क बढ़ाने घरों से ही गेहूं उठाने तथा गेहूं क्रय केंद्र पर गेहूं बेचे जाने से होने वाले लाभों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कृषि उत्पादन मंडी समिति के सचिव अर्जुन सिरोही भी मौजूद रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान के अन्तर्गत 02 गुमशुदा बच्चो को सकुशल परिजनों के किया सुपुर्द

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सिकंदराबाद (वसीम सिद्दीकी)।** थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्र में दो बच्चे डरे, सहमें नजर आये जिनको थाने लाया गया व नाम पता पूछने पर दोनों ने थाना गुलावठी क्षेत्र का होना बताया। थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा अथक परिश्रम कर बच्चो के परिजनों का पता लगाकर उन्हें थाने पर बुलाकर बच्चो को सुपुर्द किया गया।

दोनों गुमशुदा बच्चो को उनके परिजनों को सुपुर्द करने पर परिजन व जनता के लोगो द्वारा सिकन्द्राबाद पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है।



## प्योर इंडिया ट्रस्ट ने 2030 तक, एक लाख उधमी बनाने का संकल्प लिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी )।** प्योर इंडिया ट्रस्ट का चौथा वार्षिक सम्मेलन एवं लीडरशिप समिट 2024 जयपुर में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर 14 राज्यों से आये संस्था के 70 प्रोजेक्ट मैनेजर ने चार दिवसीय आवासीय कार्यशाला में नए वर्ष के लक्ष्य को लेकर भारत को सशक्त बानने हेतु विचार विमर्श किया । सम्मेलन में पिछले वर्ष की उपलब्धियों एवं उत्कृष्ट कार्यों के लिए कर्मचारियों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया , साथ ही सम्मेलन में कार्यकताओं ने अपने कार्यों को और अच्छे तरीके से प्रदर्शित करना, प्रोजेक्ट प्रबंधन, सोशल मिडिया, कम्युनिकेशन, लीडरशिप के गुणों के साथ काम में तकनीक का उपयोग करने का कोशल सीखा । सम्मेलन के मुख्य अथिति डॉ केके पाठक (कअर वित सचिव राजस्थान सरकार) के द्वारा प्रेरणादायक संबोधन देकर कार्यकताओं को प्रेरित किया गया और कार्यकताओं के धरातल पर महिला सशक्तिकरण के काम की प्रशंशा करते हुए कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाया । प्योर इंडिया ट्रस्ट के संस्थापक एवं सीईओ प्रशांत पाल के द्वारा 2024 झ 25 के लक्ष्यों को साझा करते हुए महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को सक्षम बनाने के लिए संस्था के ऑनलाइन पोर्टल प्योर उद्यमी लॉन्च किया, साथ ही प्रशांत जी ने बताया की प्योर इंडिया ट्रस्ट अब तक भारत के 14 राज्यों मे 4000 से अधिक महिला उधमी बना चुकीं है और हम 2030 तक एक लाख उधमी बनाने का संकल्प लेते है। प्रशांत पाल ने बताया की प्योर उद्यमी पोर्टल के माध्यम से देश के किसी भी भाग से कोई भी आर्थिक रूप से कमजोर महिला या दिव्यांगजन अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए आवेदन कर सकता है और आवेदक को अपने ही गांव या एरिया मे व्यवसाय शुरू करवाया जा सकेगा ।






## डीएम और सीडीओ ने शहरी और ग्रामीण विकास कार्यों की की समीक्षा बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आहूत हुई। बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना अंतर्गत मानव दिवस सृजन की प्रगति, मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत में कार्यों, बीसी सखी, सीसी एल, लोकोज फंडिंग, गौशाला में भूसा की उपलब्धता, सहभागिता योजना, गौशाला में संरक्षित गौवंशो को लू से बचाव के लिए व्यवस्था, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं ग्राम विकास पंचायत योजना सहित अन्य कार्यक्रम की विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। निर्देशित किया गया कि योजनाओ एवं कार्यक्रमों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाई जाए। गौशाला में गौवंशो के भरण पोषण के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। गर्मी से बचाव के लिए भी गौशाला में व्यवस्था की जाए। गांवो में खराब पड़े हैंडपंप को ठीक कराया जाए।

बैठक में सीडीओ श्री कुलदीप मीना, डीडीओ सुभाष नेमा, डीपीआरओ प्रीतम सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी एवं सभी बीडीओ उपस्थित रहे।





## अभय ठाकुर की आतिशी बल्लेबाजी से बीबीसी सिकंदराबाद बना चैंपियन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** अंडर-14 एस सी ए मेमोरियल क्रिकेट टूनामेंट के फाइनल मुकाबले में बाबू बोधराज कान्वेंट स्कूल सिकंदराबाद ने बाई सी एन बुलंदशहर को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हराया। निर्धारित 40 ओवरों के मैच में बाई सी एन टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया निर्धारित 40 ओवरों के मैच में बाई सी एन ने 40 ओवर खेल कर 7

**बाबू बोधराज कान्वेंट स्कूल सिकंदराबाद ने बाई सी एन बुलंदशहर को रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हराया**

विकेट के खोकर 272 रन बनाए। बाई सी एन क्रिकेट अकादमी बुलंदशहर की तरफ से समद ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 82 रन तथा जान ने नवाद रहते हुए 75 रनों की पारी खेली बा ईशान ने 46 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया। बीबीसी की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते हुए सौरिश चोपड़ा ने 4 विकेट तथा वरिस, अभय ठाकुर ने क्रमश 1-1 विकेट हासिल किया। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीबीसी ने 39.1 ओवर में 8 विकेट खोकर 273 रनों के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। बीबीसी की तरफ से अभय ठाकुर ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 32 गेंद में 7 चौके और 10 छक्कों की मदद से 98 रन बनाएं तथा सौरिश चोपड़ा ने 53 तथा कबीर ने 26 बा अमान खान ने 19 रनों का योगदान अपनी टीम को दिया एक वक्त बीबीसी की टीम काफी मुश्किल हालात में थी तब अभय ठाकुर क्रीज पर आए और आतिशी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 32 गेंद में 98 रनों की पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिला। बाई सी एन की तरफ से समद, काजिम,हर्ष ने क्रमश 2,,2 विकेट हासिल किए। शानदार बल्लेबाजी करने वाले अभय ठाकुर को मैच का मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार काजिम को दिया गया तथा बेस्ट बल्लेबाज आमान खान,बेस्ट बॉलर अब्दुल समद,बेस्ट फील्डर अजान को चुना गया। यह टूनार्मेंट साई स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के द्वारा आयोजित कराया गया। आज के मैच के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हिमांशु मित्तल, एस सी ए मेमोरियल पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष वीरेन्द्र अग्रवाल, एस सी ए मेमोरियल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, हापुड़ क्रिकेट एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन नवीन सचदेवा, चौधरी विजय एडवोकेट, सुख देव, नदीम, सुधीर शर्मा, जलाल, संजय सोलंकी, तथा टूनामेंट के अध्यक्ष राजेश टोल, साई स्पोर्ट्स मैनेजमेंट के डायरेक्टर संजय आनंद द्वारा द्वविजेता व उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर कोच नाजिम अली, हसीन अली, गौरव चोपडा, मुशाहिद खान,बाबू बोधराज पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राम चोपड़ा आदि मौजूद रहे।




## बालाजी दरबार के महंत स्वामी परम देव महाराज का अनुज शर्मा जिला संगठन मंत्री ने अपने साथियों के साथ किया भव्य स्वागत सम्मान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी)।** 28 अप्रैल को कलश होटल में हनुमान जन्मोत्सव का त्यौहार बड़े ही विधि विधान से हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें सभी जाति के कई हजार लोग प्रोग्राम में मौजूद रहे स्वामी परम देव महाराज जी का सफल प्रोग्राम होने के उपलक्ष में स्वामी परम देव जी के आवास व बालाजी दरबार में पहुंचकर बुलंदशहर के समाजसेवियों ने स्वामी परम देव महाराज जी का खाटू श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर-के फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया और समाज के विषय पर चर्चा की उधर बालाजी दरबार के महंत स्वामी परम देव महाराज जी ने भी खुश होकर सभी समाजसेवियों को राम जी की तस्वीर भेंट की और प्यार सम्मान दिया स्वामी परम देव महाराज जी ने बताया कि हमने 31000 तस्वीर छपवाकर भेट की और रामचंद्र जी के बारे में सभी को अवगत कराया अनुज शर्मा ने कहा आज गुरु जी ने जो हमें प्यार में सम्मान दिया है उसे हम कभी भूल नहीं सकते गुरुजी वाकई में महान व्यक्ति हैं इस अवसर पर रवि दत्त शर्मा जी बैनामा लेखक पंडित दीपक मांकड़ी समाजसेवी एडवोकेट ललित शर्मा अनुज शर्मा पत्रकार एवं जिला संगठन मंत्री सर्वेश कुमार पत्रकार जितेंद्र कुमार हितेश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## आशू मिश्रा बने विधिक सेवा प्राधिकरण में डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित करने के अनुसार बुलंदशहर में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की व्यवस्था हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश एवं कमेटी द्वारा द्वारा के लीगल एंड डिफेंस काउंसिल, डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल तथा असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल पद हेतु कुछ दिनों पहले अधिवक्तागण का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें अनेक अधिवक्तागण ने आवेदन कर साक्षात्कार दिया। सभी पदों के लिए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लिस्ट जारी की गई। डिप्टी लीगल एंड डिफेंस काउंसिल पद हेतु आशू मिश्रा पुत्र करुणा शंकर मिश्रा ने अनेक अभ्यर्थियों को पीछे छोड़कर बाजी मारी। जिसमें अनेक अधिवक्तागण में खुशी की लहर जिन्होंने आशू मिश्रा को फूलमाला पहनकर एवं मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई दी।

**ब्रीफ** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की डयूटी हेतु जनपद बुलन्दशहर से अन्य जनपदों में लगे पुलिसकर्मियों को लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु किया गया रवाना

## लोकसभा चुनाव को शकुशल संपन्न करने के लिए बुलंदशहर के पुलिसकर्मियों को दूसरे जनपदों में किया गया ब्रीफ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर (वसीम सिद्दीकी) ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्य जनपदों में प्रस्तावित मतदान को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्री श्लोक कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध/नोडल अधिकारी चुनाव डा0 राकेश कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री शंकर प्रसाद एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री रोहित मिश्र की उपस्थिति में जनपद के पुलिस फोर्स को ब्रीफ कर अन्य जनपदों के लिए रवाना किया गया। ब्रीफिंग के समय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अन्य जनपदों को चुनाव डयूटी हेतु भेजे जा रहे अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि चुनाव डयूटी एक अतिमहत्वपूर्ण डयूटी है इसमे किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। सभीं पुलिस कर्मी निष्पक्ष रहते एवं दिखते हुए अपने जनपद एवं पुलिस बल की गरिमा के अनुरुप पूर्ण सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे तथा चुनाव में लगे सभी कर्मचारियों में सुरक्षा का भाव सुनिश्चित करेंगे। ब्रीफिंग के समय क्षेत्राधिकारी नगर विकास प्रताप सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद पूर्णिमा सिंह, प्रभारी चुनाव सैल, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाईन आदि अधिकारीगण उपस्थित।






## गृह क्लेश में ग्रामीण ने खाया जहर मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पहासू, ।** पहासू थाना क्षेत्र के गांव अटेरना में गृह क्लेश के चलते एक 45 वर्षीय ग्रामीण ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे पहासू के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसको गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर कर दिया। रास्ते मे ही ग्रामीण की मौत हो गई। पिछले कई दिनों से मृतक के घर मे किसी बात को लेकर हो रहे क्लेश से आहत था। शुक्रवार सुबह उसका परिजनों से फिर विवाद हो गया,जिसके चलते उसने घर में रखे जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया जहर के सेवन से ग्रामीण की हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उपचार के लिए उसे पहासू के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किये बिना मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया ।

# मानवीय मूल्यों को समझना और उन्हें अपनाना शिक्षा और समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्णः भूपेन्द्र कुमार सोम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज एंड प्रोफेशनल एथिक्स पर ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) के तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यशाला (एफडीपी) का दूसरे दिन का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया।

कार्यशाला में मुख्य बातचीत मानवीय मूल्यों के विषय में हुई। इन मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका इंसानी जीवन में जीवन को सजीव और संबल बनाने में होती है। इन मूल्यों के संदर्भ में उच्चतम स्तर से विचार किया गया और उन्हें अपनाने की अपील की गई। कार्यशाला का संचालन कर रहे डॉ. हिमांशु कुमार राय ने मुख्य रूप से संबंध, संबंध में भाव और उस भाव को पहचानने, निर्वहन करने और उसका मूल्यांकन कर उससे मिलने वाले उभय सुख प्राप्त करने को लेकर विस्तार से चर्चा करी। डॉ. राय ने संबध के विषय में नौ भावों की व्याख्या करी जिसमें प्रथम भाव विश्वास है और डॉ राय ने बताया कि विश्वास ही नौ भावों का आधार मूल्य है, उसके बाद क्रमशः सम्मान, स्नेह, ममता, वात्सल्य, श्रद्धा, गौरव, कृतज्ञता और सबसे अंत में प्रेम है जो कि सभी भाव का पूर्ण मूल्य है। कार्यशाला के



संबंध में निदेशक डॉ. भूपेंद्र कुमार सोम ने वक्तव्य दिया कि मानवीय मूल्यों को समझना और उन्हें अपनाना शिक्षा और समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारा उद्देश्य है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी को इन मूल्यों के महत्व को समझने उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया जाय।कार्यशाला के दूसरे दिन जीएनआईओटी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के अनुदान में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों ने अपने अपने विचारों को साझा किया और मानवीय मूल्यों के महत्व को समझने वाली कई गतिविधियों में भाग लिया।दूसरे दिन की कार्यशाला का समापन कुछ नए प्रण और आने वाली नई उम्मीदों के साथ हुआ।

# एच.आई.एम.टी. ग्रुप ऑफ इंस्टीटुएशन्स में दो दिवसीयें रोजगार मेला जॉब क्वेस्ट एक्सपो 2024 का हुआ समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** एच. आई. एम. टी. ग्रुप ऑफ इंस्टीटुएशन्स ग्रेटर नॉएडा में दो दिवसीयें रोजगार मेला जॉब क्वेस्ट एक्सपो 2024 का समापन संपन्न हुआ जिसमे दूसरे दिन भी मैनेजमेंट, फार्मास्यूटिकल, लीगल सर्विसेज, मार्केटिंग, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी ठ अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रो की 25 दिग्गज कंपनियों ने भाग लिया। दूसरे दिन मेले के समापन पर एच. आई. एम. टी. ग्रुप के चेयरमैन हेम सिंह बंसल ने सभी अभिलार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की किसी कारण से यदि किसी का चयन न हो पाया हो तो निराश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि अपने ज्ञान और कौशल को और सशक्त करके पुनः प्रयास करने चाहिए। बंसल ने अलग अलग इंस्टीटूट्स ठ एच. आई. एम. टी. के सभी अभियर्थियों को जीवन में और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया । दूसरे दिन के आयोजन में करीब 700 अभियार्थी भिन्न भिन्न कंपनियों के इंटरव्यू में शामिल हुए। अनेक अभ्यर्थियों को कंपनियों ने स्पॉट ऑफर दिए जबकि कई ने सेकंड ठ फाइनल राउंड के लिए शार्ट लिस्टिड कैंडिडेट्स को अपने हेड ऑफिस में बुलाया है। संस्थान के समूह निदेशक प्रो.(डॉ.) सुधीर कुमार ने सभी चयनित छात्रों को बधाई दी ठ शार्ट लिस्ट किये गए अभ्यर्थियों को अगले ठ अंतिम राउंड के इंटरव्यू के लिए शुमकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की । कार्यकारी निदेशक (डॉ.) विक्रांत चौधरी ने बताया की इस मेले 294 अभियार्थियों को जॉब ऑफर्स मिले है जबकि 421 को शार्ट लिस्ट किया गया है। इस अवसर पर निदेशक प्रबंधन अध्ययन प्रो.(डॉ.) पंकज कुमार, निदेशक फामेर्सी, प्रो.(डॉ.) अनुज मित्तल, प्रिंसिपल लॉ, प्रो.(डॉ.) त्रिभुवन अग्रवाल, प्रिंसिपल एजुकेशन, डॉ. मनोरमा शर्मा, एडमिन अधिकारी कविता चौधरी, एचओडी आईटी, नरेंद्र उपाध्याय, प्लेसमेंट प्रमुख-राजेश वाही, ठ अन्य फैकल्टी मेंबर्स भी उपस्थित रहें।

# गलगोटियास विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ नर्सिंग ने शारीरिक और रोग विकृति विज्ञान पर एक मॉडल प्रदर्शनी प्रतियोगिता का किया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा।** गलगोटियास स्कूल ऑफ नर्सिंग ने एक शारीरिक मॉडल और रोग विकृति विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें मानव शरीर रचना और रोग प्रबंधन दोनों को समझने में नर्सिंग छात्रों के ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न शरीर प्रणालियों का प्रतिनिधित्व करने वाले जटिल शारीरिक मॉडल के साथ-साथ विभिन्न रोग विकृति और उनकी प्रबंधन रणनीतियों को समझाने वाले प्रदर्शन भी शामिल थे।छात्रों ने आकर्षक प्रदर्शनों और जानकारीपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से शारीरिक संरचनाओं और रोग प्रक्रियाओं के बारे में अपनी समझ का प्रदर्शन किया। न्यायाधीशों ने सटीकता, रचनात्मकता और प्रदान किए गए स्पष्टीकरण की स्पष्टता के आधार पर प्रदर्शनों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता ने एक सहयोगात्मक शिक्षण वातावरण को बढ़ावा दिया, जिससे छात्रों को विचारों का आदान-प्रदान करने और शरीर रचना विज्ञान और रोग प्रबंधन दोनों की समझ को गहरा करने की अनुमति मिली। इसने छात्रों को नर्सिंग में उनके भविष्य के करियर के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण प्रस्तुति और संचार कौशल विकसित करने का अवसर भी प्रदान किया।

# बीजेपी नेता केसीए पति को जलाने की कोशिश, पुलिस ने कहा अभी सबूत नहीं मिले,जांच जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सेक्टर-5 में रहने वाली बीजेपी की महिला नेता के पति पर जानलेवा हमला व ज्वलनशील पदार्थ फेंक कर जलाने के प्रयास का मामला सामने आया है।

घटना के बाद पीड़ित पति खुद ही गाजियाबाद के एमएमजी अस्पताल में भर्ती हो गए। महिला नेता ने कुछ लोगों पर आरोप लगाया है। पुलिस का कहना है कि अभी आरोपों से संबंधित साक्ष्य नहीं मिले हैं।सेक्टर-5 में रहने वाली सिद्धि अग्रवाल पश्चिम यूपी महिला मोर्चा में क्षेत्रीय मंत्री के पद पर हैं। घटना के समय उनके पति अमित अग्रवाल घर पर अकेले थे। सिद्धि अपनी मां की देखभाल के लिए ग्वालियर आई हुई थी। आरोप है कि सुवह 7 से 8 बजे के करीव कुछ लोगों ने गेट खटखटाया। जब वाहर निकले तो उनके ऊपर हमला किया गया। पेट्रोल से भरी बोतल फेंककर जलाने की कोशिश की। किसी तरह उनके पति ने बीच बचाव किया और वे अस्पताल पहुंचे। सीए अस्पताल में भर्तीहो रही जांच एसीपी एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपों के आधार पर घर व उसके आसपास लगे सीसीटीवी व मैनुअल छानबीन में इस तरह के साक्ष्य सामने अभी तक नहीं मिले हैं। पता चला कि मारपीट के एक पुराने मामले में दंपती को कोर्ट में पेश होना था। पुलिस इस घटना पर हर एंगल पर जांच कर रही है। जांच के उपरांत आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# इकोटेक-3 पुलिस ने ऑटो लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपी किए गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया ऑटो,अवैध असलाह आदि बरामद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** ग्रेटर नोएडा की थाना इकोटेक-3 पुलिस ने ऑटो लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपी किए गिरफ्तार, कब्जे से लूटा गया ऑटो, अवैध असलाह व अवैध गांजा बरामद किया है।जानाकरी के अनुसार बीती दिनांक 28/29.04.2024 की रात्रि मे अभियुक्तों द्वारा सेक्टर-37 नोएडा से तुस्याना गाँव के लिये ऑटो बुक किया गया था। अभियुक्तों द्वारा ऑटो को खैरपुर गुर्जर गाँव के पास सुनसान जगह पर ले जाकर ऑटो चालक को डराकर ऑटो छीन/लूट लिया गया था और ऑटो को वहाँ से लेकर भाग गये थे। उक्त घटना के सम्बंध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना इकोटेक-3 पर अभियोग पंजीकृत कर, घटना के शीघ्र अनवारण हेतु 02 टीमों का गठन किया गया था।जिसके बाद थाना इकोटेक-3 पुलिस द्वारा लोकल इन्टीलेजन्स व सर्विलांस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए आम्रपाली मॉल के पास से अभियुक्त 1.सचिन यादव पुत्र ज्ञान सिंह 2.युनुस पुत्र अनीस अहमद 3.कैलाश पुत्र रमेश को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया ऑटो/टेम्पो रजि0नं0 यू.पी-16-के.टी.-6811, अवैध असलाह व अवैध गांजा बरामद किया गया है।



# जीएल बजाज शिक्षण संस्थान उत्तर भारत में नवाचार एवं उद्यमिता के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन अवार्ड से सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** ग्रेटर नॉएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च को नई दिल्ली में आयोजित शिक्षा विकास एवं अनुसंधान केन्द्र के 23वे राष्ट्रीय शिक्षा गौरव पुरस्कार समारोह में शिक्षा कौशल विकास और अनुसंधान के प्रति उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए उत्तर भारत में 2024 के सर्वश्रेष्ठ प्रबन्धन संस्थान का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। समाहरोह के मुख्य अथिति एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ० टीजी सीथारमन, मुम्बई के आईसीटी के प्रोफेसर एवं प?द्मश्री प्रोफेसर जीडी यादव, एनईटीएफ के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल संहस्त्रबुद्धे और एनबीए के अध्यक्ष प्रोफेसर के० के० अग्रवाल ने पीजीडीएम संस्थान की निदेशिका डॉ० सपना राकेश को अवार्ड देकर सम्मानित किया। डॉङ्ग सपना राकेश ने अवार्ड लेकर कहा कि जीएल बजाज संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान रखता है। जिसने तमाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समन्वय स्थापित किये हैं। हम अपने छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। संस्थान शिक्षा में उत्कृष्टता एवं नवीनता हेतु निरन्तर प्रयासरत रहेगा। जीएल बजाज एजुकेशनल इन्स्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कॉलेज के सभी अध्यापकों और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्नता एवं गौरव की अनुभूति है कि जीएल बजाज संस्थान को समय-समय पर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाता रहा है।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी वीजा बनाकर अवैध रूप से पैसे ऐंठने वाले गैंग के 2 शातिर आरोपी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** नोएडा की थाना सेक्टर-49 पुलिस ने फर्जी ट्रैवल कम्पनी बनाकर लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी वीजा बनाकर अवैध रूप से पैसे ऐंठने वाले गैंग के 2 शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है थाना सेक्टर-49 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से फर्जी ट्रैवल कम्पनी बनाकर लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले अभियुक्त 1.इशाक युनूस उर्फ रोबिन उर्फ जितेन्द्र पुत्र युनूस उस्मान 2.रोहित ओबराय पुत्र दिलबाग ओबराय को पीएनबी बैक के पास होशियारपुर नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 104 पासपोर्ट, 01 लैपटॉप, 06 मोबाइल, 04 फर्जी मोहरें, 31 वीजा कूटरचित, 36 फर्जी कम्पनी के वर्किंग कान्ट्रैक्ट व आई-20 कार बरामद की गयी है।पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त इशाक युनूस उर्फ रोबिन उर्फ जितेन्द्र उपरोक्त इस गैंग का सरगना है और उसके द्वारा इस काम को पिछले 06 वर्षों से अंजाम दिया जा रहा है, यह गैंग लड़कों को गुमराह करता है कि उनकी नौकरी विदेश में जार्डन, साउदी अरब, कतर आदि जैसे देशों में लगवायी जायेगी और इस काम के प्रति लड़के से 80-90 हजार रुपए लेता है, कोई कागज कम पाये जाने पर रेट बढ़ाकर उनसे और पैसें की डिमान्ड करता है। इसके द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल कर अपनी फर्जी फर्म का प्रचार प्रसार किया जाता है।

# कॉलेज परिसर में औद्योगिक इकाइयों को स्थापित करेगा लॉयड कॉलेज, इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन से जुड़े 10 कंपनियों के साथ एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (मो. बिलाल)।** नॉलेज पार्क स्थित लॉयड इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 03 मई



2024 को इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन से जुड़े, 10 कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। जिसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लॉयड इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में औद्योगिक इकाइयों के जरूर अनुसार मशीनस लगाया जाएगा। लॉयड शैक्षिक समूह के अध्यक्ष मनोहर थहरानी ने बताया कि लॉयड कॉलेज औद्योगिक जरूरत के अनुसार अपने छात्रों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है, उसी कड़ी में आज हम लोगों ने 10 कंपनियों के साथ एमओयू साइन किया है। कॉलेज के निदेशक प्रोफेसर राजीव अग्रवाल ने बताया कि आज हमें अधिक से अधिक रोजगार परक औद्योगिक इकाइयों की आवश्यकता है, जिसके लिए हमें कुशल कामगार युवक तैयार करना होगा।लॉयड कॉलेज अपने छात्रों को औद्योगिक जरूरत के अनुसार अपने परिसर के अंदर प्रशिक्षित करेगा। जहां छात्र सीधे औद्योगिक संस्थानों के साथ मिलकर अपने इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष से काम करना शुरू कर देगा, जब छात्र अंतिम वर्ष में रोजगार के लिए जाएगा तो उसे काफी मदद मिलेगा। मुख्य प्रबंधक डॉक्टर शशि प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि अगले तीन से पांच महीने में कॉलेज परिसर के अंदर औद्योगिक इकाइयों में उपयोग हो रहे विभिन्न मशीन स्थापित कर दिया जाएगा, आज लाइट कनेक्ट श्रृंखला का शुरूआत किया गया है,और अब इस श्रृंखला में अन्य क्षेत्रों के कंपनी को भी जोड़ने का काम करेंगे।इंडस्ट्रियल एंटरप्रेन्योर एसोसिएशन से जुड़े संजीव शर्मा ने बताया कि हमारा संगठन पूरे तरह से छात्रों को आज की जरूरत के अनुसार तैयार करने में लॉयड समूह का सहायता करेगा।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**
**(ई–टेंडरिंग द्वारा)**

निविदा संख्याः 558-सिगनल-16-टेली–ओपन टेंडर-997 — दिनांक : 03.05.2024

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | दिल्ली मंडल पर विभिन्न टेलीफोन एक्सचेंज, रेलनेट सिस्टम में आग का पता लगाने और दमन प्रणाली का प्रावधान। |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 2,34,92,724.94/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹ 2,67,500/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 30.05.2024 15:00 बजे तक |
| वेब साइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है | उत्तर रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

1348/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन अगले दो वर्षों में टैम्पिंग बैंकों के 18 सेट (सीएसएम/डब्ल्यूएसटी/वीपीआर = 05 सेट, यूनिमैट–2एस/3एस = 02 सेट, यूनिमैट–4एस/एमपीटी = 02 सेट, एमएफआई = 04 सेट, सीएसएम/डीयूओ संशोधित प्रकार = 02 सेट और पीसीटी/सीआरसीसी = 03 सेट) का ओवरहालिंग का कार्य। |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 24 महीने |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹ 8,94,61,215.00 |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 5,97,300.00 |
| 5. | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रू– शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 06.05.2024 से दिनांक 27.05.2024 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 27.05.2024 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 13.05.2024 से दिनांक 27.05.2024 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प. सं.– 1-डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–टी.बी-01-24-25 दिनांक–03.05.2024 — 1351/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


**पर्दाफाश** — **कब्जे से चोरी का करीब 4 करोड़ रुपए का माल व चोरी के उपकरण बरामद**

# मोबाइल टावरों के उपकरण चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा गाजियाबाद, दिल्ली एन0सी0आर क्षेत्र, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, बिहार, महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश में जियो व एअरटेल के मोबाइल टावरों से बैट्री, आर0आर0 यूनिट व अन्य इलैक्ट्रानिक डिवाईस चोरी करने वाले शातिर अपराधियों के अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 06 अभियुक्तों को थाना नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गयी है गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से जियो व एअरटेल कम्पनी के रेडियो रिसीवर यूनिट, मोबाइल टावरों की बैट्रियाँ, मोबाइल टावर ड्यूप्लैक्सर, आई०डी०यू०, बी०बी०यू०, ओ०डी०यू० व इलैक्ट्रोनिक डिवाईसेस तथा चोरी करने में प्रयोग किये जाने वाले उपकरण व घटना करने में प्रयुक्त होण्डा सिटी कार व टाटा मैजिक ,छोटा हाथी, गाडी बरामद हुई।पूछताछ पर पकडे गये शातिर अभियुक्त कैफ मलिक ने बताया कि उसने 02 वर्ष पूर्व बी०ए० प्रथम वर्ष में पढाई छोड दी थी और अपने



पिता फुरकान मलिक के साथ उनकी मुस्तफाबाद दिल्ली स्थित कबाड की दुकान पर काम करना शुरू किया वहाँ वह शुएब से मिला जिसने उसे मोबाइल टावरों से चोरी की आर०आर०यू० व अन्य इलैक्ट्रोनिक डिवाईस को बेचने के लिए कहा और यह भी कहा इस काम में लाखों का फायदा है कैफ ने मार्केट मे पता करके जावेद से सम्पर्क किया जब माल लेने व देने की पूरी बात हो गयी तो इन लोगों ने मिलकर एक गिरोह बनाया जिसमे चोरी करने के लिए सुहेल मलिक, वसीम, अल्ताफ व जुबैर तथा मोबाइल टावरों के मेन्टिनेन्स करने वाले इंजीनियर राहुल गोयल इनसे चोरी का माल लेकर कैफ मलिक, सुमित कसाना, मेरठ के नईम व दिल्ली के मेहराजुद्दीन के माध्यम से मुस्तफाबाद दिल्ली के जावेद व उसके भाई वसीम को बेच देते थे पकडे गये दूसरे अभियुक्त सुमित कसाना ने बताया वह बी०ए० पास है 04 साल पुलिस में भर्ती की तैयारी की फिर दिल्ली में क्लब में बाऊन्सर ,सिक्योरिटी की नौकरी करने लगा क्लब मे ही उसे जावेद मिला जिसने उसे अपने पास कबाड के काम के लिए रख लिया वह पिछले 04 वर्षों से जावेद के लिए काम करता है और माल को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाता है जिसके उसे 5-10 हजार रू० प्रति चक्कर अलग से मिलते है। तीसरे अभियुक्त राहुल गोयल ने बताया कि उसने रूडकी से बी.टेक. किया है उसका प्लेसमेन्ट नही हुआतो प्राईवेट कम्पनियों में काम करने लगा वर्तमान समय मे वह सार टेली कन्सट्रक्शन्स प्राईवेट लिमिटेड में बतौर मैनेजर 04 वर्षों से काम कर रहा है ।यह कम्पनी मोबाइल टावर के मेन्टिनेंन का काम करती है पिछले कुछ समय से उसने पश्चिमी बंगाल, बिहार, मध्य प्रदेश व राजस्थान के ऑपरेशन व मेन्टिनेन्स स्टॉफ से मिलकर आर० आर०यू० की चोरी कराकर सुहेल, जुबैर, वसीम, कैफ को देकर लाभ कमा रहा है। चौथे अभियुक्त शुएब मलिक ने पूछने पर बताया कि वह 12वीं पास है और मुस्तफाबाद में उसका कास्मैटिक का होलसेल का काम है वह सुहेल व कैफ को जानता था उनके कहने पर वह आर0आर0यू0 को खरीदने व बेचने का काम करने लगा। पाँचवा अभियुक्त सुहेल मलिक ने पूछने पर बताया कि वह 12 वीं तक पढ़ा हुआ है पहले वह दूध का काम करता था फिर मुस्तफाबाद में कबाडे का काम करने लगा वहीं उसकी मुलाकात वसीम अलवी, अल्ताफ, जुबैर, शुएब व कैफ से हुई जिन्होनें उसे मोबाइल टावर से उपकरण चुराने वे बेचने मे शामिल कर लिया।

# आर्मी का सामान गाजियाबाद पहुंचाने का झांसा देकर ट्रक में चढ़े बदमाश,बुलंदशहर के दो भाइयों से बिहार में लूट, एक की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद से सटे जिले बुलंदशहर के गुलावठी थाना क्षेत्र में रहने वाले दो सगे भाइयों के साथ बिहार में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बिहार में दोनों ट्रक लेकर गए थे। इस बीच बदमाश आर्मी का सामान गाजियाबाद पहुंचाने का झांसा देकर ट्रक में सवार हो गए। इसके बाद बदमाशों ने दोनों भाइयों को जहरीला पदार्थ खिला दिया। बेहोश होने पर बदमाश दोनों को सड़क किनारे फेंककर ट्रक लूटकर फरार हो गए। घटना में एक भाई की मौत हो गई और दूसरा भाई पटना के एक अस्पताल में भर्ती है। गुरुवार को मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा, जिसे गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया है।परचून का सामान लेकर निकले थे बिहार बुलंदशहर के गुलावठी थाना क्षेत्र के सेगड़ापीर गांव निवासी मोहम्मद जाकिर ने बताया कि उनके पुत्र मोहम्मद माजिद (30) व मोहम्मद रागिब (28) अपना ट्रक भाड़े पर चलाकर जीवन यापन करते हैं। आरोप है कि गत 24 अप्रैल को गाजियाबाद-दिल्ली बॉर्डर से 14 टायरा ट्रक में परचून का सामान लादकर बिहार के पटना के लिए दोनों भाई रवाना हुए थे। बताया कि उन्होंने करीब डेढ़ वर्ष पहले ट्रक खरीदा था। बड़ा बेटा मोहम्मद माजिद ट्रक चलाता था। जबकि, दूसरा कंडक्टर है। पिता ने बताया कि उनके दोनों पुत्र ट्रक लेकर बीते दिनों ही पटना पहुंच गए, इस बीच उनकी अपने दोनों पुत्रों से फोन पर बातचीत होती रही। दोनों को ट्रक में लदे सामान को दो स्थानों पर उतारना था। एक स्थान पर सामान उतारने के बाद वह दूसरे स्थान पर सामान उतारने के लिए जा रहे थे। ऐसे दिया वारदात को अंजाम इस बीच बदमाश आर्मी का सामान ट्रक में पहुंचाने का झांसा देकर ट्रक में सवार हो गए। कुछ देर बदमाशों ने दोनों को खाने में नशीला पदार्थ दे दिया। बदमाश दोनों भाईयों को पटना के नौबतपुर इलाके में सड़क किनारे डालकर, ट्रक लूटकर फरार हो गए। बदमाश करीब 50 हजार रुपये भी लूट कर ले गए। 30 अप्रैल की देर शाम पीड़ित पिता पर पटना पुलिस का फोन आया कि उनके दोनों पुत्र सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़े हुए हैं, जिन्हें अस्पताल लाया गया। अस्पताल में मोहम्मद माजिद की मौत हो गई। पुलिस ने छोटे पुत्र मोहम्मद रागिब को पटना के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। इसके बाद परिजन बुधवार सुबह पटना पहुंचे, जहां से पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को मोहम्मद माजिद का शव गांव सेगड़ापीर पहुंचा। गमगीन माहौल में माजिद के शव को गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। 6 भाइयों में सबसे बड़ा था माजिद माजिद की मौत से गांव में शोक छाया हुआ है। मृतक विवाहित था और अपने 6 भाईयों में सबसे बड़ा था। वहीं, माजिद का भाई रागिब का पटना क्षेत्र के एक अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालांकि, वह अब खतरे से बाहर है। परिवार के कई लोग पटना पहुंच चुके हैं। छोटे पुत्र रागिब ने बताया कि बदमाश यह कहकर ट्रक में चढ़े कि वह पटना से उन्हें गाजियाबाद तक का भाड़ा दिला देंगे। आर्मी का सामान गाजियाबाद तक ले जाना है। दोनों भाई बदमाशों की बातों में आ गए और खाने में नशीला पदार्थ दे दिया।सऊदी अरब में करता था नौकरी।माजिद इससे पहले सऊदी अरब में चालक की नौकरी करता था। सऊदी अरब से आने के बाद उसने ट्रक खरीदकर माल सप्लाई करने का काम शुरू किया था। माजिद की मौत से गांव में शोक छाया हुआ है। सीओ सिकंदराबाद पूर्णिमा सिंह ने बताया कि इस तरह का कोई मामला अभी संज्ञान में नहीं आया है। न ही बिहार पुलिस के द्वारा कोई संपर्क साधा गया है।

# पुलिस कांस्टेबल ने युवक को पीटा, 2.5 करोड़ रुपये को लेकर हुआ बवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शहर के कविनगर थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में यूपी पुलिस के एक कांस्टेबल ने जमकर उत्पात मचाया। कांस्टेबल ने अपने ही भाई को जमकर पीटा। मारपीट की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई हे। बताया जा रहा है कि बिजनेस को लेकर विवाद है, जिसका केस कोर्ट में चल रहा है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नोएडा निवासी पंकज कश्यप गाजियाबाद के कविनगर थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक कार्यालय में बैठे थे। इसी दौरान उनका छोटा भाई पवन कश्यप वहां पहुंचा। पवन यूपी पुलिस में कांस्टेबल है। और मेरठ में तैनात है। आरोप है कि पवन ने आते ही पंकज को पीटना शुरू कर दिया। ये पूरी घटना ऑफिस में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है. पंकज कश्यप ने बताया कि वह लोहा व्यापार का काम करता है। पंकज के माध्यम से उसका छोटा भाई पवन ने भी यह काम किया था। पंकज ने बैंक से लोन लिया और बिजनेस में 1 करोड़ रुपये लगाए। पंकज के मुताबिक, एक साल में 2.5 करोड़ रुपये का बिजनेस हुआ। लेकिन पवन ने उसे पैसे देने से इनकार कर दिया। जिसका मुकदमा सूरजपुर कोर्ट में भी चल रहा है। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित की शिकायत लेकर सीसीटीवी के आधार पर पवन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**पंकज ने बैंक से लोन लिया और बिजनेस में 1 करोड़ रुपये लगाए। पंकज के मुताबिक, एक साल में 2.5 करोड़ रुपये का बिजनेस हुआ**

# निर्वाचन में कार्यरत जिन कार्मिकों का मानदेय नहीं पहुंचा, विभागाध्यक्ष के माध्यम से मंगलवार तक जमा करें अपने कागजात

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुख्य विकास अधिकारी,कार्मिक प्रभारी लोकसभा निर्वाचन गाजियाबाद अभिनव गोपाल (आईएएस) ने जानकारी दी कि लोक सभा निर्वाचन में लगे सभी कार्मिकों का मानदेय ऑनलाइन उनके खातों में प्रेषित किया गया है किंतु कुछ कार्मिकों का मानदेय उनके खातों में विभिन्न कारणों से नही पहुंचा है। अतः कार्मिकों से अनुरोध है की यदि आपका मानदेय आपके खाते में नही पहुंचा है तो आप अपनी ड्यूटी की डिटेल के साथ,साथ बैंक डिटेल अपने विभाग अध्यक्ष के माध्यम से मुख्य कोषाधिकारी कार्यालय या एनआईसी कक्ष संख्या 226 में हार्ड कॉपी में मंगलवार तक भिजवाना सुनिश्चित करें, जिससे की आपका मानदेय आपके खाते में प्रेषित कराया जा सके। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी, कार्मिक प्रभारी द्वारा विभाग अध्यक्षों को भी निर्देश जारी किए गए है। ध्यान रहे की अपनी ड्यूटी का पूर्ण विवरण बूथ संख्या समेत भेजे और साथ ही बैंक खाते का विवरण भी आईएफएससी कोड सहित विवरण भेजे।

# फ्लाइओवर पर चलती कार में लगी आग : आग की लपटों ने लोगों के उड़ाए होश, थम गई सैकड़ों गाड़ियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र के बंथला फ्लाइओवर पर बुधवार देर रात एक चलती कार में आग लग गई। दिल्ली नंबर की इस कार में सीएनजी लगी हुई थी। आग लगने के बाद चालक कार को रोककर उससे बाहर कूद गया, जिससे उसकी जान बच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने ट्रैफिक रोकर कार में लगी आग को बुझाया। इस दौरान करीब आधे तक फ्लाइओवर पर जाम लगा रहा। कार मालिक ने बाहर कूदकर बचाई जान सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि गाजियाबाद फायर स्टेशन लोनी को सूचना मिली थी कि लोनी थाना क्षेत्र के बंथला फ्लाईओवर पर एक कार में आग लग गई है। इस बीच दिल्ली निवासी कार मालिक दिनेश कुमार ने कार से बाहर कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन लोनी से एक फायर टैंकर फायर कर्मियों के साथ मौके के लिए रवाना हो गया। जब हम मौके पर पहुंचे तो देखा कि कार बहुत तेज लपटों के साथ जल रही थी।सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि जिस कार में आग लगी वह सीएनजी फिटेड सेंट्रो थी। जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर DL5CT9790 था।

# अभिभावकों ने देहरादून पब्लिक स्कूल पर भैस के आगे ढोल पीटकर विशाल मार्च निकालकर अनोखा प्रदर्शन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डॉक्टर बृजपाल त्यागी धरने में शामिल

**मामला है पिछले 25 दिन से परेशान और जिला प्रशासन और शिक्षा अधिकारियो के चक्कर काटने के बाद न्याय नही मिलने पर कल से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे**







अभिभावकों को दिया समर्थन अभिभावकों ने देहरादून पब्लिक स्कूल पर भैस के आगे ढोल पीटकर विशाल मार्च निकालकर अनोखा प्रदर्शन किया मामला है पिछले 25 दिन से परेशान और जिला प्रशासन और शिक्षा अधिकारियो के चक्कर काटने के बाद न्याय नही मिलने पर कल से अनिश्चित कालीन धरने पर बैठे है कल रात भी जीपीए के साथ लगभग 4000 से ज्यादा की संख्या में स्कूल से पी ब्लॉक चौराहे तक एक बड़ा कैंडल मार्च निकाला था।
मजे की बात यह है की प्रशासन में हड़कंप मचा हुआ है लेकिन कोई भी अधिकारी स्कूल पर कार्यवाई करने की हिम्मत नही जुटा पा रहे हैं अभिभावक न्याय के लिए दो दिन से धरने पर डटे है आज खंड शिक्षा अधिकारी भी स्कूल प्रबंधन के साथ लगभग 1 घंटे मीटिंग कर पेरेंट्स की समस्या का समाधान नही निकाल से पुलिस प्रशासन भी बड़ी संख्या में धरना स्थल पर जुटा है जीपीए के संरक्षक सतपाल चौधरी और उपाध्यक्ष पवन शर्मा का कहना है की हम जब तक पेरेंट्स को न्याय नहीं मिलता हम धरने पर शांतिपूर्ण तरीके से डटे रहेंगे अब देखना यह की जिला प्रशासन समाधान निकाल पता है या इसी तरह स्कूल प्रबंधन की सत्ता की हनक के आगे लाचार और बेबस बन कर मूक दर्शक बने रहते है ।

# सिल्वर शाइन स्कूल गाजियाबाद में सेकंड इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन 12 मई को होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शास्त्री नगर स्थित नियर महिंद्र एनक्लेव, सिल्वर शाइन स्कूल में कराटे कंपटीशन होने जा रहा है। जिसका समय है। सुबह 8:00 से शाम 6:00 तक कृष्ण रावत ने बताया कि हमारे समाज में कराटे सभी बेटीयो को सीखने चाहिए इससे बेटियां समय आने पर अपनी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठा सकती हैं और अपने आत्म सम्मान की रक्षा कर सकती हैं बेटियों को जागरूक करने का भी काम उनकी संस्था जगह-जगह कोच की ट्रेनिंग देकर बच्चों को आत्मनिर्भर बनाया जाता है वहीं आजकल का समाज में बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना बहुत जरूरी है जो की सिल्वर शाइन स्कूल के मुख्य कोच कृष्ण रावत ने बताया कि पूरे भारत उत्तराखंड,पंजाब, जम्मू -कश्मीर, हरियाणा, राजस्थान अलग-अलग राज्यों से खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं।साथ ही बॉलीवुड के मशहूर कलाकार एहसान खान एवं बॉलीवुड डायरेक्टर राजुल आलम भी इस टूनामेंट में आ रहे हैं ' सिल्वर शाइन स्कूल के मैनेजर प्रियदर्शन वशिष्ठ जी ने बताया कि यहां पर सभी खिलाड़ियों के लिए ब्रेकफास्ट व लंच की पूरी व्यवस्था की गई है।वहीं सिल्वर शाइन स्कूल की सह-निर्देशिका मनाली वशिष्ट जी ने बताया कि आज के समय में सभी विद्यार्थियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत होना बहुत आवश्यक है इसके लिए कराटे एक अच्छा विकल्प है इससे सभी लड़कियां अपनी आत्मरक्षा कर सकती हैं।
उन्होंने बताया कराटे, जुजुत्सु एवं संबो स्पोर्ट्स करने से विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स कोटे में लाभ मिलेगा 'उन्होंने बताया इस टूनार्मेंट से सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों के मन में प्रसन्नता है।इस अवसर पर स्कूल की निर्देशिका डॉ मिथिलेश शर्मा , प्रधानाचार्य पूजा वर्मा, उप- प्रधानाचार्य अनुपमा वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की ।

# फ्लैट की वालकनी में रखे एक कूलर में लगी आग को पड़ोसियों की सूझबूझ से कुछ ही मिनटों में काबू पा लिया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** शिप्रा रिवेरा सोसायटी में बुधवार रात 11 बजे वी ब्लॉक की पहली मंजिल के फ्लैट की वालकनी में रखे एक कूलर में आग लग गई। पड़ोसियों की सूझबूझ से कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया गया। हादसे के वक्त कूलर बंद था। पड़ोसियों का कहना है कि फ्लैट की ऊपरी मंजिल से जलती हुई सिगरेट कूलर में लगी घास में आ लगी। इससे ही आग भड़क गई। इस वारे में फ्लैट के मालिक को कई वार मना भी किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पड़ोसियों के वीच आपसी समझौता कराकर मामला शांत किया। पीड़ित भूपेंद्र सिंह ने बताया कि उनके घर में कोई इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट नहीं हुआ। उनके घर के ऊपर वाले फ्लैट से जलती सिगरेट नीचे उनकी वालकनी में आ गिरी कूलर में आग लग गई। हम सभी वाल-वाल वच गए। पहले भी फ्लैट मालिक को फोन कर कई वार मना किया, लेकिन वह नहीं माने।
पीड़ित के पड़ोसी एचएस चौहान ने वताया कि दूसरी मंजिल से सिगरेट पीकर नीचे फेंक दी गई, जिससे वालकनी में रखे कूलर की घास ने आग पकड़ ली। कूलर के बगल में शू रैक में भी आग लग गई। लपटें देखकर पड़ोसियों ने चिल्लाना शुरू किया। अपने-अपने घरों से पाइप लगाकर पानी डाला। कुछ ने वाल्टी भरकर पानी फेंका तो आग 15 मिनट में ही पूरी तरह वुझ गई। घर में छोटे वच्चे भी हैं। वालकनी वंद होने के कारण घरवालों को पता नहीं चल पाया। पड़ोसियों के शोर से उन्हें पता चला। आरोप है कि ऊपरी मंजिल से सुलगती सिगरेट कूलर की घास में आ गिरी शिप्रा रिवेरा सोसायटी में हादसा ,इन बातों का रखें ख्याल बालकनी में ज्वलनशील पदार्थ जैसे कीटनाशक पदार्थ न रखें। कोई भी बिजली का सॉकेट ऑन न रखें। पेट्रोल, कैरोसिन,प्रिंटर, टोनर या इस प्रकार के कोई भी तेल या ज्वलनशील पदार्थ न रखें। भरे हुए गैस सिलिंडर तो भूल कर भी बालकनी में न रखें। लकड़ी, गत्ते या कबाड़ का सामान भी खुले में न रखें धूम्रपान करके सिगरेट यूं ही फेंक देना गलत' इस मामले में रेजिडेंट वेलफेयर असोसिएशन के अध्यक्ष शिशिर कानूनगो का कहना है कि कूलर में आग का कारण सिगरेट है या नहीं यह जांच का विषय है। लेकिन धूम्रपान करके नीचे फेंकना भी गलत है। वहीं कुछ निवासियों ने ऊपर की मंजिलों पर बालकनी में बड़े बड़े गमले भी रखे हैं। आंधी में खिड़कियां भी बंद नहीं करते, जिससे तेज हवा के चलते अक्सर शीशे टूटकर नीचे गिरते हैं। इसके लिए आरडब्ल्यूए समय-समय पर वॉट्सऐप ग्रुपों में सचेत करता रहता है।

# अमेजॉन स्टोर में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ स्वाहा

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद थाना कविनगर औद्योगिक क्षेत्र अमेजॉन लेगम रिटेल प्राइवेट लिमिटेड स्टोर में आग लग गई। सूचना पर फायर की की तीन गाड़ियों ने कडी मशक्कत अके बाद आगे पर काबू पाया। आग लगने से स्टोर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने शार्ट सर्किट होने से आग लगने की आशंका जताई है। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि गुरुवार दोपहर 2 बजे फायर स्टेशन सूचना मिली कि कविनगर औद्योगिक क्षेत्र में आग लग गई है। जब दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे तो औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट नंबर सी 152 में स्थित लेगौम रिटेल प्राइवेट लिमिटेड में आग लगी हुई थी। फायर स्टेशन से तीन दमकल गाड़ियां अग्निशमन कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचीं। यहां अमेजान कंपनी का सामान रखा जाता है। बच गई कई लोगों की जान दमकलकर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि जब आग लगी तो सभी लोग बाहर गए हुए थे। आग की वजह से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

# फोन करने वाले का नाम आएगा स्मार्टफोन स्क्रीन पर नाम कॉल करने वाले सावधान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।**अगर आपके स्मार्टफोन में किसी का नंबर सेव नहीं है। और आपके पास कोई अनजान नंबर से कॉल आती है।
तो आपके दिमाग में पहला सवाल यही आता है कि कॉल करने वाला कौन हो सकता है. अगर अक्सर आपके साथ ऐसा होता है तो परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने देशभर में टेलीकॉम कंपनियों को कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन लागू करने का आदेश दिया है, जिसके बाद अगर आपके फोन पर कोई अनजान व्यक्ति कॉल करेगा तो उसका नाम आपको अपने फोन की स्क्रीन पर दिखाई देगा.ट्राई ने देशभर में मौजूद सभी दूरसंचार कंपनियों को कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर रोलआउट करने का निर्देश दिया है. जिसके बाद देश में मौजूद मोबाइल सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों ने इसका ट्रायल शुरू कर दिया है. ट्राई के अनुसार, अगर ये ट्रायल सफल होता है तो कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर देशभर में लागू किया जाएगा।

# आखिर कौन है इस सिंडिकेट का मास्टरमाइंड उसके नाम से भी पर्दा जल्द उठाया जाएगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद के साहिबाबाद क्षेत्र स्थित डिवीजन चार राजेंद्र नगर बिजली घर अंतर्गत आने वाले कोयल एनक्लेव बिजली घर एक बार फिर सुर्खियों में है और यहां पर भ्रष्टाचार खत्म होना नामुमकिन सा नजर आता है चोर चोर मौसेरे भाई वाली कहावत भी बिल्कुल सटीक बैठती दिखाई दे रही है ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं कि अधिकारियों की कलम के नीचे से कागज हो जाता है पास और अधिकारियों को पता तक नहीं चलता और बाद में अपना पल्ला झाड़ते नजर आते हैं ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं की कोयल एनक्लेव बिजली घर क्षेत्र में लगातार फर्जी वाडे से बढवाए जा रहे हैं बड़े पैमाने पर फैक्ट्री के लोड विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने पर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ साइड में हो जाते हैं जिसके बाद ऐसा लगता है की पूर्व में तो अधिशासी अभियंता राजीव आर्य ने भ्रष्टाचारियों को बढ़ावा दे रखा था और अब फजीर्वाड़ा वह भ्रष्टाचार का खेल नए अधिशासी अभियंता मनोज कुमार तो नहीं खिला रहे ।
आखिर भ्रष्टाचारियों पर कब होगी कार्रवाई या ऐसे ही कोयल एनक्लेव बिजली घर बना रहेगा भ्रष्टाचार का अड्डा जल्द होगा पूरे मामले का खुलासा फजीर्वाड़ा करने वाले लोगों के नाम भी जल्द लाए जाएंगे प्रकाश में अगर भविष्य में हुआ कभी बड़ा फजीर्वाड़ा तो उसका जिम्मेवार आखिर कौन होगा।

**कोयल एनक्लेव बिजली घर एक बार फिर बना फर्जी वाडे का अड्डा फजीवाड़ा भी ऐसा कि आईना भी देख शमार्जाए अधिकारियों की कलम के नीचे से लोड का हो जाता है खेल और अधिकारियों को पता तक नहीं चलता**




**दिशा-निर्देश** प्रदेश में माफिया गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु मार्ग दर्शक सिद्धान्त के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिये गये है

# चरित्र प्रमाण पत्र सामान्यतः दो वर्ष के लिए मान्य, व्यक्ति अपराधिक गतिविधियों में पाए जाने पर जिला मजिस्ट्रेट कर सकते है चरित्र प्रमाण पत्र तत्काल प्रभाव से निरस्त: जिलाधिकारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** गाजियाबाद इन्द्र विक्रम सिंह जिला मजिस्ट्रेट कलेक्टर, गाजियाबाद शासनादेश संख्या 4435,6-पु०-14-06-50(07) 2006 दिनांक 02.11.2006,शासनादेश संख्या 87 यू०ओ०,6-पु०-14-07-185,07 दिनांक 12.12.2007, शासनादेश संख्या 1624,6-पु0-14- 2023-50(07)/ 2006 दिनांक 20.05.2013, शासनादेश संख्या 47,6-पु0-14-23-50(07), 2006 दिनांक 02.02.2023 एवं शासनादेश संख्या 99,6-पु0-14-23-50 (07) 2006 दिनांक 10.04.2023 के द्वारा प्रदेश में माफिया गतिविधियों पर रोक लगाने हेतु मार्ग दर्शक सिद्धान्त के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिये गये है।
शासनादेश संख्या 99,6-पु०-14-23-50(07) 2006 दिनांक 10.04.2023 के प्रस्तर संख्या 03 के बिन्दु संख्या 04 में निर्देश दिये गये है कि "चरित्र प्रमाण पत्र सामान्यतः दो वर्ष के लिए मान्य होगा। इस अवधि में यदि आवेदक किसी आपराधिक घटना में संलिप्त होता है अथवा प्रार्थी के विरूद्ध कोई अपराधिक मुकदमा दर्ज होगा या वह किसी संगठित अपराध में या माफिया गतिविधियों में या असामाजिक गतिविधियों में पकड़ा जाता है तो पुलिस विभाग का यह उत्तरदायित्व होगा कि इसकी सूचना वह जिला मजिस्ट्रेट, कलेक्टर तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को देगा और प्रमाण-पत्र तत्काल निरस्त किया जायेगा" ।नगर आयुक्त, गाजियाबाद नगर निगम ने अपने पत्रांक 16,न0आ0,2024-25 दिनांक 15.04.2024 के द्वारा अवगत कराया है कि गाजियाबाद नगर निगम व मैसर्स शिवशक्ति ड्रीम होम्स प्रा०लि० के मध्य ट्रैफिक सिग्नल के अनुरक्षण,संचालन हेतु बी०ओ०टी० (बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर) के आधार पर अनुबंध 06 वर्ष की अवधि के लिए दिनांक 23.05.2017 को किया गया था। उक्त कार्य के अनुबंध की समयावधि समाप्त होने पर भी उक्त फर्म द्वारा निरंतर ट्रैफिक सिग्नल का संचालन करते हुए यूनिपोल पर विज्ञापन प्रदर्शन का कार्य किया जाता रहा। मा० उच्च न्यायालय इलाहाबाद में विचाराधीन वाद सं० 9508/2024 रिट-सी मैसर्स शिव शक्ति ड्रीम होम्स प्रा०लि० बनाम उ०प्र० राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 20.03.2024 द्वारा उक्त अनुबंध की अवधि का विस्तारीकरण करने से इन्कार कर दिया गया है। मा० उच्च न्यायालय के उपरोक्त आदेश के क्रम में ट्रैफिक सिग्नल का कंट्रोल निगम को हस्तान्तरण किये जाने हेतु फर्म को दिनांक 06.04.2024 को निर्देशित किया गया। फर्म द्वारा ट्रैफिक सिग्नलों का कंट्रोल निगम को हस्तान्तरित नहीं किये जाने तथा मैसर्स शिवशक्ति ड्रीम होम्स प्रा०लि० द्वारा समस्त संचालित ट्रैफिक सिग्नलों के विद्युत कनेक्शन काटकर ट्रैफिक सिग्नलों को संचालित करने वाले कंट्रोलरों को चुरा लिया गया, जिसके परिणाम स्वरूप आम जनमानस को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गयी।उपरोक्त कृत्य पर मैसर्स शिवशक्ति ड्रीम होम्स प्रा०लि० एवं फर्म के पार्टनर हरीश शर्मा, सुश्री गुंजन शर्मा एवं कपिल मोहन गुप्ता तथा तरूण शर्मा के विरूद्ध सुश्री पल्लवी सिंह प्रभारी विज्ञापन गाजियाबाद नगर निगम की ओर से थाना सिहानी गेट में दिनांक 08.04.2024 एवं दिनांक [13:12, 5/3/2024] ऊॅल्ल त्रल्लॅ-ऊ्रूड डा. त्रेह्व: 10.04.2024 को मुकदमा अपराध संख्या 216 अन्तर्गत धारा 341, 420, 338, 186, 379 भादवि तथा सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 2 एवं 3 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी, जिसमें उल्लिखित किया गया है कि गाजियाबाद नगर निगम व मैसर्स शिवशक्ति ड्रीम होम्स प्रा०लि० फर्म के मध्य ट्रैफिक सिग्नल के अनुरक्षण , संचालन हेतु बी०ओ०टी० (बिल्ट ऑपरेट ट्रांसफर) के आधार पर अनुबंध 06 वर्ष की अवधि के लिये दिनांक 23.05.2017 को किया गया था। उक्त 06 वर्ष की अवधि समाप्त होने पर उक्त अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया गया तथा उक्त फर्म द्वारा निरन्तर ट्रैफिक सिग्नल का संचालन करते हुए यूनिपोल पर विज्ञापन प्रदर्शन का कार्य किया जाता रहा। फर्म की अनुबंध की समयावधि समाप्त होने पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु ट्रैफिक सिग्नल के हस्तांन्तरण के लिये नगर निगम द्वारा दिनांक 06.04.2024 को पत्र प्रेषित किया गया, किन्तु उक्त फर्म द्वारा नगर निगम को ट्रैफिक सिग्नलों का हस्तान्तरण न कर संचालित ट्रैफिक सिग्नलों के विद्युत कनैक्शन काट कर ट्रैफिक सिग्नलों को संचालित करने वाले कन्ट्रोलों को चुरा लिया गया, जिस कारण कुल स्थापित 58 ट्रैफिक सिग्नलों में से संचालित 52 ट्रैफिक सिग्नलों का संचालन पूर्ण रूप से ठप हो गया है। ट्रैफिक सिग्नलों के संचालन के आभाव में शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरीके से प्रभावित हो रही है, जिस कारण दुर्घटनाओं में वृद्धि व जन हानी होने की सम्भावना व्याप्त है ।



# एचपीडीए अवैध निर्माण करेगा सील,प्लाटिंग को करेगा ध्वस्त: वीसी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा जनपद की तीनों तहसील क्षेत्र में अवैध निर्माण व कालोनियों को ध्वस्त करने व सील करने को गत मई माह में अभियान चलाने जा रहा है। जिसे सफल बनाने के लिए जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा को पत्र सौंपकर पुलिस बल उपलब्ध कराने की मांग की है।

- जनपद की तीनों तहसील क्षेत्र में चलेगा अभियान
- सरकार को अवैध निर्माण होने से प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि
- अवैध कालोनियों से एचपीडीए व अधिकृत कालोनियों की बिक्री पर प्रभाव पड़ रहा है

आपको बता दें,कि जिले के शहरी क्षेत्र में भवन,गोदाम,दुकान फैक्ट्री आदि का निर्माण कराने के लिए हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण से नक्शा पास कराना होता है। इसकी जानकारी होने के बावजूद भी प्राधिकरण से लोग व्यवसायिक व आवासीय भवनों का नक्शा पास नहीं कराया जा रहा है।

जनपद के हापुड़ शहरी क्षेत्र में लोगों द्वारा एचपीडीए से बिना नक्शा स्वीकृत कराये अवैध निर्माण कराये जा रहे है। जिससे प्राधिकरण को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है। जनमानस द्वारा अवैध निमार्णो की शिकायत प्राधिकरण उपाध्यक्ष से की जा रही है। प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर अवैध निर्माण व प्लाटिंग को ध्वस्त भी कराया गया है।

एचपीडीए उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ आईएएस ने बताया कि जनपद अवैध निर्माण व प्लाटिंग करने वाले लोगों को नोटिस जारी किये गये थे,कि वह प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराकर निर्माण व प्लाटिंग करें। इसके बावजूद भी लोगों ने प्राधिकरण से नक्शा पास नहीं कराया। ऐसे अवैध निर्माण व कालोनी ध्वस्तीकरण व सील करने को मई माह में ध्वस्तीकरण व सीलिंग अभियान चलाने रहा है। जिसे शांतिपूर्ण चलाने के लिए पुलिस बल की आवश्यकता होगा। इसलिए जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा को पत्र सौंपकर पुलिस बल के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी व नामित मजिस्ट्रेट उपलब्ध कराने की मांग की है।

उन्होंने कहा कि जिले में अवैध कालोनियों में भूमि के रेट कम होने के कारण अधिकृत कालोनियों की बिक्री पर भी प्रभाव पड़ रहा है। जिले में काफी संख्या अवैध कालोनियों काटे जाने की भी शिकायतें मिल रही है।

**कब-कब चलेगा ध्वस्तीकरण व सीलिंग अभियान**

| तिथि | विकास क्षेत्र |
|---|---|
| 8 मई | पिलखुवा विकास क्षेत्र |
| 14 मई | कोतवाली एवं हाफिजपुर |
| 16 मई | कोतवाली एवं हाफिजपुर |
| 17 मई | गढ़मुक्तेश्वर विकास क्षेत्र |
| 22 मई | बाबूगढ़ विकास क्षेत्र |
| 24 मई | हापुड़ देहात क्षेत्र |
| 25 मई | बाबूगढ़ विकास क्षेत्र |
| 28 मई | सिंभावली विकास क्षेत्र |
| 29 मई | हापुड़ देहात क्षेत्र। |

# एचपीडीए का खौफ हुआ खत्म... प्राधिकरण क्षेत्र में मानकों के विपरीत लगने लगी इंडस्ट्रीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़- पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा 26 वर्ष बाद भी जनपद में इंडस्ट्रीज एरिया घोषित नहीं करने के बावजूद भी प्राधिकरण क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मानकों को तांक पर रखकर इंडस्ट्रीज लगाई जा रही है। जिसे योगी सरकार को प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है। इसके बावजूद भी प्राधिकरण द्वारा कोई ठोस कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है।

आपको बता दें,जनपद में जनपद में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की स्थापना वर्ष 1996 में हुई थी।

- एचपीडीए ने 28 वर्ष बाद भी जिले में इंडस्ट्रीज एरिया घोषित नहीं किया
- योगी सरकार को हो रही है,प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि
- प्राधिकरण की कार्यवाही से बचने को रात्रि में डाले जाने लगे लेंटर
- लोगों ने आदर्श आचार संहिता का उठाया भरपूर लाभ

28 वर्ष का कार्यकाल तय करने के बाद भी प्राधिकरण द्वारा जनपद में एक भी इंडस्ट्रीज एरिया घोषित नहीं किया गया है। इसके बावजूद भी जनमानस द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दिन रात इंडस्ट्रीज लगाई जा रही है। जिससे जनपद में कई स्थानों पर इंडस्ट्रीज क्षेत्र बनते जा रहे है। जनपद में मानकों के विपरीत इंडस्ट्रीज लगने से सरकार का प्रतिमाह लाखों के राजस्व की हानि हो रही है।

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण क्षेत्र में मानकों के विपरीत इंडस्ट्रीज लगाये जाने की जानकारी मिलने के बाद भी प्राधिकरण अधिकारियों को इंडस्ट्रीज के खिलाफ काई कार्यवाही अमल में नहीं ला रहे है। दिन रात इंडस्ट्रीज का निर्माण होते देख ऐसा लगने लगा है,कि जैसे प्राधिकरण की कार्यवाही का खौफ खत्म हो गया है।

**आदर्श आचार संहिता का उठाया लाभ**

लोकसभा चुनाव के चलते आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। चुनाव संपन्न कराने के लिए एचपीडीए के अधिकारियों की डयूटी भी लगाई गयी थी। जिसका जनता का भरपूर लाभ उठाया और मानक के विपरीत दिन रात निर्माण इंडस्ट्रीज का निर्माण कराकर उस पर पुताई और पेंट भी करा दिया,जिससे निर्माण कार्य पुराना लगे,और कार्यवाही से बचा जा सके।

**इन स्थानों पर लगने लगी इंडस्ट्रीज**

जनपद में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के क्षेत्र धीरखेड़ा,ततारपुर,उपैड़ा,छिजारसी टोल प्लाजा,मोदीनगर रोड बिजली घर के सामने,दिल्ली रोड पर सबली गेट के सामने,जरौठी मार्ग,श्यामपुर मार्ग पर दिन रात मानकों के विपरीत इंडस्ट्रीज लगाई जा रही है।

**प्राधिकरण का आशीर्वाद या लापरवाही**








एचपीडीए के विभिन्न क्षेत्रों में मानकों के विपरीत लगाई जा रही इंडस्ट्रीज के खिलाफ प्राधिकरण द्वारा कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही है। इसे क्या कहा जाये,प्राधिकरण की लापरवाही आशीवार्द?

**वीसी कहिन**

इस सम्बंध में हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा.नितिन गौड़ से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन किन्हीं कारणों से उनका फोन रिसीव नहीं हो सका।

# आईएमएस ने डिजिटल युग में स्थिरता, शासन और व्यवसाय पारिस्थितिकी तंत्र पर 15वें आईएमएसआईकॉन-2024 सम्मेलन की मेजबानी की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद।** आईएमएस ने 3 और 4 मई, 2024 को अपने प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, आईएमएस आईकॉन-2024 के 15वें संस्करण की मेजबानी की। इस वर्ष की थीम, "डिजिटल युग में स्थिरता, शासन और व्यवसाय पारिस्थितिकी तंत्र" ने वैश्विक शासन और पारिस्थितिकी तंत्र पर महत्वपूर्ण जोर देते हुए प्रौद्योगिकी और संधारणीय व्यवसाय प्रथाओं के महत्वपूर्ण अंतसंर्बंधों को संबोधित किया।दो दिवसीय सम्मेलन में कई अंतरराष्ट्रीय विद्वानों, कॉर्पोरेट नेताओं और प्रतिष्ठित शोधकताओं ने भाग लिया, जिसमें डिजिटल दुनिया में व्यवसाय के भविष्य को आकार देने पर केंद्रित विचारों और अग्रणी चचाओं का समृद्ध आदान-प्रदान हुआ।




## सुरक्षा व्यवस्था में नहीं होनी चाहिए कोई चूक : जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया हापुड़ में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद/ हापुड़। (आशा चौधरी)।** लोकसभा गाजियाबाद-12 के जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने गाजियाबाद-12 लोकसभा में आने वाले क्षेत्र धौलाना (आंशिक) जो की हापुड़ जनपद में पड़ता है, के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा से संबंधित सभी बंदोबस्त का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों से भी बातचीत की और उनके अधिकारियों से बात करते हुए कहा कि ईवीएम की सुरक्षा से संबंधित कोई भी चूक नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिला अधिकारी वि0/रा0 संदीप कुमार, उप जिला अधिकारी धौलाना सन्तोष कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार त्यागी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी से भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारी मिलें

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष चौ.पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में पदाधिकारी व किसान जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने मिले। उन्होंने जिलाधिकारी से समक्ष किसानों की विभिन्न समस्याएं समाधान हेतु रखीं।

**डीएम के समक्ष किसानों की विभिन्न समस्याएं समाधान हेतु रखीं**

जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के समक्ष भाकियू पदाधिकारियों ने सरसों के क्रय केन्द्र पर तोल को बढ़ाने,फसलों की सिंचाई करने के लिए नहर,रजवाहों व माइनरों में पानी पहुंचवाने, गंगा एक्सप्रेस-वे पर हिम्मतपुर में सर्विस रोड को हाइवे तक मिलाने, अमीरपुर नंगौला में तालाब की खुदाई में बरती गयी अनियमित्ता की जांच कराने, जांच में दोषी मिलने पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही कराने की मांग की। इस अवसर पर राजवीर सिंह भाटी,मोनू त्यागी,राधे लाल त्यागी, जगेश्वर त्यागी, वीरपाल सिंह, सचिन पंडित, लखन तोमर, कटार सिंह, अनिल हूण, मनोज तोमर,विनित त्यागी आदि मौजूद रहे।



**सम्मान**

## जिले की शिक्षा व्यवस्था बेहतर करने हेतु बनाई रणनीति

# शौर्य शक्ति फाउंडेशन ने 200 शिक्षकों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/सिंभावली।** शौर्य शक्ति फाउंडेशन के नेतृत्व में ऐतिहासिक शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें देश व हापुड़ जनपद के 200 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

**भारत ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस मेधावी बच्चों को स्कालरशिप देगा: आशुतोष**

कार्यक्रम में हापुड़ जिले की शिक्षा व्यवस्था,नई शिक्षा पॉलिसी, गुणात्मक शिक्षा जैसे विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जिले की शिक्षा व्यवस्था को कैसे और बेहतर किया जा सकता है इस विषय पर रणनीति बनाई गई।

शौर्य शक्ति फाउंडेशन के उपाध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने बताया सहयोगी संस्था के रूप में भारत ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस शौर्य शक्ति फाउंडेशन के साथ शामिल रहा और 3 मई को गुणात्मक शिक्षा विषय पर यह आयोजन हापुड़ जिले में आयोजित हुआ है। भारत ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस की टीम ने गुणात्मक शिक्षा विषय पर अपने विचार रखें और मेधावी बच्चों को स्कॉलरशिप देने का भी वादा किया

शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन करने का उद्देश्य जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करना है। हापुड़ जिले में आज शिक्षा व्यवस्था के नाम पर मजाक चल रहा है स्कूलों की हालत खस्ता है,और बच्चों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है,बच्चे मजबूर हैं और उनका जीवन बर्बाद किया जा रहा है। उनके साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शौर्य शक्ति फाउंडेशन इस प्रकार की व्यवस्था के खिलाफ है और आगे रणनीति बनाकर हापुड़ जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कार्य करेगी। मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम कोर्ट के वकील डॉक्टर शरद त्रिवेदी और विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले 200 शिक्षकों को शौर्य शक्ति फाउंडेशन ने सम्मानित किया। जिससे जिले में शिक्षा का सकारात्मक वातावरण बने और शिक्षक और मेहनत के साथ अपने क्षेत्र में योगदान दें। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह,आशुतोष शर्मा,अंकित भड़ाना,आकांक्षा शर्मा,प्रोफेसर धर्मेंद्र यादव,स्नेहा ऑस्कर विजेता,विक्रम कसाना, बिंदर कश्यप मनोज कुमार गौर, सहित 200 शिक्षक मौजूद रहे।




# 10 मई को धौलाना में धूमधाम से मनेगा श्री भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव समारोह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना (संजीव वशिष्ठ)।** युवा परशुराम भगवान कमेटी की बैठक भास्कर पंडित के आवास पर आयोजित की गई । बैठक मे निर्णय लिया गया 10 मई 2024 शुक्रवार को भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव कस्बा धौलाना के वशिष्ठ चौक पर बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा । सुबह 9 बजे से हवन यज्ञ सांस्कृतिक कार्यक्रम व अतिथि सम्मान । वही भण्डारा प्रसाद प्रभु की इच्छा तक चलेगा । कमेटी के भास्कर पंडित, मोहित शर्मा, आदित्य वशिष्ठ, अंश पंडित, गौरव शर्मा, अंकित पंडित,आदि ने बताया की समारोह में सर्व समाज के सभी सम्मानित व महानुभाव सादर आमंत्रित है । जिनका सम्मान किया जाएगा ।इस अवसर पर कमेटी के सभी युवा मौजूद रहे ।



## सम्पादकीय

# इंतजामों को अधिक सक्रिय करने की जरूरत



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक


हमारे देश के वनों में गमिंयों के दिनों में आग लगना एक लगातार सिलसिला है। अप्रैल का महीना शुरू हुआ कि आग से जंगल धधकने लगते हैं। जंगल की आग पर्यावरण की दृष्टि से तो खतरनाक है ही जनजीवन और बायोडायर्वसिटी की दृष्टि से भी हानिकारक है। ऐसे समय में जब जंगलों में आग लगती है तो देखा गया है कि उसकी तैयारी में सरकार विफल रही है।

देश के वनों में अप्रैल माह में आग की घटनाओं को देखें तो देश में हाल फिलहाल 361 जगह वनों में आग लगी हैं। इन घटनाओं की निगरानी को फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की साइट पर लांच बीटा संस्करण एसएनपीपी - वीआईआईआरएस का 10 अप्रैल, 2024 का भारत के वनों में लगी भीषण आग का मौजूद आंकड़ा बताता है कि सबसे अधिक आंध्र प्रदेश में 122, तेलंगाना में 55, छत्तीसगढ़ में 47, उत्तराखंड में 32, बिहार में 23, ओडिसा में 22, उत्तर प्रदेश में 17 सहित 21 राज्यों में 361 जगह आग लगी थी जो 13 अप्रैल को घट कर काबू होने के बाद 33 रह गई। 1अप्रैल को देश के वनों में 132 बड़ी आग लगी थी जो 10 अप्रैल को 361 जगह तक पहुंच गई है। अप्रैल माह में पिछले 7 दिनों का आंकड़ा देखें तो एक्टिव आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में छत्तीसगढ़ में 166, आंध्र प्रदेश में 248, मध्य प्रदेश में 207, ओडिसा में 146 और असम में 139 जगहों पर बड़ी आग लगी।

वहीं 1 नवम्बर, 2023 से 2024 में बड़ी आग की घटनाओं में टॉप फाइव राज्यों में आंध्र प्रदेश में 860, मध्य प्रदेश में 719, तेलंगाना 688, महाराष्ट्र में 547 और छत्तीसगढ़ में 527 बार आग लगी, जबकि वर्ष 2022-2023 में तो पूरे देश के वनों में 12562 आग की घटनाएं हुई। जंगल की आग से वनों का क्षरण तो होता ही है बहुमूल्य वन संपदा और कार्बन भी नष्ट हो जाते हैं। वनों का पारिस्थितिकी तंत्र भी प्रभावित होता है। यह देखा गया है फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार जंगल की आग को मॉनिटर करने के लिए भारत में 2004 से शुरू सेटेलाइट की रिमोट सेंसिंग मोडिस अर्थात मॉडरेट रेजोल्यूशन इमेजिंग स्पेक्ट्रो रेडियोमीटर सेंसर और 2017 से भारतीय सेटेलाइट से सम्पूर्ण भारत में एसएनपीपी-वीआईआईआरएस अर्थात सुओमी-नेशनल पोलर आर्बिटिंग पार्टनरशिप-विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर सूट के साथ जीआईएस टूल्स की मदद से वनों की आग को मॉनिटर किया जा रहा है। देश का कुल 32,87,469 वर्ग किलोमीटर भौगोलिक क्षेत्र है।

नवीनतम आईएसएफआर 2021 के अनुसार देश का कुल 7,13,789 वर्ग किलोमीटर वन आवरण है। जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.71 प्रतिशत है। वन सर्वे ऑफ इंडिया का अनुमान है कि देश में 36 प्रतिशत से अधिक वन क्षेत्र में बार-बार आग लगती रहती है। देश के करीब 4 प्रतिशत वन क्षेत्र में अधिक तो 6 प्रतिशत भाग में सबसे अधिक खतरा पाया गया है। ग्लोबल फॉरेस्ट वाच के अनुसार विश्व स्तर पर आग से वर्ष 2001 से 2022 के बीच 126 मिलियन हेक्टेयर वनों का नुकसान हुआ। इनमें वर्ष 2016 ऐसा वर्ष रहा जिसमें आग से सबसे अधिक 9.63 मिलियन हेक्टेयर वन आवरण का नुकसान हुआ। पिछले कुछ दशकों में आग की घटनाओं को देखें तो 2001 से 2022 के बीच भारत में आग की घटनाओं से 35.9 हेक्टेयर वृक्ष आवरण को नुकसान और 2.15 मेगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण का नुकसान अन्य कारणों से हुआ। इसमें भी 2008 में आग से सबसे अधिक कुल 3.5 प्रतिशत वृक्ष आवरण का नुकसान हुआ। अगर 12 अप्रैल 2021 से 8 अप्रैल 2024 के बीच आज की घटनाओं की बात की जाए तो 5,29,248 के माध्यम से बड़ी आज की घटनाएं रिपोर्ट की गई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में हर वर्ष करीब 7 करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र आग लगने की घटनाओं से प्रभावित होता है। इससे बड़े स्तर पर पर्यावरणीय और आर्थिक क्षति होती है। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच के अनुसार विश्व में सन 2010 में 3.92 गीगा हेक्टेयर वृक्ष आवरण था जो पृथ्वी के 30 प्रतिशत से अधिक भू-भाग में फैला हुआ था, लेकिन 2023 में विभिन्न कारणों से 28.3 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण कम हो गया। सन 2001 से 2023 तक वैश्विक स्तर पर 488 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष आवरण की हानि हुई जो 2000 के बाद से वृक्ष आवरण में 12 प्रतिशत की कमी के बराबर है, जबकि सन 2002 से 2023 के बीच कुल 76.3 मिलियन हेक्टेयर आद्र प्राथमिक वन कम हो गया।

# डिजिटल संदर्भों में भारतीय भाषाओं और प्रकारांतर से उनके मूल भाषा-भाषियों को जो नुकसान हो रहा है



विजय गर्ग

**अब भाषा का उपयोग सिर्फ घर-परिवार और समाज से संवाद के लिए नहीं, बल्कि मशीनों को निर्देश देने के लिए भी किया जा रहा है। इन सबमें निस्संदेह अंग्रेजी का वर्चस्व है, लेकिन अब बाजार अपने दूसरे चरण के विस्तार के रूप में अनेक भारतीय भाषाओं को जोड़ना शुरू कर चुकी है। दूसरी तरफ, भारत सरकार कृत्रिम मेधा आधारित भाषा संसाधन टूल 'भाषिनी' के माध्यम से भारतीय भाषाओं की डिजिटल क्षमता के विकास की योजना पर काम शुरू कर चुकी है। मगर आवश्यकता इस बात की है। कि इसकी गति और मात्रा दोनों बढ़ाई जाए, ताकि समय रहते अधिकतम भारतीय भाषाओं को कृत्रिम मेधा से जोड़ा जा सके।**

भाषा व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं में से एक है, वैसे ही जैसे रोटी, कपड़ा और मकान। व्यक्ति की पहली भाषा ही उसकी जातीय पहचान और उसकी आंतरिक क्षमता के विस्तार का सशक्त माध्यम होती है। इसलिए व्यक्ति की क्षमता का महत्तम उद्घोष उसकी मातृभाषा में होता है। जाहिर है कि भारत जैसे बहुभाषिक देश में अल्पसंख्यक भाषाओं के संकुचन को स्वीकार करना दरअसल लोगों की मौलिक क्षमता के विस्तार में व्यवधान उत्पन्न करने के समान और राष्ट्र की व्यापक क्षमता के विकास को रोकने जैसा है।

हालांकि, भारत में भाषाई अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक की बहस पुरानी है, लेकिन धरातल पर जो नीति बनी, वह सब अंग्रेजी और उसके इर्द-गिर्द घूमती रही। इसलिए नीति-निर्माण, अनुपालन की मानसिकता, शिक्षण, शोध और रोजगार जैसे क्षेत्रों में अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ता गया। भारतीय भाषाओं को द्वितीयक होना पड़ा है। इसका जो नुकसान सामान्य संदर्भों में हुआ, उनका मूल्यांकन होना बाकी ही था कि आज इन्हीं कारणों से डिजिटल संदर्भों में भारतीय भाषाओं और प्रकारांतर से उनके मूल भाषा-भाषियों को जो नुकसान हो रहा है, वह पहले से अधिक भयावह है।

अगर राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में देश की भाषाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाई गई होती, तो भारतीय भाषाएं अंग्रेजी के संघर्ष में एक बेहतर स्थिति में होतीं और आज कृत्रिम मेधा वाले दौर में उन पर आसन्न नए खतरे अपेक्षाकृत कम होते। ध्यान रहे कि हमारे संविधान निमार्ता इसको लेकर सजग थे और भाषाई अल्पसंख्यकों के हितों की सुरक्षा के लिए अनुच्छेद 29 (1) के माध्यम से भारत के किसी भी हिस्से में रहने वाले नागरिकों की अपनी विशिष्ट भाषा, लिपि या संस्कृति को संरक्षित करने का अधिकार, अनुच्छेद 29 (2) द्वारा राज्य निधि से सहायता प्राप्त करने वाले किसी भी शैक्षणिक संस्थान में प्रवेश पाने का अधिकार और अनुच्छेद 30 (1) के माध्यम से भाषा सहित सभी अल्पसंख्यकों को अपनी पसंद के शैक्षणिक संस्थान स्थापित और संचालित करने के अधिकार की व्यवस्था की गई थी। संयुक्त राष्ट्र घोषणा-पत्र के अनुच्छेद 1 (3) के माध्यम से भी आश्वासन दिया गया था कि वैश्विक मामलों में बिना किसी भाषाई भेदभाव के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता और सम्मान को बढ़ावा दिया जाएगा।

आज भारत की विशाल आबादी, उसमें स्मार्टफोन के प्रयोक्ताओं की वृहद संख्या, उनमें इंटरनेट की खपत और नागरिकों की सोशल मीडिया में सामग्री निर्माणकर्ता के रूप में उपस्थिति अभूतपूर्व और संख्या की दृष्टि से वैश्विक स्तर पर निर्णायक है, लेकिन इन सबके बावजूद भारतीय भाषाओं की डिजिटल क्षमता द्वितीयक है। इसलिए भी हमने भाषाओं को द्वितीयक बनाए रखने को अपनी प्राथमिकता में शामिल कर लिया है। इसीलिए वैश्विक आबादी में सर्वोच्च स्थान होने के बावजूद हमारी भाषाएं डिजिटल उत्पादों में उस मात्रा में नहीं दिखतीं। इंटरनेट सोसायटी फाउंडेशन के मई 2023 के एक आंकड़े के अनुसार वेब पृष्ठों के माध्यम के रूप अंग्रेजी पचपन फीसद वेबसाइटों की भाषा है, दूसरे स्थान पर स्पेनिश है, जो महज पांच फीसद है। इस सूची के शीर्ष दस भाषाओं में किसी भारतीय भाषा का कोई नामलेवा भी नहीं है।

बात यहीं समाप्त नहीं होती, क्योंकि इसी बुनियाद पर कृत्रिम मेधा में भाषाई सामर्थ्य विकसित होता है। यहां कृत्रिम मेधा की स्वीकृति की गति को समझना आवश्यक है। कृत्रिम मेधा टूल 'चैटजीपीटी' को अपने दस करोड़ ग्राहकों तक पहुंचने में केवल दो महीनों का समय लगा, जबकि इस संख्या तक पहुंच बनाने में दूसरे इंटरनेट उत्पाद, जैसे ट्विटर, को पांच साल और पांच महीने, फेसबुक को चार साल और छह महीने, वाट्सएप को तीन साल और छह महीने इंस्टाग्राम को दो साल और छह महीने, गूगल को एक साल दो महीने लगा और टिकटाक को नौ महीने लगे थे। गौरतलब है कि इस गति में भारतीय भाषाएं तो द्वितीयक हैं, लेकिन संख्या बल में सर्वाधिक होने के कारण भारतीय उपभोक्ता प्राथमिक हैं, जिनको अपनी भाषाओं से परे अंग्रेजी की प्राथमिकता को स्वीकार करना पड़ रहा है। ऐसे में, हमारी स्थिति बिना किसी मेहनताना के मजदूर जैसी है।

इस वैश्विक प्रतिस्पर्धा में जब हमारे संविधान की आठवीं अनुसूची की भाषाएं नहीं हैं, तो अल्पसंख्यक भाषाओं की स्थिति क्या होगी, इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। ऐसे में, इनसे उभरने वाले बाजार में भी उनके प्राथमिक होने के उम्मीद प्रायः नहीं करनी चाहिए, जब तक कि सरकार द्वारा व्यक्तिगत डिजिटल डाटा के मुक्त दोहन प्रक्रिया पर प्रभावी हस्तक्षेप न करे। दिलचस्प है कि भारतीय उपभोक्ताओं की डिजिटल गतिविधियों से ही कृत्रिम मेधा की कंपनियों ने अपनी क्षमता बढ़ाई है और अब जब उत्पाद बन गए, तो उनके ग्राहक भी यही भारतीय बन रहे हैं। कई कंपनियां तो कृत्रिम मेधा के आधार पर बने अपने उत्पाद बेचना शुरू भी कर चुकी हैं।

इसका दूसरा पक्ष यह है कि उपलब्ध डिजिटल सुविधाओं की स्वाभाविक भाषा अंग्रेजी होने के कारण देश में आम आदमी, जो सिर्फ अपनी भाषा जानता है, उनके शोषण की संभावना और बढ़ रही है। जैसे, देश में 'यूपीआइ के माध्यम से पैसे का लेन-देन एक क्रांति की तरह है और इसका सुदूर ग्रामीण बाजारों में भी चलन हो गया है। दूसरी तरफ, जन-धन योजना के तहत एक बहुत बड़े ऐसे तबके को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा गया है, जो इससे पहले शायद ही कभी बैंक गए हों। इन लोगों के लिए 'यूपीआइ' और स्मार्टफोन दोनों का उपयोग नई बात है। ऐसे में मोबाइल प्रचालन प्रणाली में अंग्रेजी के वर्चस्व और अल्पसंख्यक भाषाओं की अनुपस्थिति भी साइबर अपराध के विस्तार में एक कारक बन रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2022 में साइबर अपराध के 65,893 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 की तुलना में 24.4 फीसद अधिक है। इनमें से अधिकांश मामले अनलाइन खरीदारी, एटीएम और ओटीपी आधारित बैंकिंग धोखाधड़ी के मामले हैं। इस तरह भारतीय भाषाओं की डिजिटल अनुपस्थिति ने शातिर अपराधियों के हौसले और बढ़ाए हैं।

अब भाषा का उपयोग सिर्फ घर-परिवार और समाज से संवाद के लिए नहीं, बल्कि मशीनों को निर्देश देने के लिए भी किया जा रहा है। इन सबमें निस्संदेह अंग्रेजी का वर्चस्व है, लेकिन अब बाजार अपने दूसरे चरण के विस्तार के रूप में अनेक भारतीय भाषाओं को जोड़ना शुरू कर चुकी है। दूसरी तरफ, भारत सरकार कृत्रिम मेधा आधारित भाषा संसाधन टूल 'भाषिनी' के माध्यम से भारतीय भाषाओं की डिजिटल क्षमता के विकास की योजना पर काम शुरू कर चुकी है। मगर आवश्यकता इस बात की है। कि इसकी गति और मात्रा दोनों बढ़ाई जाए, ताकि समय रहते अधिकतम भारतीय भाषाओं को कृत्रिम मेधा से जोड़ा जा सके। साथ ही लोगों को जागरूक किया जा सके, अन्यथा देश की हजारों भाषाओं का असमय अवसान हो जाएगा। साथ ही, उनकी सांस्कृतिक थाती, देश की विविधता के अनेक रंग और सबसे महत्त्वपूर्ण, किसी व्यक्ति का अपनी भाषा में डिजिटल जीवन का अधिकार भी हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा।

## आई गर्मी

गर्मी तो हद पार कर गई,
अरे ! अरे ! आ गई है मई,
तापमान जा रहा है 50 के पार,
सबको चढ़ रहा है गर्मी से बुखार ।
दोपहर में बारह से चार,
आवा जाही बंद करो यार,
प्याज को साथ में रखो भाई,
लू चलती हवाओं ने नानी याद दिलाई ।
चपरासी हो या वी.आई.पी. कोई ब्राइट,
गर्मी ने सबकी हवा कर दी टाइट,
श्री मती जी का ब्रांडेड मेकअप धुल जाता,
चेहरे का रंग उडा.उड़ा नजर आता ।
चेहरे पर देखो झुर्रियां दे रही दिखाई,
बालों पर लगा रखी है गार्नियर वाली डाई ,
बिजली का बिल भी बढ़ रहा,
ठंडे पानी से मन बहल रहा ।
आइसक्रीम, छत्ते खाने की ऋतु आई,
खरबूजा, तरबूज, सौंफ,सत्तू का शर्बत, ठंडाई,
खीरा बन गया है देखो हीरा,
भाता नींबू पानी,आम पन्ना और जलजीरा ।
ध्यान रहे शरीर में पानी की कमी ना होवे,
काम सबको है करना आंखों में नमी न होवे,
सर्दी है प्यारी तो गर्मी से क्यों कर रहे हो लड़ाई,
हर मौसम की अपनी खूबसूरती और बडाई ।
मौसम के अनुरूप करो खान-पान,
गर्मियों में तुम रखो बच्चों का विशेष ध्यान,
बारिश के पलों को करते रहो याद,
मन रहे हमेशा खुशियों से आबाद ।
कोल्ड ड्रिंक से बनाए रखो दूरी,
मटके का अमृत पानी पीना है जरूरी,
ताजे फलों के जूस में है मिठास,
मट्ठा, छाछ पीयो भर-भर गिलास ।
गाते रहो प्यार के सुहाने गीत,
"आनंद" है हर तरफ बरसे मधुर प्रीत,
प्याऊ लगाओ पशु-पक्षियों को दो दाना पानी,
जीवन है परिवर्तनशील सुख दुःख की "आनंद"कहानी।

मोनिका डागा "आनंद"
, चेन्नई, तमिलनाडु



**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**


## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक,मार्गदर्शक रहे हैं



संजीव ठाकुर

विचार और सिद्धांत व्यक्ति के अंदर की अतः प्रज्ञा होती है। और यह सिद्धांत तथा अंतः विचारधारा जनमानस तक पहुंचने से बाधित किया जाए अंतरात्मा को प्रभावित करती है और इसके गहरे प्रभाव से व्यक्ति वह सब कर सकता है जो बिना मार्गदर्शन के व्यक्ति नहीं कर सकता। प्राचीन काल से अब तक वैचारिक सिद्धांत और विचारधारा सदैव समाज के दिग्दर्शक मार्गदर्शक रहे हैं। इनकी भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है।यदि यही सिद्धांत और अंतःप्रज्ञा जनमानस आत्मसात कर लेता है, तो इसका प्रभाव एक जन आंदोलन का रूप ले लेता है और यहीं से युग परिवर्तन की लहर प्रस्फुटित होती है। प्राचीन यूनान में एक बहुत ही कुरूप किंतु विद्वान व्यक्ति सुकरात हुआ करते थे,उनके विचारों में मौलिकता,नयापन जनजागृति की अद्भुत क्षमता थी। उनकी विद्वता के कारण आम जनमानस होने राजा से ज्यादा महत्व और बुद्धिमान मानते थे। राजकीय तानाशाही के चलते उनके विचारों के कारण उनको मृत्युदंड दे दिया गया। जहर का प्याला पीने के बाद भी विद्वान, चिंतक, सुकरात अमर हो गए, उनकी विचारधारा आज भी जीवित है, एवं लोग उसे अपनाकर अपना जीवन सुधारने में इसका उपयोग करते हैं। अब्राहम लिंकन ने अमेरिकी स्वतंत्रता के बाद दास प्रथा के बारे में कहा था कि दास भी मनुष्य हैं, उन्हें भी उतना ही जीने का अधिकार है जितना स्वामी को है। अब्राहम लिंकन के आंदोलनकारी विचार से तत्कालीन समय में अमेरिका के लोग घबरा गए थे,और उनकी हत्या कर दी गई थी। पर अब्राहम लिंकन के विचारों ने दास प्रथा के उन्मूलन की अंतर आत्मा को जागृत कर दिया था, और जनमानस ने अपने अधिकारों के लिए लड़ते हुए दास प्रथा से मुक्ति पाई थी। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि हम जो सोचते हैं वही बन जाते हैं। विचार एवं सिद्धांत ही व्यक्ति का निर्माण करता है। वही दुष्ट होने या महान होने का निर्णायक है। और बिना विचारों सिद्धांतों के व्यक्त व्यक्ति का अस्तित्व ही नहीं । विवेकानंद जी के विचार सर्व कालीन प्रासंगिक है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवित रहते हुए थे। आज हमारे बीच विवेकानंद जी स शरीर मौजूद नहीं है, पर उनके विचारों की महत्ता कायम है।भौतिक शरीर के नष्ट हो जाने से और भौतिक विचार तथा सिद्धांत उतनी ही तीव्रता रखते हैं, वेग रखते हैं, जो एक समाज में परिवर्तन ला सकती है ।विचारों की यह अमरता तथा तीव्रता किसी भी तानाशाह के लिए इतनी खतरनाक है, जितनी की सुप्त शेर की गुफा में रहना। जनता के मध्य शुद्ध विचारधारा के जागृत होने पर क्रांति लाई जा सकती है। फिर चाहे वह फ्रांस के वर्साय के महल का विध्वंस हो अथवा भारत की स्वतंत्रता हेतु वृहद आंदोलन हो। व्यक्ति या व्यक्तियों के दबाव को दबाने के बाद विचारों की पीड़िता ने जनसामान्य को एक गरजते हुए सिंह में तब्दील कर दिया था। यह शाश्वत सत्य है कि व्यक्ति को जरूर आप दबा सकते हैं,पर विचारधारा सिद्धांत अजर अमर होते हैं,और वही युग निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाते हैं। विचारों के संदर्भ में कहा जाता है कि एक व्यक्ति का विचार तब तक उस व्यक्ति के पास है, जब तक वह अकेला है किंतु जैसे ही विचारधारा एवं सिद्धांत का प्रचार प्रसार होता है, तो वह व्यक्ति अकेला ना रह कर उस जैसे हजारों लाखों लोग उसके साथ हो जाते हैं। तब वह अकेला नहीं रह जाता। वह अपने विचारों के माध्यम से जन सामान्य को प्रभावित कर लोगों को उस लड़ाई में शामिल कर लेता है, जिस लड़ाई के वह कभी अकेले नहीं लड़ सकता था। विचारों सिद्धांतों की तीव्रता आवेश तथा सघनता किसी भी क्रांतिकारी लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़ा साधक हो सकता है। विचार व सिद्धांत एक से दूसरे व्यक्ति तक स्थानांतरित होते रहते हैं। जिसमें विचारों को सघनता प्राप्त होती है।

## शनिवार का राशिफल

**मेष** – कार्य की गति मंद होगी, सरकारी परीक्षा देने में विघ्न आ सकता है, होटल, ट्रैवल, कस्टम, विभाग में है तो अच्छे अवसर मिलेंगे। भाग्य प्रतिशत-59

**वृषभ** – बाहरी लोगों से लाभ होगा, नाक में समस्या, ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है, व्यवसायिक उन्नति होगी, संतान की उन्नति होगी।
भाग्य लेख-80

**मिथुन** – शारीरिक कमजोरी रहेगी, कैंटीन,कागज, स्कूल, ड्रेस व्यवसाय में उन्नति करेंगे, विवाह संबन्धी फैसले लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-57

**कर्क** – पैतृक संपत्ति के मामले परेशान करेंगे, कार्य, व्यवसाय का चलना मुश्किल होगा, गलत कार्य की ओर रुझान बढ़ेगा, केस में फंस सकते है।
भाग्य प्रतिशत-46

**सिंह** – वैवाहिक संबंधो में विच्छेद की नौबत सम्भव है, सोच समझकर फैसले ले,कंसल्टेंसी कार्य लाभ देगा, किसी कार्य में पेनल्टी का ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-50

**कन्या** – नौकरी के लिए बाहर जाएंगे, कानूनी कार्यवाही परेशान कर सकती है, विदेश में वीजा के लिये प्रयास करेंगे '
भाग्य प्रतिशत-58

**तुला** – खर्च पर नियंत्रण करना होगा, किसी यूनिट मे काम मिलेगा, रत्न ,रेस्टोरेंट, ज्वेलरी, गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग व्यवसाय चलेगा।
भाग्य प्रतिशत- 66

**वृश्चिक** – वैवाहिक संबंधों में सुधार होगा, तनाव कम होगा, वाद विवाद में विजय मिलेगी, परीक्षा में सफलता मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-82

**धनु** – आय में वृद्धि होगी, प्रेक्टिकल सोच रहेगी, कोचिंग इंस्टीट्यूट, धार्मिक दुकान चलेगी, किसी से फायदा लेने में सफल होंगे। भाग्य प्रतिशत-84

**मकर** – मानसिक तनाव कम होगा, धार्मिक कार्य से फायदा होगा, कपड़ा, आयुर्वेदिक दवाई, डेरी, मिठाई, फल कार्य चलेगा, संतान लाभ सम्भव है। भाग्य प्रतिशत- 65

**कुंभ** – पार्टनरशिप में वर्चस्व रखेंगे, मुकदमा जीत सकते है,नए कार्य के निवेश में ध्यान रखें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-64

**मीन** – मन शांत रहेगा, धार्मिकता का लाभ मिलेगा, नेटवर्किंग बढेगी, ऑफिस में मैनेजमेन्ट अच्छे से करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-70



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# तीस हजार करोड़ सालाना का है नशे का काला कारोबार !



मनोज कुमार अग्रवाल

देश के लिए नशीले ड्रग्स का बढ़ता अवैध कारोबार आतंकवाद से भी बड़ी चुनौती है। दरअसल यह देश के दुश्मनों का आतंकवाद के लिए धन जुटाने और युवाओं को ड्रग्स के जाल में फंसा कर बिना सीधे युद्ध के बबार्दी की ओर धकेलने का छद्म युद्ध है जिसे पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश अंजाम दे रहे हैं आप को जानकर हैरानी होगी कि गुजरात-राजस्थान में दो अलग अलग छापेमारी सिर्फ दो दिन के भीतर में 1000 करोड़ की ड्रग्स बरामद की गई है। इन में गुजरात और राजस्थान के कई जिलों में 3 महीने से अधिक समय तक चले एक ऑपरेशन में,करीब तीन सौ करोड़ का ड्रग्स बरामद किया गया है इस नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों के साथ-साथ चोरी छिपे चल रही फैक्ट्री प्रयोगशालाओं के स्थानों की पहचान करने के लिए गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी की गई। नशे की दुनिया में इस ड्रग्स को ड्रोन, एम-कैट, व्हाइट मैजिक, "म्याऊं म्याऊं" और बबल भी कहते हैं.वहीं दूसरी सफलता गुजरात के समुद्री तट पर एटीएस और एनसीबी की संयुक्त कार्रवाई में 86 किलो ड्रग्स बरामद कर 14 पाकिस्तानी तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस ड्रग्स की कीमत भी करीब छह सौ करोड़ रुपए की बतायी गयी है। इस तरह दो दिन के भीतर करीब 1000 करोड़ के नशीले सामान पकड़ लिए गए।

आपको बता दें कि हाल ही में दो दिन पहले एटीएस गुजरात पुलिस के साथ एनसीबी की संयुक्त कार्रवाई में नशीले पदार्थ बनाने वाली कई लैब्स का भंडाफोड़ हुआ है. मेफेड्रोन ड्रग्स बनाने वाली गुजरात और राजस्थान में 3 हाईटेक लैब्स से करीब 300 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद हुई है. अब तक 7 लोग गिरफ्तार किए गए हैं और इसके मास्टरमाइंड की पहचान हो गई है। एनसीबी के मुताबिक, एटीएस गुजरात पुलिस को गुजरात और राजस्थान में गुपचुप तरीके से मेफेड्रोन बनाने वाली लैब्स के बारे पता चला. इन लैब्स का भंडाफोड़ करने के लिए एटीएस गुजरात पुलिस और एनसीबी मुख्यालय ऑपरेशंस यूनिट की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। 3 महीने से अधिक समय तक चले एक ऑपरेशन में, इस नेटवर्क में शामिल व्यक्तियों के साथ-साथ गुप्त प्रयोगशालाओं के स्थानों की पहचान करने के लिए गहन तकनीकी और जमीनी निगरानी की गई। नशे की दुनिया में इस ड्रग्स को ड्रोन, एम-कैट, व्हाइट मैजिक, "म्याऊं म्याऊं" और बबल भी कहते हैं।

मिली जानकारी के अनुसार इसी 27 अप्रैल को करीब 4 बजे एटीएस गुजरात पुलिस और एनसीबी की संयुक्त टीमों द्वारा राजस्थान के जालोर जिले के भीनमाल, ओसियां पर एक साथ छापेमारी की गई. जोधपुर जिला राजस्थान और गांधीनगर जिला गुजरात में कुल 149 किलोग्राम मेफेड्रोन (पाउडर और तरल रूप में), 50 किलोग्राम एफेड्रिन और 200 लीटर एसीटोन की बरामदगी हुई और अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गांधीनगर में पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर अमरेली (गुजरात) में एक और जगह की पहचान की गई है, जहां छापेमारी जारी है और अधिक ड्रग्स बरामदगी की उम्मीद है। एनसीबी के डिप्टी डायरेक्टर ऑपरेशंस ज्ञानेश्वर सिंह के मुताबिक इस नेटवर्क के सरगना की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. मेफेड्रोन, जिसे 4-मिथाइलमेथकैथिनोन, 4-एमएमसी और 4-मिथाइलफेड्रोन के रूप में भी जाना जाता है, एम्फैटेमिन और कैथिनोन ग्रुप की एक सिंथेटिक उत्तेजक ड्रग है.नशे की दुनिया में इसे ड्रोन, एम-कैट, व्हाइट मैजिक, "म्याऊं म्याऊं" और बबल भी कहते हैं।

उधर गुजरात तट से आतंकवाद विरोधी दस्ते और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने जॉइंट ऑपरेशन के जरिए 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया है. बाजार में इसकी कीमत करीब 602 करोड़ रुपए आंकी गई है. एटीएस और एनसीबी ने संयुक्त कार्रवाई कर 14 पाकिस्तानी नागरिकों को भी अरेस्ट किया है. बता दें कि ये ऑपरेशन पिछले 2 दिन से चल रहा था।ऑपरेशन के दौरान गिरफ्तारी से बचने की कोशिश में पाकिस्तानी नागरिकों ने एटीएस अधिकारियों पर अपनी नाव चढ़ाने की कोशिश की और पुलिस को जवाबी कार्रवाई में फायरिंग करनी पड़ी. इसके बाद संदिग्धों को पकड़ लिया गया. सुरक्षा एजेंसियां पिछले दो दिनों से अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा के पास भारतीय जल सीमा के भीतर तलाशी अभियान चला रही थीं।

रिपोर्ट्स के अनुसार इंडियन कोस्ट गार्ड ने समुद्र में खुफिया जानकारी के आधार पर मादक द्रव्य विरोधी अभियान चलाया. जिसमें पाकिस्तानी नाव के 14 चालक दल के साथ 602 करोड़ रुपये मूल्य का लगभग 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया गया. इंडियन कोस्ट गार्ड ने आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के सहयोग से एक सफल ऑपरेशन चलाया. ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए भारतीय तटरक्षक जहाजों और विमानों को मिशन पर तैनात किया गया था. एनसीबी और एटीएस अधिकारियों को ले जा रहे आईसीजी ने जहाज राजरतन ने संदिग्ध नाव की पहचान की. ड्रग्स से लदी नाव के चालकों ने भागने की कोशिश की, लेकिन तटरक्षक जहाज राजरतन ने इसे नाकाम कर दिया. एटीएस और भारतीय कोस्ट गार्ड की सजगता के कारण पिछले तीन वर्षों में ऐसे 11 सफल ऑपरेशन हुए हैं।

सरकारी एजेंसियों का कहना है कि भारत में नशीले ड्रग्स का कारोबार तकरीबन 30 हजार करोड रुपए का है। सरकारी एजेंसीयां यह मानकर चलती हैं कि जितनी हीरोइन वह पकड़ पा रही हैं, वह देश में घूम रहे कुल हीरोइन का महज 10 फीसदी होगा। इस आधार पर उनका आकलन है कि 3 हजार करोड रुपए की हीरोइन की जब्ती का मतलब है कि 30 हजार करोड रुपए का अवैध कारोबार भारत में चल रहा है। सरकारी एजेंसियों के मुताबिक यह धंधा इतना अधिक मुनाफे वाला है कि लोग मरने मारने के लिए तैयार रहते हैं। भारत पाकिस्तान के बॉर्डर के आसपास हीरोइन की तस्करी होती है। भारत नेपाल के बॉर्डर के आसपास गांजा की तस्करी होती। म्यानमार और पूर्वोत्तर भारत की सीमाओं पर भी कई तरह के नशीले पदार्थों की जमकर तस्करी होती है।नशे के कारोबार को स्थानीय बेरोजगार युवाओं के जरिए देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों और हास्टल के करीब विस्तार कर होनहार युवाओं को नशे के जाल में फंसा कर बर्बाद करने की बड़ी साजिश चल रही है सरकार अभी इस साजिश से निबटने के लिए कोई खास ड्रिल मैनेज नहीं कर सकीं है। भ्रष्टाचार भी नशे के अवैध कारोबार में बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। दावा है कि पंजाब के बाद काश्मीर उड़ रहा है आतंकवाद से बाहर आ रहे काश्मीर को इन दिनों नशीले पदार्थ की खेप भेज कर नशे में डुबोने का खेल चल रहा है। देश में कुछ विदेशी ताकतों द्वारा नशीले पदार्थों की बड़ी खेप भेज कर एक छिपा कोल्ड वार किया जा रहा है। पाकिस्तान इस षडयंत्र का बड़ा खिलाडी है। पाकिस्तान के सीमांत भारतीय प्रदेशों में नशीले पदार्थ की तस्करी कर पैसा कमाने और उस पैसे का देश में आतंकवाद फैलाने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। हाल ही में ड्रोन के जरिए भी पंजाब और कश्मीर में हथियार और नशीले पदार्थ की खेप भेजने की अनेक वारदातों का खुलासा किया गया है। भारत सरकार को गंभीरता से कुछ सख्त फैसले लेकर नशे के कारोबार की रीड़ को तोड़ना होगा तभी नशे और आतंकवाद के सिंडिकेट को खत्म कर आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सकता है।

# विदाई महोत्सव का किया आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती




कॉलेज ऑफ साइंस के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष प्रतिकुलपति डॉ अभय शंकरगोड़ा,डीन साइंस कॉलेज डॉ महावीर सिंह, डीन लॉ कॉलेज डॉ वैभव गोयल भारतीय, विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन डॉ शशिराज तेवतिया द्वारा दीप प्रज्वलन करके हुआ।विदाई पार्टी में कुलपति डॉ जी के थपलियाल एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में तीन विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से मि फेयरवेल तथा मिस फेयरवेल का खिताब क्रमशः मुकुल शर्मा तथा अलमाश सैफी ने जीता। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को डीन साइंस, विभागाध्यक्ष कंप्यूटर एप्लीकेशन, संस्कृति विभाग साइंस कॉलेज, तथा अन्य शिक्षकों द्वारा इनके खिताब से नवाजा गया तथा विभागाध्यक्ष द्वारा दो अन्य पुरूस्कार,, मिस मानसी तथा मि मुकुल को, उत्तम छात्र की श्रेणी के लिए दिए।अंत में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बीसीए प्रथम वर्ष तथा द्वितीय वर्ष के छात्रों के साथ सभी शिक्षकों का बहुत बड़ा योगदान रहा।

# रेत से भरे ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध पालिका ने खोला मोर्चा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**कांधला।** नवनिर्मित बाईपास मार्ग पर गुजर रहे रेत से भरे ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग करते हुए पालिका अध्यक्ष ने जिला अधिकारी को पत्र भेजकर वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। कस्बे का बाईपास मार्ग काफी दिनों से जर्जर हो गया था,पालिका परिषद ने लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर बाईपास मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की थी। लोक निर्माण विभाग ने जर्जर बाईपास मार्ग पर लाखों की लागत से सड़क निर्माण कराया है। कैराना क्षेत्र से रेत से भरकर आने वाले ओवरलोड वाहनों से नवनिर्मित बाईपास मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहा है।मामले का संज्ञान लेते हुए पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम ने कई सभासदों के साथ मिलकर जिलाधिकारी रविंद्र सिंह को पत्र भेज कर अवरलोड वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है। पालिका अध्यक्ष ने अपने पत्र में लिखा है कि रेत के वाहनों से कस्बे में बड़ा हादसा हो सकता है, और रेत से भरे ओवरलोड वाहन सड़क से गुजरकर क्षतिग्रस्त कर रहे हैं। पालिका अध्यक्ष ने वाहनों पर रोक लगाने के साथ उनके चालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर सभासद जावेद खान, सभासद मोहिद राज, सभासद गौरव सैनी, सभासद पति अनिल बोहरा, सभासद वकील मलिक, सहित आदि कई लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद ने ठेकेदारों को फटकार लगाकर किया नोटिस जारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांधला।** कांधला गंगेरू मार्ग पर स्थित पालिका प्रशासन की भूमि पर बने डंपिंग ग्राउंड पर चल रहे वेट प्रोसेसिंग यूनिट टीपीडी का कार्य पूरा न होने पर लोगों में रोष व्याप्त है। मामले में पालिका प्रशासन ने द्वारा दोबारा संज्ञान लेकर ठेकेदार को 30 दिन की अवधि में कार्य

- पहले नोटिस का दिया गया समय पूरा न होने पर क्यों नहीं की पालिका प्रशासन ने कार्रवाई
- तीन माह में होने वाले निर्माण कार्य को लग गया एक वर्ष फिर भी नहीं है पालिका प्रशासन सख्त

पूरा करने के लिये नोटिस जारी किया हैं। साथ हीं चेतावनी दी हैं समय अवधि पर कार्य पूर्ण नहीं होता है तो ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने के बाद टेंडर निरस्त कर दिया जायेगा।

नगर पालिका प्रशासन की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वेट वेस्ट प्रोसेसिंग के अंतर्गत गंगेरू रोड पर पालिका की भूमि पर टीपीडी निर्माण हेतु अगस्त माह 2023 में 37-37 लाख रूपए की लागत से तीन टेंडर छोड़कर कार्यदेश जारी किया गया था। जिसकी समय अवधि तीन माह थी,



लेकिन करीब एक वर्ष पूरा होने के बाद भी वहां कार्य अधर में लटके रहने से लोगों में रोष व्याप्त है।कार्य की शुरूआत में ही मानक के अनुरूप निर्माण कार्य न होने के कारण सभासद येशु सैनी, अनिल बोरा, मोहिद, जावेद आदि ने चेयरमैन नजमुल इस्लाम के साथ वहां पहुंचकर जांच पड़ताल की, जिसमें मानक अनुसार कार्य न होना पाए जाने पर पालिका प्रशासन की ओर से ठेकेदार इसराना पत्नी वकील व दूसरे ठेकेदार संजीव शर्मा को नोटिस जारी कर मानक अनुरूप व गुणवत्ता से कार्य किए जाने का 16 जनवरी को नोटिस जारी किया गया था। पालिका प्रशासन की ओर से इसमें कार्य पूर्ण करने के लिए एक माह का समय दिया गया था, लेकिन नोटिस के बाद करीब चार माह बीत जाने के बावजूद भी कार्य पूर्ण न होने के कारण कस्बे के लोगों में रोष व्याप्त है। कस्बे वासियों वाजिद, साजिद, सुलेमान, दीपक शर्मा, उमेद आदि कई लोगों ने पालिका अध्यक्ष से मिलकर मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**क्या कहते हैं पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम**

कार्य मानक अनुरूप व गुणवत्ता से न होने के कारण पूर्व में भी ठेकेदार को नोटिस जारी किया गया था। ठेकेदार इसे अनदेखा कर रहे हैं। जिसके चलते पालिका प्रशासन ने पूर्व में जारी नोटिस को अनदेखा करने व कार्य धीमी गति सें होने पर दोबारा नोटिस जारी कर एक माह का समय दिया गया है।

**-क्या कहते हैं अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार**

इन्होंने कहा कि लगातार इस कार्य को लेकर कस्बे वासियों की शिकायतें मिल रही हैं। जिस पर पालिका प्रशासन बेहद गंभीर है। दोनों ठेकेदारों को दोबारा नोटिस जारी किया गया है। अगर वह दिए गए समय में कार्य पूरा नहीं करते हैं तो दोनों को ब्लैकलिस्टेड कर टेंडर निरस्त किया जाएगा।

**खादी के आगे नतमस्तक है पालिका प्रशासन**

कस्बे के गंगेरू रोड पर स्थित डंपिंग ग्राउंड में बनने वाले टीपीडी प्लांट का ठेका पालिका प्रशासन के द्वारा मलकपुर की पूर्व प्रधान इसराना पत्नी वकील जंग के नाम छोड़ गया है। पूर्व प्रधान इसराना के पति वकील जंग भी गांव के प्रधान रह चुके हैं। पूर्व वकील जंग राजनीति में अच्छा रसूक रखते हैं, और भारतीय जनता पार्टी के एक कद्दावर नेता के खास माने जाते हैं। यही कारण है कि पालिका प्रशासन पूर्व प्रधान वकील जंग की पत्नी ठेकेदार इसराना के नाम नोटिस जारी कर खानापूर्ति कर रहा है। खादी के सामने पालिका प्रशासन नतमस्तक नजर आ रहा है।

**दो माह पहले भी कस्बे के लोगों ने की थी शिकायत**

कस्बे के कई लोगों ने दो माह पूर्व भी पालिका प्रशासन को डंपिंग ग्राउंड में बनने वाले टीपीडी प्लांट में घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन खादी के आगे पालिका प्रशासन ने शिकायत पर पहुंचकर जांच करना उचित नहीं समझा, और ठेकेदार पूर्व प्रधान इसराना को नोटिस जारी कर खाना पूर्ति कर दी।

**पिछले चार माह से बंद पड़ा है निर्माण कार्य**

पिछले काफी दिनों से नगरपालिका में ठेकेदारों के बीच कूड़े हटाए जाने को लेकर विवाद की स्थिति रही आपसी समझौते के बीच कार्य शुरू हुआ था लेकिन पिछले 4 माह से फिर दोबारा यहां पर कार्य बंद पड़ा है कस्बे वासियों का कहना है कि कूड़े को हटाए बिना ही उसी पर भराव का कार्य करके निर्माण किया जा रहा है जो अब तक पूरा नहीं है आने वाले समय में नींव की मजबूती न होने के चलते बिल्डिंग को खतरा बना रहेगा इस तरह से निर्माण कार्य घोर लापरवाही का संकेत है

# डॉ.इन्द्रजीत सिंह पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** भोपाल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जीवन कौशल शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान हेतु सुभारती विश्वविद्यालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. इन्द्रजीत सिंह को पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।पीएचडी की मानद उपाधि मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जैन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ के कुलपति डॉ. इंदु भूषण मिश्रा ने डॉ.इन्द्रजीत सिंह को प्रदान कर सम्मानित किया।

डॉ. इन्द्रजीत सिंह स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के रूप में कार्यरत है। इसके साथ ही भारत सरकार के स्वास्थ्य और युवा मामलों के मंत्रालय के तहत राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा और खेल मामलों के संस्थान से जीवन कौशल शिक्षा में सलाहकार के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर रहे है।



पीएचडी की मानद उपाधि मिलने पर डॉ.इन्द्रजीत सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि जीवन को सरल एवं सहज बनाना ही जीवन कौशल शिक्षा है। उन्होंने कहा कि अनुकूली तथा सकारात्मक व्यवहार की योग्यताएँ मानव को दैनिक जीवन की माँगों और चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए सक्षम बनाती हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं को जागरूक करने के लिए इसी दिशा में आने वाले समय में युवाओं से संबंधित सफलता हेतु मुख्य मुद्दे उनकी रोजगार क्षमता बढाने के लिये जीवन कौशल को बढ़ाया जा रहा है। प्रभावी संचार कौशल के साथ उनकी प्रतिस्पर्धा अनुकूलता हेतु कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही वास्तविक जीवन की स्थितियों को प्रभावी ढंग से संभालने के साथ उनकी समस्या सुलझाने और मुकाबला करने के लिए ज्ञानवर्धक करना और विशेष रूप से विश्वास निर्माण उनके पारस्परिक संबंध कौशल के लिए काम किये जा रहे है। उक्त सभी बिन्दुओं के तहत युवाओं का वह मार्गदर्शन कर रहे है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें बधाई दी गई।

# कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मेजर ध्यानचंद शारीरिक शिक्षा विभाग ने ओपन कबड्डी प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) 2024 का आयोजन मेजर जनरल मोहन सिंह खेल मैदान मे किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों जैसे एम.आई.टी मेरठ, विद्या नॉलेज पार्क, मिलेनियम पब्लिक स्कूल, एन.ए.एस. कॉलेज मेरठ, सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ, लॉयड टाइगर, यूपी योद्धा, मेरठ कबड्डी अकैडमी, विजेंद्र कबड्डी अकैडमी, केशव गाजियाबाद, सर्वोदय इंटर कॉलेज बागपत, 12 बटालियन जाट रेजीमेंट, ए.पी.एस. अरनावली,ए.एस. अकादमी आदि टीमों ने भाग लिया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ मंजू अधिकारी एवं सहसंयोजक संजीत प्रसाद के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रोफेसर डॉ संदीप चौधरी संकाय अध्यक्ष शिक्षा विभाग के द्वारा मुख्य अतिथि कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल, प्रतिकुलपति डॉ. अभय शंकरगौड़ा, समस्त कॉलेजों के संकाय अध्यक्ष, समस्त आचार्य, छात्रों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ जी के थपलियाल के द्वारा कबड्डी के



खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया एवं शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ जी.के. थपलियाल द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। उन्होंने शिक्षा संकाय अध्यक्ष एवं शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ संदीप चौधरी एवं उनकी संपूर्ण आयोजक टीम को सफल पूर्वक टूनार्मेंट आयोजित करने की शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक एवं कार्यवाहक ने विभिन्न भूमिकाओं में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यूपी योद्धा, द्वितीय स्थान बी.के. अकादमी एवं संयुक्त रूप से तृतीय स्थान एन.ए.एस कॉलेज एवं 12 बटालियन जाट रेजीमेंट ने प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 4001 रुपए की धनराशि, प्रमाण पत्र एवं मेडल, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 3001 रुपए की धनराशि, प्रमाण पत्र एवं मेडल एवं संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2001 रुपए की पुरस्कार राशि, प्रमाण पत्र एवं मेडल भेंट किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ मनोज कुमार, सनोज, पुलकित चौधरी एवं विकास चौधरी के द्वारा निभाई गई। इस प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक डॉ मंजू अधिकारी, डॉ प्रवीण शेहरावत, डॉ दीपक राघव, डॉ अतुल तिवारी, डॉ सलीम जावेद, डॉ. तुषार आर्लेकर, डॉ. अंकित सिंह जादौन, शुभम राठी, कपिल शाक्य ने भी महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

# अनुज सिवाच के इलेक्ट्रिक साइकिल का एक ऐसा मॉडल तैयार किया गया है जो चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलती है

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मेरठ।** ग्रामीण भारत के लिए मोदी सरकार द्वारा संचालित अनेक स्व सहायता समूह से प्रेरणा लेकर रोहटा विकास खंड के ग्राम कलीना के युवक अनुज सिवाच के इलेक्ट्रिक साइकिल का एक ऐसा मॉडल तैयार किया गया है जो चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलती है और एक बार चार्जिंग करने पर लगभग साठ किलोमीटर तक यात्रा की जा सकती है भाजपा के वरिष्ठ नेता दयाल त्यागी जी को जब यह संदेश प्राप्त हुआ तो उन्होंने अपने ग्राम बनवारीपुर में अनुज को आमंत्रित किया और इलेक्ट्रिक साइकिल का प्रदर्शन गांव में करवाया और सरकार से मांग की ग्रामीण प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए आगे उन्नति पथ पर अग्रसर करे।

# हनुमान सनातन धर्म ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित

**कांधला।** मन्दिर महादेव मारूफ शिवाला धर्मार्थ (रजिस्टर्ड) द्वारा स्वः शरद कौशिक की स्मृति में पूर्व में आयोजित प्रभु हनुमान सनातन धर्म ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें देश भर से प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया. प्रतियोगिता में स्वः शरद कौशिक की जयंती पर प्रतियोगिता के परिणाम ट्रस्ट द्वारा घोषित किए गए, जिनमे सही उत्तर देने पर कैराना जिला न्यायालय में अधिवक्ता एडवोकेट दुर्गेश को सांत्वना पुरस्कार, एडवोकेट आशीष कुमार को उपविजेता एवं सबसे सही उत्तर देने पर कैराना जिला न्यायालय में अधिवक्ता संदीप पंवार एडवोकेट एवं हैदराबाद (तेलंगाना) की दुर्गेश नन्दिनी को विजेता घोषित किया गया। प्रतिभागियों को सनातन धर्म की मयार्दा के अनुरूप पुरूस्कार श्री राम चरित मानस, हनुमान चालीसा, मन्दिर की आधिकारिक पत्रिका



शिवस्य प्रसाद, प्रमाण पत्र इत्यादि ट्रस्ट द्वारा प्रेषित किए जाने के साथ साथ ट्रस्ट की अध्यक्ष शालिनी कौशिक एडवोकेट एवं महासचिव डॉ शिखा कौशिक द्वारा सभी प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई।

# विश्व अस्थमा दिवस पर वैंकटेश्वरा के विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आधा दर्जन गाँवों में एक साथ निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय सेवाओं को गाँव-गाँव पहुचाने के मिशन चलो गाँव की ओर से शुक्रवार को विश्व अस्थमा दिवस पर वैंकटेश्वरा समूह के विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल की ओर से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ एवं मुरादाबाद मण्डल के आधा दर्जन गाँवों में एक निःशुल्क वृहद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये गये, जिसमे एक हजार से अधिक मरीजों की बिल्कुल मुफ्त पा रहा हैं। वैंकटेश्वरा का विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल रोजाना अपने यहा आने वाले हजारों मरीजों को सस्ती/ निःशुल्क विश्वस्तरीय चिकित्सकीय एवं स्वास्थ्य सेवाएँ देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।इससे पहले आज मेरठ एवं मुरादाबाद मण्डल में अलग-अलग जगह आयोजित स्वास्थ्य शिविरोंह्व का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी,मुख्य चिकित्सा अधीक्षक



निःशुल्क मेडिकल जांच एवं उपचार कर उन्हें दवाइयाँ वितरित की गयी।

इसके साथ ही गंभीर रूप से दमा रोग, श्वांस रोग टी.बी. एवं फेफड़ों के संक्रमण से जूझ रहे एक दर्जन से अधिक मरीजों को उच्चस्तरीय उपचार के लिए संस्थान की एम्बुलेंस वैन से विम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

इस अवसर पर समूह चेयरमैन डा. सुधीर गिरि ने कहा कि आज आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य योजनाओं से गरीब आदमी भी लाखों रुपए का उपचार

डा. आई.बी. राजू, हॉस्पिटल मार्केटिंग निदेशक एम.ए. चौधरी आदि ने फीता काटकर किया ।

इस अवसर पर चिकित्सकों की टीम में डा. ईकराम ईलाही, डा. मानिक त्यागी, डा. शिवम अग्रवाल,डा. रोहन त्यागी,डा. रवि मोहन, डा. मोनिका देशवाल,डा. शाहिद मीर,डा. प्राची त्यागी, डा. वारिस बिलाल, डा. जसकरन सिंह,डा. हेमन्त, डा. मोनिका, डा. कोमल, डा. मनीषा, डा. अनुकृति, नर्सिंग सहायक बिलाल खान, सीमा चौहान, मोहित,ज्योति और अनुज आदि लोग शामिल रहे।

**आयोजन** — छात्रों को इंटरनेट पर तकनीकी तकनीकें सिखाई और समझाया कि इंटरनेट पर कैसे सुरक्षित रहें

# शोभित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में साइबर सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीपुरम।** शोभित विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विभाग में साइबर सुरक्षा पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों में इंटरनेट पर डिजिटल गोपनीयता की क्षमता विकसित करना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता, उद्योग विशेषज्ञ आशु अग्रवाल, साइबर सुरक्षा विश्लेषक,एचसीएल टेक, नोएडा ने छात्रों को इंटरनेट पर तकनीकी तकनीकें सिखाईं और समझाया कि इंटरनेट पर कैसे सुरक्षित रहें, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फि शिंग से खुद को कैसे बचाएं।वायरस और व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया ऐप्स की हैकिंग। छात्रों ने वास्तविक जीवन के उदाहरण सीखे और अपनी डिजिटल सुरक्षा के बारे में अधिक जागरूक हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जयानंद ने छात्रों को साइबर सुरक्षा सीखने और अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया क्योंकि इस युग में एक तकनीकी व्यक्ति होना बहुत महत्वपूर्ण है और हमारे विश्वविद्यालय के सभी छात्रों को इसके बारे में पता होना चाहिए।इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के डीन डॉ. वी.के. त्यागी सर ने इस डिजिटल पीढ़ी में तकनीकी रूप से फिट रहने के लिए प्रेरित किया जितना हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हैं, हमें अपने डिजिटल कल्याण को भी उतना ही महत्व देना चाहिए, हमें किसी के प्रति जागरूक रहना चाहिए। तरह-तरह की डिजिटल धोखाधड़ी और हमें यह जानना चाहिए कि हम उनसे खुद को कैसे बचा सकते हैं और दूसरों को



कैसे बचा सकते हैं।साथ ही इंजीनियरिंग विभाग के निर्देशिका डॉ.प्रोफेसर निधि त्यागी ने कहा कि छात्रों को अपने कौशल को बढ़ाने और आज के समय के साथ सक्षम होने के लिए प्रौद्योगिकी से संबंधित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए। कार्यशाला को सभी विद्यार्थियों ने खूब सराहा। कार्यशाला में विभाग के सभी शिक्षक उपस्थित थे। डॉ. ममता बंसल, प्रो. विजय माहेश्वरी प्रो. अविनव पाठक प्रो. राजेश पांडे, प्रो. राजीव कुमार, प्रो. विनीत विश्नोई प्रो. सुरभि सरोहा एवं प्रो. निमरा मिर्जा , प्रो. शिखा चौधरी और हिमानी चौधरी आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला को सफल बनाने में एम एस अभिषेक एवं आयुषी गोयल एवं अन्य विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा।

# स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता को लेकर दिलाई गई शपथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**चंदौसी।** शुक्रवार को नगर के बहजोई रोड स्थित स्वामी विवेकानंद लॉ कॉलेज चंदौसी में स्वीप कार्यक्रम के अंतरगत 1090 महिल्ला हेल्पलाइन डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर संगीता भार्गव द्वारा दूसरा मत दान जागरूकता पर शपत दिलाई गई। बच्चों से 9 से 12 तक के बच्चों को ज़िम्मेदारी दी गई कि वह अपनी लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर बिना किसी भेद भाव के अपनी निर्वाचन अधिकारो का प्रयोग अपने घर के प्रतिएक सदस्य से कर बायें जो 18 वर्ष की आयु पूरा कर चुका हो । छात्रों से अनुरोध किया गया की वो अपने अभिभावको को समझाएँ की वो स्वतंत्र निष्पक्ष ओर शांति पूर्ण रखते हुए धर्म वर्ग जाति समुदाय भाषा अथवा किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपनी ज़िम्मेदारी को निभाते हुए एक अच्छा नागरिक बनने एक अच्छा उधारन सभी के समक्ष पेश करें संगीता भार्गव द्वारा कहा गया की हम एक लोकतांत्रिक देश में रह रहे है जहाँ की सरकार हमारे द्वारा निर्वाचित की जाती है जो हमारे लिए सदेव काम करती है अतः सही सरकार चुनना हमारा प्रथम कर्तव्य है कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचर्य नरेंद्र बिंद्रा, विनीत शर्मा, विमलेश कुमारी, अनुज शर्मा, केडी शर्मा, प्रमोद आदि का सहयोग रहा।

## प्रथम का शेषः- चुनाव के समय कांग्रेस के...

मर रही है। यहां की जनता 1 किलो गेहूं और आटे के लिए टूट पड़ती है। वहीं भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। यह मोदी की गारंटी है। सीएम योगी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की भट्टी है। उसने इस भट्टी को सुलगाया है और आज वही इसमें जल रहा है। वहीं पाकिस्तान कांग्रेस के लोगों की तारीफ कर रहा है। पुलवामा में जवानों की शहादत पर खुशी मनाने वाले राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं। साथ ही राहुल गांधी को समर्थन देने की बात कह रहे हैं। ऐसे में आपको सतर्क रहने की जरूरत है। सीएम योगी ने मोदी सरकार के लिए लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की ताकि देश को विकसित भारत बनाया जा सके।

कार्यक्रम में प्रदेश सरकार में मंत्री कुंवर बृजेश सिंह, विधायक फरीदपुर प्रो. श्याम बिहारी लाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. हरीश सिंह डिल्लो, बीजेपी के जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, कलस्टर प्रभारी एवं पूर्व मंत्री सुरेश राणा आदि उपस्थित थे।

# नौ दिवसीय भागवत कथा का हुआ समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी** । शुक्रवार को नगर के सीधा रोड स्थित श्री गीता सत्संग भवन में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के नवम (विश्राम) दिवस पर कथा व्यास पूजनीय वीरेश अग्निहोत्री रामायणी महाराज ने भगवान श्रीराम की पंचवटी धाम की लीलाओं का वर्णन किया। जयंत द्वारा माता सीता पर आक्रमण का प्रयास करने और श्रीराम द्वारा जयंत को दंडित करने का प्रसंग बहुत ही सुंदर भाव से श्रवण कराया। प्रभु श्रीराम संतों को दर्शन देते हुए गोदावरी के किनारे पंचवटी में निवास करते है। सूर्पनखा श्रीराम के रूप पर मोहित होकर उनसे विवाह का प्रस्ताव रखती है तब लक्ष्मण द्वारा सूर्पनखा की नाक काटना, खर दूषण का बध, सीता की खोज करते हुए किष्किंधा के ऋष्यमूक पर्वत पर भक्त वत्सल श्री हनुमान द्वारा सुग्रीव से प्रभु श्रीराम की मित्रता, बाली वध आदि प्रसंगों का बहुत ही सुंदर वर्णन किया। व्यास पीठ पर विराजमान रामायणी महाराज ने सुंदरकांड के विभिन्न प्रसंगों का बहुत ही सारभूत और अद्भुत वर्णन श्रोताओं को श्रवण कराया। प्रभु श्रीराम द्वारा राक्षस राज रावण का वध करने के पश्चात पुष्पक विमान पर बैठकर अयोध्या पहुंचना और वहां प्रभु श्रीराम के भव्य राज्याभिषेक का वृतांत सुनाते हुए कथा को विश्राम दिया। कथा के विश्राम दिवस पर कथा के यजमान वीरेंद्र कुमार सर्राफ एवं मंजू लता अग्रवाल द्वारा सभी श्रोताओं का एवं व्यवस्था में सहयोग देने के लिए विपिन चीनी, ओम प्रकाश गोगी, प्रदीप जी वर्तन वाले, डा0 जयशंकर दुबे, राकेश सर्राफ आदि का विशेष आभार व्यक्त किया। राकेश, संजय, अवधेश, मुकेश परिधान, संजीव अग्रवाल, आदि आज की व्यवस्था मे सहयोगी रहे।





# पत्नी को उसके मायके जाने के लिए ट्रेन में बैठाकर नीचे उतरते समय ट्रेन की चपेट में आकर पति की मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**असमोली (मोनू सिंह)।** गुरुवार दोपहर बाद पत्नी को उसके मायके बिहार जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में बैठाने पहुंचे पति की देर रात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसकी परिवार होने से परिवार में कोहराम मच गया।

असमोली थाना क्षेत्र के गांव ओबरी निवासी अब्दुल रब पुत्र अब्दुल हसन 40 गांव गांव फेरी लगा कर फल फ्रूट बेचकर अपने परिवार का पालन पोषण करता था । परिजनों ने बताया कि गुरुवार को दोपहर बाद करीब दो बजे अब्दुल रब अपनी पत्नी जहाना और दो महा के बैटे मोहम्मद अरहम व उसके ससुर अब्दुल गनी को बिहार राज्य के ज़िला कटियार में उसके मायके जाने के लिए मुरादाबाद रेलवे स्टेशन गया हुआ था। देर रात करीब एक बजे अब्दुल रब अपनी पत्नी जहाना, बेटे मोहम्मद अरहम और ससुर अब्दुल गनी को ख्वाजा गरीब नवाज ट्रेन में बैठाकर चलती ट्रेन से नीचे उतर रहा था। इस दौरान उसका पैर फिसलने से वह ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ट्रेन में बैठी उसकी पत्नी और ससुर ने घटना की जानकारी 1.30 बजें फोन कर परिजनों को दी तथा रामपुर स्टेशन पर उतर कर और वापस मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर पहुंचे । उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

# पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**चंदौसी।** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल के निर्देशन में जनपद संभल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चंदौसी मु0 अ0 सं0 207/ 2024 धारा 354 भादवि व 7/ 8 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त जावेद पुत्र लियाकत निवासी मौ० सीकरी गेट थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को उ0नि0 श्री सचिन भाटी द्वारा मय पुलिस टीम के सिपाहीलाल पैट्रोल पम्प के पास कब्रिस्तान के गेट के सामने चन्दौसी से गिरफ्तार किया गया।

# सम्भल में पहुंचे योगी आदित्यनाथ चुनावी जनसभा को किया सम्बोधित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**सम्भल/बहजोई ( दिनेश सक्सेना)।** केला देवी धाम में जनसभा को संबोधित किया वही सभा के आरम्भ में उत्तर प्रदेश के मुख्य मन्त्री योगी आदित्यनाथ तथा मध्य प्रदेश के मुख्य मन्त्री मोहन यादव ने मां केला देवी के दर्शन किये और बाद में मंच पर बीजेपी के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने सर्व प्रथम गदा देकरके सम्मानित किया वही मंचाशीन मोहन यादव ने सच्चा यदुवंशी वही है धर्म का कार्य करें वही योगी जी ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि अगले 2000 वर्ष के बाद कल्कि अवतार होने का ऐलान किया और प्रधानमंत्री को चमत्कारिक व्यत्व के व्यक्ति हैं *पाकिस्तान को हमारे देश बारे कुछ करने से पहले पहुंत सोचना पड़ता है वही बिपक्ष को अनाड़ी और माफिया कह करके सम्बोधित करते हुए कि राहुल गांधी हारेगा तो इटली भागेगा जिनको भारत का सम्मान नहीं उनको भारत में रहने का अधिकार नहीं है।

# योगी विजय देवनाथ महाराज ने अखिलेश यादव को दिया आशीर्वाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**आंवला (सददाम खान)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को योगी विजय देवनाथ महाराज ने दिया आशीर्वाद कल आंवला लोकसभा के देवचरा बाजार में अखिलेश यादव एक विशाल जनसभा को संबोधित करने आए थे जनसभा को संबोधित करने से पहले स्टेट के पास बने VIP रूम में आंवला लोकसभा से प्रत्याशी नीरज मौर्य ने अखिलेश यादव से योगी विजय देवनाथ महाराज जी की मुलाकात कराई मुलाकात के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने योगी बाबा से 8 मिनट तक बातचीत भी हुई बाबा ने अखिलेश से कहा धर्मेंद्र कश्यप के खिलाफ बोलने वाला पहला व्यक्ति में ही हो अब इसको हरा कर ही चैन की सांस लूंगा इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप भी साथ रहे।



# राम मंदिर भी बन गया,माफिया और गुंडों का राम नाम सत्य भी हो गया,जो बचे हैं उनका भी नंबर आएगाः सीएम योगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बदायूं** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बदायूं लोकसभा क्षेत्र के गुन्नौर में जनसभा को संबोधित किया और सपा व कांग्रेस के गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये जो गठबंधन है, इसका सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि भारत के हितों को कैसे ठेस पहुंचाई जाए। सपा और कांग्रेस के गठबंधन को दिया जाने वाला वोट ऐसे ही जैसे किसी अनाड़ी के हाथ में ट्रैक्टर पकड़ा दिया जाए।

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बदायूं लोकसभा क्षेत्र में की जनसभा, बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में अधिक से अधिक मतदान की अपील**
- **सीएम योगी ने कहा- कांग्रेस और सपा के गठबंधन का सिर्फ एक ही उद्देश्य है कि भारत के हितों को कैसे ठेस पहुंचाई जाए**
- **समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन को दिया जाने वाला वोट किसी अनाड़ी के हाथ में ट्रैक्टर पकड़ाने जैसाः सीएम योगी**

उन्होंने कहा कि ये जो दो लड़कों की जोड़ी बनी है, ये जिंदगी भर लड़के ही बने रहेंगे। इसके साथ ही, सीएम योगी ने राम मंदिर का जिक्र करते हुए कहा कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भगवान राम विराजमान हो गए हैं तो प्रदेश से माफिया और गुंडों का भी राम नाम सत्य हो गया है, जो बाकी बचे हैं धीरे-धीरे उनका भी राम नाम सत्य हो जाएगा। जनसभा के दौरान सीएम योगी ने मतदाताओं से क्षेत्रीय प्रभारी एवं लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के लिए भारी संख्या में मतदान की भी अपील की।

**वोट के लिए कोई भी पाप कर सकते हैं सपा और कांग्रेस**

अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस और सपा का जो ये गठबंधन है यह देश के अंदर अलग-अलग लोगों से मिलकर चुनाव लड़ रहा है। उनका कोई उद्देश्य नहीं है। न ही देश के हित में, न विकास के लिए, न लोक कल्याण के लिए, न सुरक्षा के लिए। उनका एक ही उद्देश्य है कि भारत के हितों को कैसे ठेस पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का सैफई परिवार आता था तो कहता था कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता और आज भगवान श्रीराम 500 वर्षों के बाद विराजमान हो गए। कांग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं और आज कहते हैं कि राम तो सबके हैं। ये दोहरा चरित्र है इनका। ये वोट के लिए कोई भी पाप कर सकते हैं। सीएम योगी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण हो या काशी विश्वनाथ धाम, केला देवी मंदिर का धाम हो या विंध्यवासिनी का धाम, ये काम केवल बीजेपी कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम वृंदावन बिहारी लाल के भक्त हैं और उन्होंने कहा था परित्राणाय साधु नाम विनाशाय च दुष्क्रिताम...अर्थात सज्जन लोगों का हम संरक्षण करेंगे और दुर्जन लोगों को उनके सही ठिकाने पर भेजने का काम करेंगे। आज यही हो रहा है। अब उत्तर प्रदेश में दंगे भी नहीं होते, कर्फ्यू भी नहीं लगता। दंगे करने वाले गले में तख्ती टांग के फिर रहे हैं और कह रहे हैं कि एक बार जान बख्श दो।

**सपा को परिवार के अलावा दूसरा यादव नहीं दिखता**

सीएम योगी ने सपा और कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि ये आपको सुरक्षा नहीं दे सकते, विकास नहीं दे सकते, नौजवानों को रोजगार नहीं दे सकते, आपकी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते। आज ये कह रहे हैं कि पिछड़ी जातियों को मिलने वाले आरक्षण का हिस्सा काटकर मुसलमानों को दे देंगे। मोदी जी ने आश्वासन दिया है कि पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों के हक पर किसी को डकैती डालने की छूट नहीं दी जाएगी और अगर कोई डकैती डालेगा तो भाजपा डटकर सामना करेगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी के परिवारवाद पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगों को परिवार के अलावा कोई और नहीं मिल रहा। इतनी बड़ी आबादी में से इन्हें दूसरा कोई यादव मिला ही नहीं। वहीं भाजपा ने अपने एक सामान्य कार्यकर्ता को आपके बीच प्रत्याशी बनाकर भेजा है। उन्हें जिताना आपकी जिम्मेदारी है और आपके विकास और सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी, आपके सम्मान और आपकी आस्था के सम्मान की जिम्मेदारी हमारी।






इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष (पश्चिमी क्षेत्र) सत्येंद्र सिसोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सैनी,सांसद संघमित्रा मौर्य, पूर्व मंत्री सुरेश राणा, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिलाध्यक्ष संभल हरेंद्र सिंह चौधरी, पूर्व विधायक पुष्पा यादव, पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार राजू,विधायक महेश गुप्ता और राजीव गुप्ता उपस्थित रहे।

**सीएम योगी ने यूपी को पूरे देश में बनाया नजीरः मोहन यादव**

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी बदायूं लोकसभा क्षेत्र में सीएम योगी के साथ जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोहन यादव ने सीएम योगी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश को पूरे देश में एक नजीर की तरह पेश किया है। आज कोई भी गुंडा सोचता है कि कहीं भी गुंडागर्दी कर लो, लेकिन उत्तर प्रदेश में गुंडई की तो योगी जी छोड़ने वाले नहीं हैं। योगी जी ने कानून व्यवस्था का जो प्रदेश में अनुपालन सुनिश्चित किया है वो एक उदाहरण है। उन्होंने भगवान राम का भव्य मंदिर और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सीएम योगी का आभार जताया और साथ ही कहा कि अब तो योगी जी मथुरा की भी बात कर रहे हैं। निश्चित रूप से हर सनातनी उनका आभारी रहेगा।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने मे पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** थानान्तर्गत एक गांव से ईंट के भट्टे से बिहार प्रांत के मजदूर की बेटी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने का मामला प्रकाश मे आया है । मजदूर ने लड़की को बहला-फुसलाकर भगाकर ले जाने के मामले मे थाने पहुंचकर लड़की को बरामद करने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है ।




थानान्तर्गत एक गांव में स्थित ईंट के भट्टे पर बिहार प्रांत का मजदूर अपने परिजनों के साथ ईंट पथेर का कार्य करता है । और भट्टा परिसर में बनी अस्थाई कॉलोनी में रहता है। मजदूर का आरोप है कि चौबीस अप्रैल की रात को मुरादाबाद जनपद के मैनाठेर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगाकर ले गया । मजदूर ने कुन्दरकी थाने मे युवक और उसके पिता के खिलाफ युवती को भगाकर ले जाने के संबंध मे शिकायत की पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है । और विवेचना शुरू कर दी है ।

## निर्देश — अधिकारियों को ओवर लोडिंग वाहनों पर लगाम लगाने के निर्देश

# अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई : धीरेंद्र खडगटा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नूह मेवात** । नूह उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि किसी को भी जिला में अवैध खनन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी और अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित विडियो कॉन्फ्रेंसिंग हाल में जिला में अवैध माइनिंग को लेकर समीक्षात्मक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अवैध माइनिंग करने वाले लोगों पर 1 अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक कुल एक करोड़ 2 लाख 57 हजार 497 का जुमार्ना लगाया गया है। उपायुक्त ने बताया कि जिला में अवैध खनन करने वाले लोगों के व्हीकल इंपाउंड कर उन पर जुमार्ना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जिला में ओवरलोडिंग गाडि?ों पर लगाम लगाने के लिए अधिकारियों को कहा गया है कि वह सभी ई-रवाना रसीद की कॉपी जरूर रखें, ताकि जब भी कोई ओवरलोडिंग की गाड़ी पकड़ी जाए तो उसके लोड से मिलान हो सके और अतिरिक्त लोड होने पर उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सके।




इस अवसर पर एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, डीएसपी सुरेन्द्र कुमार व जिला माइनिंग अधिकारी अनिल कुमार सहित जिला के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ईंट के भट्टे पर ट्रैक्टर को बैक करते समय चपेट मे आने से मजदूर की मौत, मृतक के बहनोई ने थाने चालक के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** थाना क्षेत्र के रूपपुर गांव के एक ईंट भठ्ठे पर टैक्टर को बैक करते समय भट्ठे पर काम करने वाले एक मजदूर अमरजीत की मौत के मामले में उसके बहनोई वेनी राम की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक दानिश के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज।

गौरतलब है कि गुरुवार की दोपहर को क्षेत्र के रूपपुर स्थित एक ईंट भट्ठे पर अमरजीत(35) पुत्र छोटेलाल निवासी खुर्द का मझरा थाना पटवाई जिला रामपुर मजदूरी का काम करता है।

दोहपर के ईंट भट्ठे पर दानिश ट्रैक्टर गारा मशीन से ईंट की पथेर के लिए गारा बनाने का काम कर रहा था मजदूर अमरजीत मशीन के पीछे खड़ा हुआ फोन पर बात कर रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को बैक कर रहा था तभी मशीन का पहिया मजदूर के पैर पर चढ़ गया जिसके बाद पहिया आधे शरीर पर पहुँच गया।

हादसे में।मजदूर अमरजीत गम्भीर रूप से घयल हो गया।घायल मजदूर को आनन फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी घटना में मृतक के बहनोई बेनीराम की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक दानिश के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## उस्मानपुर थाने की टीम ने हत्या सहित कई आपराधिक मामलों में वांछित अपराधी को किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

दिल्ली (ऐजाज अली)। उत्तर पूर्वी गिरफ्तार। क्षेत्री उत्तर पूर्वी दिल्ली पुलिस उपायुक्त डा जॉय टुर्कि पुलिस द्वारा रोके जाने पर अपराधी ने पुलिस पार्टी पर



केउस्मानपुर थाने की टीम ने हत्या सहित कई आपराधिक मामलों में वांछित अपराधी को एनकाउंटर कर किया चलाई थी गोली, जवाबी कार्यवाई में अपराधी के पैर में लगी पुलिस की गोली और वह पकड़ा गया।

## पत्रकारों के हितों के लिए नेशनल मीडिया पॉलिसी बनाने की जरूरत : गौतम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

नई दिल्ली। इंडियन वुमेन प्रेस कॉर्प्स की तरफ से प्रेस फ्रीडम पर परिसंवाद का आयोजन किया गया । इस मौके पर प्रेस क्लब आफ इंडिया के अध्यक्ष गौतम लाहिड़ी ने चिंता जताते हुए कहा कि दुनिया भर के पत्रकारों को चुनौतियों और खतरों का सामना करना पड़ रहा है, खासतौर पर भारत में प्रेस की आजादी पर गंभीर खतरा है, इससे निपटने के लिए एकजुट होने पर उन्होंने बल दिया। अंतरराष्ट्रीय प्रेस फ्रीडम पर आयोजित परिसंवाद में लाहिड़ी ने एक नेशनल मीडिया पॉलिसी बनाने की मांग करते हुए कहा कि मीडिया को करदाताओं के पैसे से फंडिंग होती है उसके बावजूद मीडिया सिर्फ सरकार का पक्ष ही जनता के सामने पेश कर रहा है। सरकार की नीतियों की आलोचना करने पर पत्रकारों के खिलाफ आतंकवाद निरोधक कानून जैसे काले कानूनों के तहत मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।





उन्होंने कहा कि सरकारी प्रचार माध्यमों में विपक्ष की आवाज को पूरी तरह नजर अंदाज किया जा रहा है। फारेन कारेस्पोडेंट क्लब आफ साउथ एशिया के अध्यक्ष एस वेंकट नारायण ने कहा हर देश की सरकारें मीडिया पर नियंत्रण करना चाहती है। बकौल नारायण फ्रीडम ऑफ प्रेस वास्तविकता से ज्यादा एक मिथ है। किसी ने सरकार की नीतियों का विरोध किया तो उसे एंटी गवर्नमेंट मान लिया जाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि देश की नई सरकार इस बारे में सही और संतुलित सोच अपनाएगी। दिल्ली यूनियन आफ जर्नलिस्ट की अध्यक्ष सुजाता मधोक ने कहा कि पत्रकारों को उनके काम से रोकने के लिए उन पर शारीरिक हमलों के साथ ही कानूनी जाल में फंसाने, इंटरनेट के जरिए भद्दी टिप्पणियां कर उत्पीड़ित किया जाता है।डीजी पब के सह संस्थापक व महासचिव अभिनंदन सिकरी ने कहा कि पत्रकारों को इन खबरों से निपटने और लोकतंत्र में मीडिया की वास्तविक भूमिका को समझने, अपनी विश्वसनीयता को कायम रखने पर ध्यान देना चाहिए। प्रेस एसोसिएशन के जयशंकर गुप्त ने कहा कि मीडिया ने अपने प्रेस फ्रीडम को मीडिया मालिकों और सरकारों के पास गिरवी रख दिया है। उन्होंने कहा कि प्रेस की आजादी के मामले में भारत 180 देशों 161वें स्थान पर आ गया है। सेंटर फार प्रोटेक्शन ऑफ जर्नलिस्ट के इंडिया रिप्रेजेंटेटिव कुणाल मजूमदार की अनुपस्थिति में उनके वक्तव्य पढ़ें गये जिसमें उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि पत्रकारों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया जाता हैं। इंडियन वुमेन प्रेस कॉर्प्स की अध्यक्ष पारूल शर्मा ने परिसंवाद का संचालन करते हुए कहा कि इस चुनौतीपूर्ण दौर में सच्चाई को उजागर करना एक जोखिम भरा काम है ऐसे ही निष्पक्ष पत्रकारों की वजह से काफी हद तक पत्रकारिता जिंदा है। ऐसे पत्रकारों को उन्होंने तहेदिल से शुक्रिया किया।

## फर्जी यूट्यूब चैनलों,पत्रकारों पर हो सख्त कार्रवाई: अशोक कुमार निर्भय

बुलन्द संदेश बयूरो

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में ऐसे लोगों की बाढ़ आ गई है, जिनका किसी भी अखबार, मीडिया हॉउस अथवा चैनल से कोई सरोकार नहीं है। पत्रकारिता का बेसिक तो छोड़ो पत्रकारिता की परिभाषा तक उनको नहीं पता होती फिर भी वह अपने को पत्रकार कहते और अधिकारियों और आमजन पर अनर्गल दवाब बनाते हैं। कई प्रेस कांफ्रेंसों में पहुंच कर नकली चैनल के आईडी से आयोजकों और पीआर एजेंसी को भ्रमित करके उपहारों पर तो हाथ साफ करते ही हैं वहीं प्रति फर्जी पत्रकार के हिसाब से पैसे की डिमांड तक करते देखे जा सकते हैं।





आज राजधानी दिल्ली में ही कई वाहन चालक भी फर्जी पहचान पत्र लिए घूम रहे हैं और वह आम जनमानस को ब्लैकमेल कर रहे हैं। काफी ऐसे भी हैं जो अवैध निर्माण के नाम पर भी लोगों को परेशान कर उन्हें ब्लैकमेल करने का काम कर रहे हैं। कुछ जुआ सट्टे की फर्जी खबर ट्वीट करके पैसा उगाही में लगे हैं। इसके अलावा अनगिनत वाहन पर प्रेस अंकित है, जबकि इन वाहनों का पत्रकारिता से कोई वास्ता नहीं है। इसलिए जल्द ही ऐसे फर्जी पत्रकारों व अवैध यू-ट्यूब न्यूज चैनल चलाने वालों की जांच कराकर सख्त कार्रवाई की मांग विश्व पत्रकार महासंघ दिल्ली प्रदेश (रजि) केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस कमिशनर समेत दिल्ली के एलजी साहब से करता है।

विश्व पत्रकार महासंघ दिल्ली प्रदेश (रजि) प्रदेश प्रभारी और वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अशोक कुमार निर्भय ने फर्जी यूट्यूब न्यूज चैनलों पर कार्रवाई की मांग उठाते हुए कहा कि इन दिनों चैनलों और अखबारों में काम पत्रकारों को भी यूट्यूब चैनल चला रहे फर्जी पत्रकारों से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल जिन पत्रकारों को पत्रकारिता का अ भी नहीं पता है वे लोग हाथ में माइक लेकर अपने आप को वरिष्ठ पत्रकार कहते हुए राजधानी दिल्ली समेत शहर दर शहर भारत के महानगरों और कस्बों तक में सरेआम बिना किसी रोक-टोक के घूम रहे हैं। ये लोग अपनी गाड़ियों पर बड़े-बड़े शब्दों में प्रेस लिखवाकर इस शब्द का भी दुरुपयोग कर रहे हैं। यूट्यूब चैनल के इन फर्जी पत्रकारों की शिकायतें अब कई राज्यों के पुलिस मुख्यालय तक पहुंचनी शुरू हो गई हैं। हैरानी की बात यह है कि पुलिस की ओर से भी वाहनों पर प्रेस शब्द लिखा कर घूमने वाले लोगों को रोक कर इन के वाहनों की जांच तक नहीं की जा रही है। पत्रकारिता की आड़ में कालाबाजारी करने वाले ऐसे तथाकथित पत्रकार बनकर असल में पत्रकारिता जगत और पत्रकारों की छवि को भी धूमिल कर रहे हैं।

विश्व पत्रकार महासंघ दिल्ली प्रदेश (रजि) के अध्यक्ष विक्रम गोस्वामी का कहना है कि यूट्यूब चैनल चलाने वाले कुछ लोग को प्रिटिग प्रेस से आसानी से माइक मिल जाता है। ये लोग वहां कुछ पैसे देकर एक नकली माइक आईडी तैयार कर लेते हैं। इसके बाद यह अपने आप को पत्रकार कहते हुए इंटरनेट मीडिया पर अपनी तस्वीरें वायरल करना शुरू कर देते हैं। बिना किसी बेसिक पत्रकारिता की योग्यता के ही अनपढ़ और पांचवी पढ़े लोग जिनमें खासकर लड़कियां शामिल हैं इससे समाज में रहने वाले लोग इन सबको पत्रकार समझकर इन से धोखा खा जाते हैं। ऐसे प्रिंटिंग प्रेस और यूट्यूब चैनलों और उनके पत्रकारों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इन चैनलों पर बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे चैनलों व उनके कथित फर्जी पत्रकारों को बाइट देने वाले अधिकारियों और नेताओं पर भी कार्रवाई होनी चाहिए, क्योंकि वह अनैतिक रूप से समाज में भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं।

आपको ज्ञात होना चाहिए कि फर्जी पत्रकार बिना वजह इंटरनेट पर गलत पोस्ट वायरल कर के लोगों को गुमराह करते हैं। इस पर राज्य इ केंद्र सरकार को शिकंजा कसना चाहिए। उधर, अगर कोई कर्मचारी अपने बड़े अधिकारी की अनुमति के बिना यूट्यूब में फर्जी पत्रकार को बाइट आदि देता है तो ऐसे कर्मचारी के खिलाफ भी 16 सीसीए के अंतर्गत कार्रवाई की जानी चाहिए। इससे फजीर्वाड़ा करने वाले बेनकाब हो सकते हैं। बिना अखबार के कार्ड व सरकारी कार्ड की जांच के बिना अधिकारियों को भी ऐसे फर्जी यूट्यूब चैनल के कथित पत्रकारों को बाइट नहीं देनी चाहिए।

## आदमपुर हमारे घर व परिवार का हिस्सा,सदैव दिया हमारा साथ: रणजीत सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हरियाणा/हिसार(राजेश सलूजा) । हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने कहा है कि आदमपुर की जनता उनके घर व परिवार का हिस्सा है। आदमपुर से हमारा पुराना नाता रहा है और यहां की जनता ने सदैव हमारा

### भाजपा उम्मीदवार चौटाला व सांसद सुमेधानंद ने ली कार्यकर्ताओं की बैठक, दिए टिप्स

साथ दिया है। रणजीत सिंह गोपीराम धर्मशाला स्थित आदमपुर भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं व पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी उम्मीदवारी के बाद से ही कार्यकताओं व आम जनता में उत्साह है। गत दिवस हुई विजय संकल्प रैली के बाद माहौल और परिवर्तित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार का यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा 10 वर्षों के दौरान देशहित में किए गए कार्यों पर मुहर होगा। केन्द्र सरकार ने अपनी मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर अनेक ऐसे कार्य किए हैं, जो वर्षों से लंबित थे। इसके अलावा केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के कल्याण के लिए नीतियां बनाई है, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। ऐसे में उन्हें पूर्ण विश्वास है कि जनता मोदी सरकार के कार्यों पर मुहर लगाते हुए तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को पूरा करेगी।बैठक को संबोधित करते हुए सीकर के सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने कहा कि हिसार जिले से उनका पुराना नाता



रहा है। इसी नाते वे यहां पर वोटों की अपील करने आए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजय देश को विकसित करने का है जबकि विपक्ष का कोई विजन नहीं है। विपक्ष केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हटाने की लड़ाई लड़ रहा है।

भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में कार्यकताओं को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेंद्र, जयसिंह बिश्नोई, पवन खारिया, मुनीश ऐलावादी सहित अनेक वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## गुरुग्राम में हुई चैंपियनशिप में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना के छाए बच्चे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) । डीफ स्कूल गुरुग्राम मे डॉक्टर जिगारो कानो जूडो ओपन चैंपियनशिप का आयोजन जूडो फेडरेशन ऑफ हरियाणा एंड जूडो फेडरेशन ऑफ गुरुग्राम के द्वारा

### बच्चों ने मैडल जीत कर विद्यालय, कोच, परिजनों व क्षेत्र का नाम किया रोशन

किया गयो इस चैंपियनशिप में ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना के बच्चों ने अलग-अलग भार वर्ग में मेडल प्राप्त किऐ 50 किलो भार वर्ग में मोहित प्रथम स्थान, 35 किलो भार वर्ग में अक्षय शर्मा प्रथम स्थान, 55 किलो भार वर्ग में राघव रंगा तृतीय स्थान , 35 किलो भार वर्ग में हिमांशु द्वितीय स्थान, 60 किलो भार वर्ग में रूपक तृतीय स्थान और 40 किलो भार वर्ग में सुमित गिल ने तृतीय स्थान प्राप्त करके अपने विद्यालय, कोच, परिजनों





एवं क्षेत्र का नाम रोशन कियो इस नेशनल टूनार्मेंट के बाद बच्चों ने 30 अप्रैल 2024 को हिसार में हुई महात्मा ज्योतिबा फुले जूडो कप में भी अपना दमखम दिखायो यह प्रतियोगिता राइजिंग सन पब्लिक स्कूल महावीर कॉलोनी हिसार में जूडो फेडरेशन ऑफ हिसार की तरफ से आयोजित की गई । इस प्रतियोगिता में भी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना के बच्चों ने मेडल प्राप्त किऐ 50 किलो भार वर्ग में मोहित प्रथम स्थान , 40 किलो भार वर्ग में हिमांशु प्रथम स्थान , 55 किलो भार वर्ग में राघव तृतीय स्थान और 55 किलो भार- वर्ग में उदित तृतीय स्थान पर रहो इन विजेता बच्चों का ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना में पहुंचने पर बड़ी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गयो बच्चों की इस विशेष उपलब्धि पर ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल उकलाना के चेयरमैन डॉक्टर सतीश भारती ने विजेता बच्चों को प्रोत्साहित एवं पारितोषिक देकर उनका मान सम्मान बढ़ायो विद्यालय के प्रिंसिपल जीवन कुमार रत्ता ने इस उपलब्धि के लिए बच्चों को सराहा और भविष्य में भी विद्यालय की ओर से यथासंभव सहायता करने का आश्वासन दिया तथा विभाग के मुखिया एथलेटिक्स कोच चिना सिंह, फिटनेस कोच अमित कौशिक, कराटे कोच संदीप कुमार, स्केटिंग कोच कैलाश, फिटनेस कोच गर्ल्स सर्वजीत कौर, जूडो कोच मनजीत व शूटिंग कोच हरप्रीत सिंह को उनकी उपलब्धियों के लिए सराहा एवं विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार की सहायता उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

## कानपुर में पीएम मोदी का रोड शो आज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

कानपुर (सुनील बाजपेई )। आज यहां शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर

- गुमटी गुरुद्वारा में मत्था टेकने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे मोदी
- मोदी के रोड शो में शामिल होने के लिए जनता के लिए बनाए गए ब्लॉक
- कई क्षेत्रों में किया गया यातायात परिवर्तन

में लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में रोड शो करेंगे । साथ ही गुमटी गुरुद्वारा में मत्था भी टेकेंगे। वह ऐसा करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे। मतलब इसके पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने गुमटी गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था नहीं ठेका है।

कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां रोड से शो के लिए आगमन हेतु सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा चुका है। वहीं सुरक्षा से संबंधित सारी जिम्मेदारियां एसपीजी ने अपने कंधों पर ले ली है।



मोदी के आज 4 मई में को होने वाले रोड शो में भारी भीड़ होने की भी संभावना है ,जिसे दृष्टिगत रखते हुए तगड़ी सुरक्षा समेत सभी आवश्यक इंतजाम भी किए गए हैं। इसके लिए ब्लॉक भी बनाए गए हैं ,जहां से रथ में बैठकर रोड शो करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोग आसानी से देख सकेंगे। इस बारे में भारतीय जनता पार्टी की पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सभी तैयारियां को अंतिम रूप भी दिया गया। भाजपा नेताओं की बैठक में अभी तय कर लिया गया है कि गुमटी गुरुद्वारा में माथा टेकते समय प्रधानमंत्री की मोदी के साथ कौन-कौन रहेगा।

इसी के साथ प्रधानमंत्री के आगमन के समय सबसे बड़ी समस्या यातायात से जुड़ी है ,जिसके लिए उसे अनेक क्षेत्रों में डाइवर्ट भी किया गया है। लोगों को परेशानी ना हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने टाटमिल चकेरी गुरुदेव पैलेस आदि क्षेत्रों में यातायात परिवर्तन की घोषणा भी कर दी है। यह यातायात परिवर्तन प्रधानमंत्रीके वापस जाने तक जारी रहेगा ।

## मतदान बढ़ाने को दुकान-दुकान चिपकाएंगे स्टीकर

लखनऊ(आरएनएस )। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पदाधिकारियो को शपथ दिलाने के बाद बाजारों में दुकान-दुकान पर स्टीकर लगाएंगे और पदयात्राएं निकलेंगे।

व्यापार मंडल लखनऊ महानगर के अध्यक्ष सुरेश छबलानी, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग,नगर महामंत्री अनुज गौतम, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, महामंत्री एकता अग्रवाल, ने बताया की राजधानी लखनऊ में मध्य प्रतिशत बढ़ाने के लिए संगठन द्वारा हजारों की संख्या में लखनऊ के प्रत्येक बाजार में प्रत्येक दुकान पर स्टीकर चिपकाए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में शनिवार को अमीनाबाद परिक्षेत्र में नजीराबाद बाजार से पदयात्रा निकाली जाएगी जिसमें अध्यक्ष संदीप बंसल स्वयं उपस्थित रहेंगे। पद यात्रा नजीराबाद बाजार से प्रारंभ होकर प्रकाश कुल्फी अमीनाबाद झंडेवाला पार्क होते हुए मौलवी गंज पर संपन्न होगी।

## 15 किलो 590 ग्राम अवैध गांजे के साथ एक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

आगरा (जुनैद मलिक अत्तारी)। लोकसभा चुनाव एवं उ0प्र0 शासन की मंशा के अनुरूप रेल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस अधीक्षक रेलवे आदित्य लांग्हे के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ /गांजा की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे, अभियान के अंतर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे आगरा के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी आगरा कैण्ट के नेतृत्व में गठित जीआरपी की टीम द्वारा दिनांक 02.05.2024 को रेलवे स्टेशन आगरा कैन्ट प्लेटफार्म नं0- 06 के नीचे रेलवे स्टेशन आगरा कैन्ट पर अभियुक्त को 15 किलो 590 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त फारुख उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्र असगर ग्राम गंगेरू थाना कांधला जिला शामली का निवासी है। अभियुक्त पर मु0अ0सं0 126/2024 धारा 8/20 NDPS ऐक्ट के तहत पंजीकृत अभियोग लगाया गया है। अभियुक्त के कब्जे से कुल 15 किलो 590 ग्राम अवैध



गांजा बरामद हुआ है जिसकी कीमत लगभग 2,25,000/-रुपए है। गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण निम्न प्रकार से है (1) .उ0नि0 श्री देववृत यादव थाना जीआरपी आगरा कैण्ट (2) .हे0का0 702 विनय कुमार थाना जीआरपी आगरा कैण्ट। (3) है0 कां0 1730 दिनेश भाटी थाना जीआरपी आगरा कैंट,(4) है0का0 1202 लोकेश कुमार थाना जीआरपी आगरा कैंट। (5) कां0 2925 योगेन्द्र थाना जीआरपी आगरा कैण्ट,। (6) का0 829 भूपेन्द्र कुमार थाना जीआरपी आगरा कैण्ट, (7) एएसआई राजाराम मीणा RPF CIB पोस्ट आगरा कैण्ट आगरा। (8) हे0कां0 नदीम खां CPDS टीम RPF पोस्ट आगरा कैण्ट।

## जनसंपर्क

### इस बार 400 पार करते हुए मोदी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनने जा रही है : जमाल सिद्दिकी

## राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी ने मनोज तिवारी ' मृदुल ' के समर्थन में किया जनसंपर्क

बुलन्द संदेश ब्यूरो

दिल्ली। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीस अब्बासी के नेतृत्व में उत्तर- पूर्व दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी ' मृदुल ' के

### 10 साल के शासन में भारत दुनिया की 5वीं आर्थिक महाशक्ति बना : जमाल सिद्दिकी

समर्थन में मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में जन सम्पर्क किया और चुनावी तैयारी की समीक्षा की। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे द्वारा आयोजित अल्पसंख्यक " स्नेह संवाद " कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समाज के लोगों से संवाद किया। इस मौके पर सूफी संवाद अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी डा. असलम, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीस अब्बासी, महमूद मलिक , यूसुफ मलिक पूर्व विधायक जगदीश प्रधान,मुस्तफा सिद्दीकी, बृजपुरी निगम प्रत्याशी एवं मण्डल





अध्यक्ष निर्मला शर्मा सहित बड़ी संख्या में मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 10 साल के शासन में भारत दुनिया की 5वीं आर्थिक महाशक्ति बना है। मोदी की गारंटी है कि 2029 तक भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में गरीब कल्याण विकास योजना के माध्यम से लोगों को आवास, पानी, बिजली, रसोई गैस, मुफ्त आनाज, शौचालय बनाने के साथ अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया गया है। वही किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की कई योजना चल रही हैं। दुनिया में भारत सबसे तेज विकास करते हुए आगे बढ़ रहा है। 2024 में मोदी लहर चल रही है। इस बार 400 पार करते हुए मोदी के नेतृत्व में मजबूत सरकार बनने जा रही है। उन्होने विकसित दिल्ली, विकसित भारत के लिए भाजपा लोकसभा प्रत्याशी मनोज तिवारी ' मृदुल ' को वोट देने की अपील की।

## ठंगी का शिकार बने खुशबू गार्डन के मालिक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

रामपुर ( मुन्तियाज अहमद )। ठगी करने वालो ने प्रॉपर्टी दिखाकर 90 लाख से एक करोड़ की ठंगी का शिकार खुशबू गार्डन के मालिक व प्रॉपर्टी डीलर वसीम खां उर्फ हनी को बनाया है। रकम वापस मांगने पर मिली जान से मारने की धमकी आहत होकर



आए मीडिया के सामने प्रशासन से इंसाफ की गुहार लगाई है।

## डीआरएम ने लखनऊ जंक्शन का किया दौरा

लखनऊ । यात्रियों की सुविधाओं और ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन की व्यवस्थाओ में सुधार को लेकर शुक्रवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबंधक ने अपर मण्डल रेल प्रबंधक एवं इंफ्रा की उपस्थिति में मण्डल के शाखा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और निर्माण कार्यो को लेकर संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। डीआरएम आदित्य कुमार ने शुक्रवार को अपर मण्डल रेल प्रबन्धक एवं इंफ्रा राजीव कुमार की उपस्थिति में मण्डल के शाखा अधिकारियों के साथ लखनऊ स्टेशन के पुनर्विकास परियोजनाओं के कार्यों को अमल में लाने के लिए रेल भूमि विकास निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

# डायट में टीएलएम प्रदर्शनी एवं महोत्सव का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ( डायट )कांठ में आज डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं द्वारा कक्षा-शिक्षण में प्रयुक्त टी0एल0एम0 प्रदर्शनी एवं टी0एल0एम0 महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ डायट प्राचार्य एवं उपशिक्षा निदेशक

## शिक्षण अधिगम सामग्री के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करें: डॉ ओपी गुप्ता

डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने फीता काटकर मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। मुरादाबाद और संभल जिले के शिक्षकों ने भी टीएलएम प्रदर्शनी में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। डीएलएड प्रशिक्षुओं ने भी प्रतिभाग किया जिनमें अलग अलग प्रकार के टॉपिक पर बनाकर लाए थे। डायट प्राचार्य और प्रवक्ताओं ने टीएलएम प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी शिक्षकों ने और प्रशिक्षुओं ने टीएलएम के बारे में बताया। कार्यकम प्रभारी शीतल कुमार और अभिषेक भारद्वाज रहे। डायट प्राचार्य ने कहा की आप लोग अधिक से अधिक से टीएलएम के माध्यम से बच्चों को पढ़ाओ और अपने स्कूल के बच्चों को निपुण बनाने में पूरी शक्ति लगा दो। इस अवसर पर डॉ. सुनिल कुमार, डॉ. अनिल कुमार यादव, आशुतोष त्यागी, डॉ. नेहा इकबाल, डॉ. स्नेहलता राव, डॉ. टीना वर्मा, पुलकित शर्मा एवं लोकेन्द्र विश्वकर्मा आदि मौजूद थे ' प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद सर्वश्रेष्ठ टीएलएम बनाने वालों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।








# आखिरकार मौहब्बत को मिला मुकाम, निकाह के बाद प्रेमी जोड़े ने नई जिंदगी शुरूआत की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)**। ढाई साल से चली आ रही प्रेमी जोड़े की मोहब्बत को आखिरकार मुकाम मिल ही गया । पिछले ढाई वर्ष से चोरी छिपे चली आ रही प्रेमी युगल के प्रेम प्रसंग की कहानी को निकाह के बाद आखिरकार मुकाम मिल ही गया। बिरादरी अलग अलग होने की वजह से कशमाकश के बीच देर रात मे निकाह के बाद खत्म हो गई। थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों एक प्रेमी जोड़े का संभ्रांत लोगों के समझाने के बाद निकाह कर दिया गया।थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती ने पड़ौस के गांव के रहने वाले एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की थी। शिकायत के बाद दोनों ओर से पंचायत हुई । पिछले कई दिनों से प्रेमी जोड़े की निकाह को लेकर कशमकश चल रही थी । दोनों पक्ष के संभ्रांत लोगों के समझौता तय होने के बाद देर रात एक चाय के ढाबे पर प्रेमी जोड़े का निकाह कर दिया गया।निकाह के बाद मौहब्बत को आखिरकार ढाई साल के मुकाम मिल ही गया । प्रेमिका बनी दुल्हन अपने प्रेमी पति के साथ राजी खुशी से चली गई । प्रेमी युगल का रात्रि में हुए निकाह का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# अगवानपुर रेलवे फाटक पर बने फ्लाईओवर पुल में जगह-जगह हो रहे गड्ढे खोल रहे हैं निर्माण कार्य की पोल, वाहन चालक हो रहे हैं दुर्घटना का शिकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )**। कांठ - मुरादाबाद मार्ग के बीच अगवानपुर रेलवे फाटक के ऊपर बना फ्लाईओवर पुल ठेकेदार की लगाई हुई निर्माण सामग्री की पोल खोल रहा है' इस पुल के ऊपर जगह-जगह अनेक गहरे गड्ढों की वजह से आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं ' इस पुल के ऊपर से प्रतिदिन मुरादाबाद मंडल के उच्च अधिकारी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी मंत्री एवं सांसद अपनी कर में बैठकर जाते हैं लेकिन आज तक फ्लाईओवर पुल को ठीक करने की कार्रवाई नहीं हुई है ' लगता है किसी बड़ी दुर्घटना की प्रतीक्षा विभाग को है शायद उसके बाद ही फ्लाईओवर पुल को ठीक किया जाएगा' उल्लेखनीय है कि करोड़ों की लागत से सरकार ने करीब 5 वर्ष पूर्व इस फ्लाईओवर पुल का निर्माण कराया था' लेकिन ठेकेदार ने इस पुल के बनाने में घटिया निर्माण सामग्री लगाई है जिसके कारण यह क्षतिग्रस्त हो गया है' जिसकी वजह से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ' फ्लाईओवर पुल में जगह-जगह गहरे गड्ढे निर्माण कार्य की पोल खोल रहे हैं ।



# प्रतिबंध के 2 वर्ष बाद भी सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों की धड़ल्ले से हो रही है बिक्री, अधिकारियों ने केंद्र सरकार का आदेश "हवा में उड़ाया"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश विश्नोई)**। सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों के प्रयोग और बिक्री पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने करीब 2 वर्ष पूर्व प्रतिबंध लगा दिया था। मंत्रालय ने जिन 19 सामग्री को प्रतिबंधित सूची में डाला है, अब उनके बगैर जीवन बिताने की आदत डाल लेने में ही जन स्वास्थ्य की रक्षा होगी' केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा प्रतिबंध किए गए 19 सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री में दिनचर्या के सामान हैं। पार्टी त्योहार पर इन सामग्री पर लगा है प्रतिबंध प्लास्टिक कैरी बैग प्लास्टिक स्टिक वाले ईयर बड्स गुब्बारे के लिए प्लास्टिक स्टिक, केंडी स्टिक, आइस्क्रीम स्टीक, प्लास्टिक के झंडे, थमाकोल (पॉलिस्ट्रीन), प्लास्टिक के कप, प्लेट, गिलास कांटा चम्मच, प्लास्टिक के चाकू स्ट्रॉ, मिठाई के डिब्बों को पैक करने वाली फिल्म इन्विटेशन कार्ड, सिगरेट के पैकेट का धड़ल्ले से और बहुतायत में प्रयोग होता । मगर अब आमजन को अपनी जिंदगी के लिए खतरा बन रहे इन सामानों से तौबा करना होगा। करीब 2 वर्ष पूर्व प्रतिबंध लागू होने के बाद भी नगर में अनेक बार अभियान चला इसके बाद भी प्रतिबंधित सामान की धड़ल्ले से बाजार में बिक्री हो रही है' केंद्रीय मंत्रालय ने जिन सिंगल यूज प्लास्टिक निर्मित सामान को प्रतिबंधित किया है उस आदेश सख्ती से लागू कराने की जिम्मेद नगर निकाय और प्रशासनिक अधिकारियों की है। क्योंकि यह सामग्री पर्यावरण और मानव जीवन दोनों के लिए अधिक खतरनाक है। प्रतिबंधित प्लास्टिक के सामान का बिकना चर्चा का विषय बना हुआ है। नगर पंचायत उमरी कला, नगर पंचायत अगवानपुर आदि प्रमुख कस्बों में प्रतिबंध के बाद भी सिंगल यूज प्लास्टिक की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है।



# अस्पताल मे पहुंचकर महिला को ब्लड डोनेट किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद (एम.के.भारती सैफी)**। मुरादाबाद के सिलेक्ट हॉस्पिटल में शहर निवासी एक व्यक्ति ने ब्लड डोनेट कर इंसानियत का फर्ज निभाया और महिला की जान बचाई है । ब्लड डोनेट करने की उनकी भूरी-भूरी प्रसंशा हो रही है। वहीं महिला के परिजनों ने उनका शुक्रिया अदा किया है । जिला रामपुर की शाहाबाद तहसील की रहने वाली महिला रहनुमा मुरादाबाद सिलेक्ट हॉस्पिटल में एडमिट थी। महिला को बी पॉजिटिव ब्लड की आवश्यकता थी। बी पॉजिटिव ब्लड ना मिलने की वजह से पेशेंट के परिजन बहुत परेशान थे ।

डॉक्टर ने बताया डिलीवरी के दौरान इमरजेंसी ब्लड की आवश्यकता है। पेशेंट के परिजनों ने शान ए कुन्दरकी ग्रुप ब्लड डोनेशन के संस्थापक से सम्पर्क किया । ब्लड डोनेशन के वरिष्ठ सदस्य सैयद फैजी ने अपना बी पॉजिटिव ब्लड देकर महिला की जान बचाई । रात में ही ब्लड देने ब्लड बैंक पहुंचे ब्लड डोनेट कर इंसानियत की मिसाल कायम की है ।



# शिक्षण संकुल की बैठक आज बीआरसी पर होगी, विभिन्न योजनाओं की प्रगति की होगी समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । शासन के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल की बैठक 4 मई अपरान्ह 12:00 बजे बी आर सी कांठ पर होगी' बैठक में प्रेरणा पोर्टल पर विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चो की फीडिंग/प्रोमोटिंग की प्रगति, विद्यालयों में समय सारिणी लगाने का प्रमाणपत्र, उइळ के अंतर्गत बच्चों के आधार प्रमाणीकरण/सीडिंग आदि की प्रगति, निपुण विद्यालयों की सूची,नवीन नामांकन वृद्धि हेतु कार्य योजना,कक्षावार नवीन नामांकन की सूचना,जर्जर भवन की सूची निर्धारित प्रारूप पर, अनुदेशकों के नवीनीकरण हेतु निर्धारित प्रारूप पर सूचना, अन्य बिंदुओं पर चर्चा होगी।

# भीकनपुर मे प्रशासन ने चारागाह की जमीन को कब्जा मुक्त कराया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। क्षेत्र के भीकनपुर में चारागाह की 16 बीघा जमीन को प्रशासन ने शुक्रवार को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। चारागाह की जमीन पर कुछ लोग कब्जा कर खेती कर रहे थे। प्रशासन की टीम ने अवैध कब्जे को कब्जामुक्त करा कर गोवंश के लिए हरा चारा बोये जाने के लिए चिह्नित कर दिया।शुक्रवार को क्षेत्र के राजस्व विभाग और पुलिस की एक टीम भीकनपुर कुलबाड़ा गांव को पहुँच गई। जहां पर गांव के कुछ लोगो ने ग्राम सभा की खलियन की जमीन पर कब्जा कर लिया था। जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने जमीन पर कब्जा जमाए बैठे लोगों के चुंगल से 16 बीघा जमीन को कब्जामुक्त कराया गया। जमीन को कब्जा जमाएं लोगों से कब्जामुक्त करा कर जमीन को गोवंश के लिए हरा चारा उगाने के लिए चिंन्हत कर दिया गया। इस दौरान टीम मे लेखपाल दिनेश चौधरी और एस आई सलीम मालिक ओर अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# गौशाला में गौ माता को दूब घास खिलाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी (एम.के.भारती सैफी)**। आठ लोकसभा संभल के चुनावी रैली माता कैला देवी धाम मे योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं माननीय डॉक्टर मोहन सिंह यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश की रैली में भाग लेने जाते समय आज मार्ग किनारे स्थित अस्थाई सरकारी गौशाला अतरौली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती मुरादाबाद जिला अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा अपनी पूरी टीम के साथ गौशाला में गौ माता को हरी हरी दूब घास का भोग लगाते हुए साथ में शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ कार्यकर्ता राम सिंह भगत स्वामी ब्रह्मानंद पुरी की प्राचीन शिव मंदिर रुस्तमपुर खास भारतीय किसान संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री उत्तराखंड श्रीमान सुखराम पाल राणा जी सुरेंद्र सिंह निर्मल प्रजापति सुरेश पाल राठौर भीमसेन सैनी ने नरपत मौर्य भगत जी ने सहयोग किया।





# रेलवे ट्रैक पर मिले पत्थर का रासायनिक परीक्षण करेगी फॉरेंसिक टीम, टीम को पत्थर के मिलन के लिए पंजाब भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)**। नैनी दून एक्सप्रेस मामले में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने जांच तेज कर दी है। डीआरएम राजकुमार सिंह ने आरपीएफ कमांडेंट के साथ मौका मुआयना किया। साथ ही जांच टीम को पत्थर का मिलान करने के लिए पंजाब के राजपुरा भेजा गया है।फरिसिक टीम इस पत्थर का रासायनिक परीक्षण करेगी। सूत्रों का मानना है कि ट्रैक पर मिला पत्थर उत्तर प्रदेश में नहीं पाया जाता। बैनी दून एक्सप्रेस के स्योहारा से गुजरने से थोड़ी देर पहले मालगाड़ी गुजरी थी। कोयला लदी यह मालगाड़ी पंजाब के राजपुरा पावर प्लांट गई थी। जांच टीम को वहां भेजकर उस मालवाड़ों में रखे पत्थरों से ट्रैक पर रखे पत्थर का मिलान करने के लिए कहा गया है।अधिकारियों का कहना है कि हो सकता है कि पत्थर मालगाड़ी से गिरकर ट्रैक पर आ गया। फिलहाल पत्थर का टुकड़ा फॉरेंसिक लैब भेज दिया गया है। जांच टीम जल्द से जल्द इस निष्कर्ष पर पहुंचने की कोशिश कर रही है कि आखिरकार ट्रैक पर 60 किलो से ज्यादा वजन का यह पाथर कहां से आया। कुछ दिन बाद रेलवे की सुरक्षा व संरक्षा बिदुओं पर जीएम के साथ बैठक है। इस बैठक में भी यह मामला उठेगा,इसलिएअधिकारी तेजी से जांच कर रहे हैं। डीआरएम राजकुमार सिंह का कहना है कि ट्रैक पर पर पत्थर कहां से आया, इसका पता लगाने के लिए जांच चल रही है।

**बोगियों के हिलने व जोर से कट-कट की आवाज आने पर ड्राइवर ने समझदारी से ट्रेन रोकर हादसा बचाया। ड्राइवर के मुताबिक ट्रैक के आसपास कोई नहीं था। उस क्षेत्र में आम नागरिकों का आवागमन भी नहीं है, इसलिए जांच टीम असमंजस में है कि पत्थर कहां से आया, इस मामले की विस्तार से जांच चल रही है।**

मंगलवार रात हरिद्वार से काठगोदाम जा रही (12091) नैनी दून एक्सप्रेस शाम 7:30 बजे स्योहारा से आगे मेवा नवादा पहुंची तो इंजन के पहिये के बीच में बड़ा पत्थर फंस गया था। 60 किलो से ज्यादा वजन के इस

पत्थर से इंजन क्षतिग्रस्त हो गया था। बोगियों के हिलने व जोर से कट-कट की आवाज आने पर ड्राइवर ने समझदारी से ट्रेन रोकर हादसा बचाया। ड्राइवर के मुताबिक ट्रैक के आसपास कोई नहीं था। । उस क्षेत्र में आम नागरिकों का आवागमन भी नहीं है, इसलिए जांच टीम असमंजस में है कि पत्थर कहां से आया। इस मामले की विस्तार से जांच चल रही है।

# मेरा पन्ना मेरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे सभी पन्ना प्रमुख : राजीव चौहान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। क्षेत्र के ग्राम ढकिया जुम्मा, हरियाना,गुरैर मे जनसंपर्क कर कुंदरकी मंडल प्रवासी राजीव चौहान ने बूथ अध्यक्षों के साथ पन्ना प्रमुखो के साथ बैठक कर आगामी चुनाव की योजना रचना बनाई। सभी से 7 मई को अपने पन्ने के सभी वोट भाजपा के पक्ष में पड़े ऐसा अनुरोध सभी पन्ने के वोटो से करना है ।

तथा अपने पन्ने पर बाहर रहने वाले वोटो से फोन से संपर्क कर उनसे भी उस दिन वोट करने का आग्रह करना है । प्रत्येक पन्ना प्रमुख को अपने वोटो से रोजाना संपर्क करना है। तथा सभी से परमेश्वर लाल सैनी के लिए वोट करने की अपील करनी है। तथा सभी को भाजपा सरकार की योजनाओं के बारे में भी चर्चा करनी है ।

मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने बताया कि भाजपा सरकार में संभल लोकसभा से परमेश्वर लाल सैनी सांसद बनेंगे तभी संभल लोकसभा में विकास हो पाएगा। परमेश्वर लाल सैनी के सांसद बनते ही संभल लोकसभा में विकास कार्यों की गंगा वहेगी। उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी के मंत्र मेरा बूथ सबसे मजबूत तथा मेरा पन्ना मेरी जिम्मेदारी के अनुसार ही सभी कार्य करेंगे । तीसरी बार फिर नरेंद्र मोदी की सरकार बनेगी । कार्यक्रम में मंडल प्रवासी राजपाल प्रजापति ,शक्ति केंद्र संयोजक महेंद्र सिंह, रामकुवर बाबूजी, दीपाक जैन, जगदीश जैन आदि उपस्थित रहे।



# सोना चांदी के आभूषण लेकर पति की गैरमौजूदगी में घर फरार हो गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )** । थाना क्षेत्र एक गांव निवासी विवाहिता अपनी एक बेटी और नकदी और सोना चांदी के आभूषण लेकर पति की गैरमौजूदगी में घर फरार हो गई। पति ने पत्नी के मैनाठेर थाना क्षेत्र एक युवक के साथ फरार होने की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है।

थाना क्षेत्र निवासी मुजीब आलम ने पुलिस को दिए शिकायत पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि 2 अप्रैल को घर पर कोई नही था।आरोप है युवक की पत्नी गुरुवार की दोहपर को उसके एक बेटी और घर मे रखे 30 हजार की नकदी,सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गई।

घटना की जानकरी मजीब को उसकी परिवार वालो ने दी।घटना से हैरान पति ने पत्नी को मैनाठेर थाना क्षेत्र निवासी के युवक साथ फरार होने की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की है।



# अज्ञात चोर 6 किसानो की ट्यूबवेल की मोटर चोरी कर उसमें तांबे का तार निकाल कर हुए फरार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )** । थाना छजलैट क्षेत्र में चोरों का गिरोह सक्रिय हो गया है'' ग्राम शेखूपुर इंतेजाम अली खान में बीती रात चोरों ने 6 ट्यूबवेल की मोटर चोरी कर उसमें से तांबे का तार निकालकर फरार हो गए ' सुशील चौधरी पुत्र राजेंद्र सिंह,महिपाल सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह, जितेंद्र सिंह पुत्र हेतराम सिंह,साधुराम पुत्र लखपत सिंह योगेंद्र सिंह पुत्र रामकुमार सिंह आदि के मोटर तोड़कर उसमें से तार निकल कर ले गए। उल्लेखनीय है कि एक घटना ऐसी ही 10 दिन पहले भी घट चुकी है पुलिस को सूचना देने पर भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है जिससे किसानों में पुलिस के प्रति रोष पनप रहा है ' खबर लिखे जाने तक इस मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है ।



जनसंपर्क

## भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में जनसंपर्क कर मांगे वोट

# भाजपा सरकारों में महिलाओं का सम्मान बड़ा है: कुंवर बासित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )**। के ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गांवो मे घूमकर भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लोगों से जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की । कुन्दरकी क्षेत्र के वाकीपुर,अहमद नगर जैतवाड़ा, मझौली खास गावों में प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कुंवर बासित अली ने भाजपा कार्यकताओं के साथ जनसंपर्क कर मुस्लिम समाज में पार्टी प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के लिए वोट मांगे। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को विस्तार से बताया कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बड़ा है तथा गुंडागर्दी का खत्मा हुआ है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर शेफाली चौहान ने बताया कि परमेश्वर लाल सैनी के सांसद बनते ही संभल लोकसभा में विकास की गंगा वहायेंगे तथा सभी कार्यकताओं का मान और सम्मान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सभी के हित के लिए कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी महेंद्र प्रजापति ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ राकेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख पति गुलाम जिलानी, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नसीम खांन, जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा नक्शे अली, ग्राम प्रधान यासीन दूल्हा ,मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार ,मंडल अध्यक्ष रतनपुर बृजेश लोधी ,मंडल महामंत्री कुलदीप ठाकुर,कोषाध्यक्ष डा मुकीम पाशा, ग्राम प्रधान मोहनपुर बृजपाल सैनी, बूथ अध्यक्ष वाजिद पाशा, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा नरेंद्र चौधरी, ग्राम प्रधान ईधनपुर नगला राजेन्द्र चौधरी,पूर्व प्रधान हाजी सजर, राजबहादुर चौधरी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम रब्बानी, लोचन सिंह सैनी,मोहित चौहान,तस्लीम,अजहर, संजय कश्यप,डा जुवैर खान,दीपक जैन,मेहंदी हसन उपस्थित रहे संचालन मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुड़ीर ने किया।





# डायट प्राचार्य ने फीता काटकर किया बहुउद्देशीय क्रीड़ा मैदान का उद्घाटन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)** । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आज डायट प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता ने फीता काटकर बहुउद्देशीय कीड़ा मैदान का शुभारंभ किया' उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं के लिए खेल की हर सुविधा यहां प्राप्त होगी' उन्होंने बताया कि बहुउद्देशीय क्रीड़ा मैदान पर क्रिकेट खेलने के लिए पिच, बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल, रेस के लिए ट्रैक आदि का निर्माण कराया जाएगा ' श्री गुप्ता ने बल्लेबाजी कर क्रिकेट मैच का शुभारंभ भी कराया ' समस्त स्टाफ मौजूद था ।





# ईशा गुप्ता ने देसी आउटफिट में गिराई बिजली, एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं ने फैंस को बनाया दीवाना

ईशा गुप्ता बाखूबी जानती हैं कि उन्हें अपने फैंस के दिलों को कैसे चोरी करना है. आए दिन एक्ट्रेस अपनी सेक और ग्लैमरस तस्वीरें से फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं. ईशा ने डीप नेक देसी आउटफिट मल्टीकलर घागरा चोली पहनी है. लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर ओपन रखे हैं और सेक्सी पोज दे रही हैं. माथे की बिंदी और नेकलेस उनपर काफी जच रहा है और खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है. एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स का पसीना छूटना लाजमी है. बॉलीवुड स्टार ईशा गुप्ता अपनी बोल्डनेस के लिए जानी जाती हैं। अदाकारा ईशा गुप्ता अक्सर ही इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। अदाकारा ईशा गुप्ता का बोल्ड अवतार फैंस को भी भाता है।

उनकी एक अलग ही फैन फॉलोइंग है। अदाकारा को इंस्टाग्राम पर 18 मिलियन लोग फॉलो करते हैं। साथ ही ईशा के फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.

फैंस कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी और रेड हार्ट की बौछर कर रहे हैं. ईशा को आखिरी बार प्रकाश झा की वेब सीरीज आश्रम 3 में देखा गया था।

# वेलकम टू द जंगल में आफताब की हुई एंट्री, खास तस्वीर साझा कर अभिनेता ने दी जानकारी

वेलकम टू द जंगल को लेकर फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हैं। इस फिल्म में बड़ी संख्या में सितारे नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अहमद खान कर रहे हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अक्षय कुमार की इस फिल्म में अब आफताब शिवदासानी की एंट्री हो गई है।




इस बात की पुष्टि खुद अभिनेता ने सोशल मीडिया के जरिए की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक खास तस्वीर को साझा करते हुए बताया कि फिल्म में वे भी काम कर रहे हैं। आफताब ने 16 साल पहले और 2024 की तस्वीर का कोलाज साझा करते हुए लिखा, पहली और दूसरी तस्वीर 16 साल के अंतराल पर ली गई है। जैसा कि आप देख सकते हैं कि तब से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। आवारा को पागल जंगल में इस दीवाने का स्वागत करने के लिए धन्यवाद।

इस फिल्म को 20 दिसंबर, 2024 को रिलीज करने की तैयारी चल रही है। इस फ्रेंचाइजी में अक्षय कुमार ने एक बार फिर वापसी की है। वेलकम के दूसरे भाग में उनकी जगह जॉन अब्राहम नजर आए थे। वेलकम टू द जंगल में सुनील शेट्टी, संजय दत्त, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज, अरशद वारसी, परेश रावल, जॉनी लीवर, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और राजपाल यादव सहित कई बॉलीवुड अभिनेता अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। हाल ही में अक्षय बड़े मियां छोटे मियां में नजर आए थे। फिल्म में उनके साथ टाइगर श्रॉफ और पृथ्वीराज सुकुमारन जैसे सितारे भी मौजूद थे। अच्छी शुरूआत के बाद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर लड़खड़ा गई। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी यह फिल्म टिकट खिड़की पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी है। आगामी प्रोजेक्ट की बात करें तो अक्षय दिनों कई फिल्मों में काम कर रहे हैं। वे फरदीन खान के साथ खेल खेल में दिखने वाले हैं। वहीं, जॉली एलएलबी 3 में भी वे एक बार फिर से वकील की भूमिका में दिखेंगे।

# साउथ एक्ट्रेस टैग के चलते बॉलीवुड में काम मिलने में आ रही परेशानियां : सीरत कपूर

एक्ट्रेस सीरत कपूर का कहना है कि साउथ एक्ट्रेस के रूप में पहचाने जाने के चलते हिंदी सिनेमा में प्रोजेक्ट के ऑफर्स मिलने में परेशानियां हुई है। 31 वर्षीय एक्ट्रेस ने हिंदी सिनेमा में खुद को स्थापित करने में आ रही कठिनाइयों के बारे में बात की। रणबीर कपूर स्टारर फिल्म रॉकस्टार में असिस्टेंट कोरियोग्राफर के रूप में सिनेमा में अपनी जर्नी शुरू करने वाली सीरत ने कहा, कई लोग मुझे साउथ एक्ट्रेस के रूप में जानते हैं और मुझे लगता है कि कभी-कभी यह बॉलीवुड में ऑफर्स मिलने के बीच रूकावटें पैदा करता है। दर्शकों के लिए यह सोचना



आसान है कि अगर आप साउथ इंडियन इंडस्ट्री में अच्छा कर रहे हैं तो आपको बॉलीवुड में आसानी से काम मिल सकता है। हालांकि, असल बात यह है कि बॉलीवुड में लीड रोल के लिए कोई भी प्रोजेक्ट पाने की प्रक्रिया बहुत चुनौतीपूर्ण है। सीरत और भी बॉलीवुड फिल्में करने की इच्छुक हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं अपने लाइफटाइम में कम से कम एक बार बॉलीवुड एक्टर्स के साथ काम करूंगी। उन्होंने कहा कि तेलुगु सिनेमा से मेरा नाता हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा, टॉलीवुड ने मुझे वह सब कुछ दिया है जो आज मेरे पास है और मैं इसे पीछे नहीं छोड़ना चाहती। यहीं से मैंने शुरूआत की और यह हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। सीरत ने कई तेलुगु फिल्मों में काम किया है, जैसे रन राजा रन, टाइगर, राजू गरी गांधी 2, ओक्का क्षणम और मां विंता गाधा विनुमा आदि। 2022 में, उन्होंने तुषार कपूर के साथ मारीच के साथ हिंदी सिनेमा में अपनी शुरूआत की।

# इमरान खान की बॉलीवुड में होगी धमाकेदार वापसी, आमिर खान की फिल्म हैप्पी पटेल में लीड रोल में आएंगे नजर!

आमिर खान के भतीजे इमरान खान ने अपनी पहली फिल्म जाने तू या जाने से डेब्यू किया था. पहली फिल्म के बाद से ही इमरान इंडस्ट्री में छा गए थे. उनकी डेब्यू फिल्म सुपरहिट साबित हुई थी. मगर उसके बाद इमरान खान का जादू लोगों पर नहीं चला और उन्होंने इंडस्ट्री से ब्रेक ले लिया. अब 9 साल बाद इमरान खान एक्टिंग की दुनिया में वापसी करने जा रहे हैं. इस फिल्म की खास बात ये है कि इसे वीर दास डायरेक्ट कर रहे हैं. इस फिल्म का नाम हैप्पी पटेल है और इससे वीर डायरेक्शन में कदम रखने जा रहे हैं.

इमरान खान को लंबे समय से बड़े पर्दे पर फैंस देखने का इंतजार कर रहे थे. अब जैसे ही इमरान के कमबैक का उन्हें पता चला है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है. सभी को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है.

रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है. उन्होंने गोवा में फिल्म की शूटिंग शुरू की है. इमरान के साथ फिल्म में लीड एक्ट्रेस कौन होने वाली हैं ये अभी फाइनलाइज नहीं किया गया है. रिपोर्ट्स की माने तो



मोना सिंह फिल्म में अहम किरदार निभाती नजर आएंगी. मोना इससे पहले ही आमिर खान की कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं. वो लाल सिंह चड्ढा, 3 इडियट्स में काम कर चुकी हैं.

इमरान खान की कमबैक फिल्म का नाम हैप्पी पटेल है. इस फिल्म की खास बात ये है कि इसमें आमिर खान का कैमियो भी होने वाला है. हैप्पी पटेल की बात करें तो ये कॉमेडी से भरपूर फिल्म होने वाली है. ये फिल्म आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के तले बन रही है.

इमरान खान जल्द हैप्पी पटेल के बाद एक वेब सीरीज में नजर आने वाले हैं. इस फिल्म में वो स्पाइ का किरदार निभाने वाले हैं. इमरान ने कमबैक का फैसला लिया है तो उनके पास काम आना शुरू हो गया है. पर्सनल लाइफ की बात करें तो इमरान खान लेखा वाशिंगटन को डेट कर रहे हैं. इमरान अब लेखा के साथ रहने लगे हैं. दोनों करण जौहर के एक अपार्टमेंट में शिफ्ट हो गए हैं।

# रुसलान का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल, 5 दिन में मुश्किल से 3 करोड़ का आंकड़ा किया पार

सलमान खान के बहनोई और एक्टर आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान शुक्रवार, 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. टिकट काउंटरों पर कोई कंप्टीशन नहीं होने के बावजूद, फिल्म को बेहद ठंडी ओपनिंग मिली. वहीं ओपनिंग वीकेंड पर भी रुसलान को दर्शकों ने सिनेमाघरों में नहीं पूछा. नॉन वीकेंड पर तो फिल्म की और बुरी हालत हो गई है.



चलिए यहां जानते हैं रुसलान ने रिलीज के 5वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

एक्शन पैक्ड फिल्म रुसलान का रिलीज से पहले काफी प्रमोशन किया गया था. फिल्म के ट्रेलर से भी ऐसा लग रहा था कि आयुष शर्मा की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर देगी. हालांकि रुसलान की रिलीज के बाद सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया और रिलीज के पहले ही दिन ये फिल्म सिनेमाघरों में दर्शकों के लिए तरसती हुई नजर आई और इसने चंद लाख ही कमाई की. इसके बाद भी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अपनी रफ्तार नहीं बढ़ा पाई और वीक डेज तो फिल्म के कलेक्शन में हर दिन गिरावट आ रही है। रुसलान की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 60 लाख कमाए थे. दूसरे दिन रुसलान ने 80 लाख का बिजनेस किया. तीसरे दिन फिल्म का कलेक्शन 90 लाख रुपये रहा और चौथे दिन फिल्म ने 40 लाख की कमाई की. वहीं अब रुसलान की रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं.

सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रुसलान ने रिलीज के 5वें दिन यानी मंगलवार को 51 लाख की कमाई की है. इसी के साथ रुसलान की पांच दिनों की कुल कमाई अब 3.21 करोड़ रुपये हो गई है।

आयुष शर्मा ने सलमान खान प्रोडकशन की फिल्म 'लवयात्रीइ से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत की थी. हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं कर पाई. इसके बाद आयुष की दूसरी फिल्म 'अंतिमः द फाइनल ट्रूथइ आई. इस फिल्म में सलमान खान ने भी अहम रोल प्ले किया था. हालांकि ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही. इसके बाद अब आयुष की तीसरी फिल्म रुसलान रिलीज हुई है. ये फिल्म भी एक्टर के करियर की नैया को पार नहीं लगा पाई है. 25 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब परफॉर्म कर रही है. ऐसे में रुसलान आयुष के करियर की तीसरी फ्लॉप फिल्म बन गई है।

# बॉक्स ऑफिस पर 20वें दिन दैनिक कमाई में बड़े मियां छोटे मियां से आगे निकली मैदान

अजय देवगन की 'मैदान और अक्षय कुमार की 'बड़े मियां छोटे मियां को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 20 दिन हो चुके है. दोनों ही फिल्मों का रिलीज से पहले काफी बज था हालांकि सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद ना 'मैदानइ को और 'ना ही बड़े मियां छोटे मियां को दर्शकों से कुछ खास रिस्पॉन्स मिला. फिलहाल ये फिल्में काफी धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही हैं. चलिए यहां जानते हैं 'मैदान और 'बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के 20वें दिन कितना कलेक्शन किया है?




एक्शन के तड़के से सजी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां के ट्रेलर ने इस फिल्म को लेकर फैंस की काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी थी. वहीं फिल्म की स्टार कास्ट ने भी 'बड़े मियां छोटे मियांइ का जमकर प्रमोशन किया था. जिसके बाद लग रहा था कि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर दमदार कारोबार करेगी. रिलीज के बाद इसे क्रिटिक्स और दर्शकों से मिला-जुला रिव्यू मिला. हालांकि 'बड़े मियां छोटे मियांइ ने ओपनिंग वीकेंड तक ठीक-ठाक कमाई की लेकिन फिर इसके कलेक्शन का ग्राफ गिरता चला गया और ये अभी तक बरकरार है। फिल्म के कारोबार की बात करें तो 'बड़े मियां छोटे मियां का पहले हफ्ते का कलेक्शन 49.9 करोड़ और दूसरे हफ्ते की कमाई 8.6 करोड़ रही. वहीं तीसरे हफ्ते के थर्ड मंडे फिल्म ने 40 लाख की कमाई. अब फिल्म की रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के 20वें दिन 50 लाख की कमाई की है. इसी के साथ 'बड़े मियां छोटे मियांइ का 20 दिनों का कुल कलेक्शन अब 61.60 करोड़ रुपये हो गया है। अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा देश के पॉपुलर फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है. उन्होंने फुटबॉल के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था. इस फिल्म की इंस्पायरिंग कहानी और अजय देवगन की एक्टिंग की खूब तारीफ हो रही है. हालांकि 'मैदान टिकट काउंटर पर उम्मीद के मुताबिक कारोबार नहीं कर पाई है। हालांकि तीसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई में थोड़ी तेजी देखी जा रही है. 'मैदान के कलेक्शन कि बात करें तो इस फिल्म ने रिलीज के पहले हफ्ते में 28.35 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 9.95 करोड़ की कमाई की थी. वहीं रिलीज के तीसरे हफ्ते के तीसरे मंडे 'मैदान ने 50 लाख की कमाई की और अब इस फिल्म की रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरूआती आंकड़े आ गए हैं। सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'मैदान ने रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को 70 लाख की कमाई की है. इसी के साथ 'मैदानइ का 20 दिनों का कुल कलेक्शन अब 43.95 करोड़ रुपये हो गया है। 'मैदान की कमाई की रफ्तार में तीसरे हफ्ते में थोड़ी तेजी देखी जा रही है. 100 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म अब 50 करोड़ का आंकड़ा छूने की और बढ़ रही है. फिल्म की रफ्तार को देखते हुए लग रहा है कि ये इस आंकड़े को पार कर लेगी. हालांकि 'बड़े मियां छोटे मियां का टिकट खिड़की पर बुरा हाल है. ये फिल्म मैदान के आगे अब फीकी पड़ रही है. 300 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनी ये फिल्म 20 दिन बाद भी 100 करोड से कोसो दूर है।

# एसएस राजामौली ने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड का किया एलान, जल्द ही आएगा फिल्म का ट्रेलर

बाहुबली, आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक डायरेक्टर एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. उनके इस इंतजार पर ब्रेक लगाते हुए डायरेक्टर ने बीते मंगलवार को अपनी आगामी प्रोजेक्ट बाहुबलीः क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है. फिल्म मेकर महिष्मती की दुनिया में एक और महाकाव्य यात्रा के लिए मंच तैयार कर रहा है. उन्होंने से सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है.

एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है, जब महिष्मति के लोग उनका नाम जपते हैं, तो ब्रह्मांड की कोई भी ताकत उन्हें वापस लौटने से नहीं रोक सकती.




बाहुबलीः क्राउन ऑफ ब्लड, एक एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर, जल्द ही आएगा. वीडियो में टाइटल को धुएं से निकलते हुए दिखाया गया है. बैकग्राउंड में लोगों को बाहुबली के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है. फिल्म मेकर ने अभी तक कलाकारों और कहानी के बारे में खुलासा नहीं किया है। बाहुबली (2015) ने अपना जादू ना केवल देश में बल्कि बल्कि जापान, चीन और कई यूरोपीय देशों के मंच पर भी रिकॉर्ड तोड़े. फिल्म की शानदार सफलता के बाद मेकर फिल्म का अगला सीक्वल बाहुबली 2 लेकर आए, जिसने 1810 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की और भारतीय बॉक्स ऑफिस के इतिहास में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर उभरी. अब फैंस और दर्शक उसके आगे की कहानी जानने के लिए काफी एक्साइडेट है।

# 26 मई को राजधानी में होगा इण्डियाज मिस्टर एंड मिस फेस-2024

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** युवाओं को एंटरटेनमेंट इन्डस्ट्री में स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध संस्था जेपीएस स्टार 11 के तत्वावधान और इंपल्स सिने इंटरमेंट्स के सहयोग से आगामी 26 मई को आयोजित होने वाले इण्डियाज मिस्टर एंड मिस फेस 2024 कार्यक्रम का आज

**निःशुल्क होंगे पंजीकरण**

राजधानी के कोमल स्टुडियो आशियाना बंगला बाजार लखनऊ में कर्टेन रेजर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंपल्स सिने एंटरटेनमेंट्स के निदेशक प्रदीप श्रीवास्तव, अभिनेत्री और मॉडल रितिका गुप्ता एवं जेपीएस स्टार 11 के प्रमुख अरविन्द सक्सेना ने इण्डियाज मिस्टर एण्ड मिस फेस 2024 कार्यक्रम के पोस्टर का अनावरण किया। कार्यक्रम संयोजक अरविन्द सक्सेना ने बताया कि इण्डियाज मिस्टर एण्ड मिस फेस 2024 कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ में आगामी 26 मई 2024 को किया जाएगा। इस



कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए ऑन लाइन ऑडिशन लिए जायेंगे, जिसके लिए निःशुल्क पंजीकरण प्रारंभ किए गए हैं। इस कार्यक्रम में आवेदन करने की प्रक्रिया सहज एवम सरल रखी गई है, प्रतिभागी घर बैठे ही व्हाट्स एप के माध्यम से अपनी प्रोफाइल सेंड कर सकते हैं। चयन समिति उत्कृष्ट प्रोफाइल चयन करेगी और व्हाट्स एप विडियो कॉलिंग के माध्यम से आडिशन की प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। सर्वश्रेष्ठ तीस प्रतिभागिओं को फाइनल के लिए चयनित किया जाएगा। आवेदन संपूर्ण भारत वर्ष से स्वीकार किए जायेंगें। प्रतिभागियों के लिए समस्त आवेदन प्रक्रिया निःशुल्क रखी गई है और विजयी प्रतिभागियों संग समस्त चयनित लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर नीलेश पाल, मंजूषा सक्सेना, गणेश राजभर, रुद्राक्ष श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# एसडीएम ने गेंहू क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया लापरवाही पर दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** गेंहू खरीद केन्द्रों पर तौल में गड़बडी व अन्य अनियमितताओं को लेकर मिल रही शिकायतों को जांचने के लिए शिकारपुर एसडीएम प्रियंका गोयल, ने मंडी समिति स्थित क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण करते हुए स्वच्छ पानी, सही नापतोल और समय से पेमेंट आदि सहित आवश्यक निर्देश दिए गेंहू खरीद केन्द्रों पर तौल में गड़बडी व अन्य अनियमितताओं को लेकर मिल रही शिकायतों को जांचने के लिए शिकारपुर एसडीएम प्रियंका गोयल, ने मंडी समिति स्थित क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान गेंहू की तोल को भी जांचा और किसी भी लापरवाही पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी एसडीएम प्रियंका गोयल, ने मंडी समिति स्थित गेंहू क्रय केन्द्र का



औचक निरीक्षण किया एसडीएम के निरीक्षण की जानकारी लगते ही केन्द्र संचालकों में खलबली मच गई एसडीएम ने क्रय केन्द्र पर तौले जा रहे एक किसान के गेंहू की गुणवत्ता व उसकी नमी के प्रतिशत को देखा उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि क्रय केन्द्र पर किसी भी प्रकार की लापरवाही या किसान का उत्पीड़न किया गया तो सम्बन्धित व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

# दिल्ली लोक सभा चुनाव जीत के चक्कर में नजर नहीं आ रही बनते बनते टूटी सड़के,आम आदमी पार्टी के नेताओ का नारा जेल का जवाब वोट से

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्टीय राज धानी दिल्ली की जनता का दिल जितने के लिए नेता नय- नय मुद्दे एवं नारे लाए है आम आदमी पार्टी के नेताओं का केजरीवाल जेल में जेल का जवाब वोट से है। नोमिनेश के शुभ अवसर पर रोड सौ में दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी ने पश्चमी दिल्ली में रोड शो में उमड़ी भीड़ के बीच पहुंची वहाँ उनके रोड-शो में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा की दिल्ली ये दिल्ली की जनता का प्रेम है। कि दिल्ली अपने नेता केजरीवाल जी से बहुत प्यार करती है और पूरी ताकत से उनके साथ खड़ी है। उन्हों ने यह भी कहा की दिल्ली की जनता ने तय कर लिया है कि वो तानाशाही का जवाब अपने वोट से देगी। अब देखा ना यह है की 25 मई 20024 के लोक सभा चुनाव का ऊँट किस करवट बैठेता है। जब की दिल्ली की जनता सभी राजनीति पार्टियों से दुखी है दिल्ली की जनता वोट को लेकर असमंजस में नजर आ रही है।





# बाइक और विक्की की भिडंत में बाइक सवार की मौत ,जबकि दूसरा गम्भीर रूप से घायल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव सैहतपुर बैरी के पास मोटरसाइकिल और विक्की की आपस में भिडंत होने से पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहाँ डॉक्टरों द्वारा राजेन्द्र पुत्र यादराम को मृत घोषित कर दिया जबकि पुत्र शिवम गम्भीर रूप से घायल हो गया ।जिसे जिला अस्पताल भेजा गया है। पिता पुत्र कोतवाली क्षेत्र के गांव कॉधे में ईंट भट्टा पर मजदूरी किया करते थे घरेलू सामान खरीदने के लिए शिकारपुर आ रहे थे। रास्ते में सैहतपुर बैरी के पास



अनियंत्रित तरीके से चल रही विक्की ने टक्कर मार दी ।जिसमें पिता पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गए दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया ।जहां डॉक्टरों द्वारा शिवम पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम दौलतपुर को जिला अस्पताल रेपर कर दिया। वही राजेन्द्र पुत्र यादराम निवासी दौलतपुर को म्रत घोषित कर दिया गया ।वही कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार चतुर्वेदी, एसएसआई अंकित कुमार चौहान, ने बताया कि मृतक राजेन्द्र के सब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।

**कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं संयोजक ने भाग लिया**

# इनरव्हील क्लब मेरठ यूथविंग्स ने किया विशेष सत्र का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** इनरव्हील क्लब मेरठ यूथविंग्स द्वारा पं0 दीन दयाल उपाध्याय मैनेजमेंट कॉलिज, मेरठ

**बच्चों में होने वाले आत्म केन्द्रीकरण एवं अतिसक्रियता पर दी जानकारी**

के सेमिनार हॉल में डॉ0 इंची लोनियाल द्वारा समावेशन पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। सत्र का शुभारम्भ मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि डॉ0 इंची लोनियाल, क्लब अध्यक्ष शुभि बंसल एवं क्लब सचिव पियांशु अग्रवाल द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता ने बच्चों में होने



वाले आत्म केन्द्रीकरण एवं अतिसक्रियता पर अपने विचार व्यक्त किये। डॉ0 इंची लोनियाल ने बच्चों को इन मानसिक स्थितियों के कैसे बचाया जा सकता है, के बारे में भी अवगत कराया। इस सत्र में आईआईएमटी एकेडमी, आईआईएमटी स्टार्ज, केएल इण्टरनेशनल स्कूल एवं गार्गी स्कूल इत्यादि शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, अध्यापक एवं संयोजक सहित कुल 125 अध्यापकों की उपस्थिति रही। सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को प्रमाणपत्र वितरित किये गये। मंच का संचालन पल्लवी जैन एवं पलकी जैन ने किया। इस अवसर पर प्रिया जैन, सग्रीन साहनी, शिल्पी वढेरा, राधिका मित्तल, दीपाली जैन, रिंकी जैन, सृष्टि गुप्ता इत्यादि उपस्थित रहीं।

# चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते, सुप्रीम कोर्ट ने भरी अदालत में क्यों लिया राहुल और लालू यादव का नाम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजनेता के समान नाम होने से किसी व्यक्ति के चुनाव लड़ने के अधिकार पर कोई असर नहीं पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि किसी व्यक्ति को सिर्फ इसलिए लड़ने से नहीं रोका जा सकता क्योंकि उसका नाम किसी राजनेता के साथ मिलता है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों वाली पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब चुनावों में हमनाम उम्मीदवारों का मुद्दा उठाते हुए भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका सामने आई। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।



# 400 पार का नारा भूल चुकी है भाजपा : दुष्यंत चौटाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**भिवानी (आरएनएस)।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने वीरवार को कहा कि चुनाव से पहले 400 पार का नारा देने वाले भाजपा नेताओं ने पिछले एक सप्ताह में यह नारा बोलना ही छोड़ दिया है। पूर्व उपमुख्यमंत्री हिसार लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले जिला के कस्बा बवानीखेड़ा हल्के के गाँवों में जनसभाओं को संबोधित करने आये थे ।हिसार से पार्टी प्रत्याशी नैना चौटाला हैं। चौटाला ने पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा जो भाजपा चुनाव से पहले 400 पार का नारा दे रही थी, पिछले एक सप्ताह से पार्टी नेताओं ने वह नारा ही बोलना छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह नारा वर्ष 1977 में कांग्रेस द्वारा दिए गए इंदिरा इज इंडिया, इंडिया इज इंदिरा नारे की तरह साबित होगा, क्योंकि उस समय इंदिरा भी हारीं हारी और कांग्रेस को भी ले बैठी थीं ।पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अगर भाजपा इतनी ही मजबूत होती तो वह मध्य प्रदेश, गुजरात में प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवारों पर दबाव बनाकर नामांकन पत्र वापस करवाने जैसे कदम नहीं उठाती और यह भाजपा की घबराहट को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता बदलाव चाहती है और यह परिवर्तन क्षेत्रीय दलों की ताकत को बढ़ाएगा।



# उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी शहरों में 5जी नेटवर्क, एयरटेल ने 77 लाख 5जी ग्राहकों की उपलब्धि हासिल की

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की है कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अब 77 लाख ग्राहक उनकी 5जी सेवा का आनंद उठा रहे हैं। कंपनी ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के सभी शहरों और जिलों में सफलतापूर्वक अपनी 5जी सेवा की शुरूआत कर दी है, जो नेक्स्ट जेनरेशन की मोबाइल सुविधाएं देने की दिशा में एक उत्साहजनक कदम है।

पिछले छह महीनों में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में एयरटेल के 5जी सुविधा का उपयोग करने वाले ग्राहकों की संख्या में वृद्धि हुई है। कंपनी ने अपने नेटवर्क का पूरे राज्य में विस्तार कर दिया है। आगरा किले के पुरातात्विक स्थल से लेकर वाराणसी, अयोध्या, मथुरा और वृन्दावन के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल से लेकर यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ तक, एयरटेल संपूर्ण उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में अपनी सेवाएँ लगातार मुहैया करवा रही है। कंपनी की इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, सोवन मुखर्जी- सीईओ, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, भारती एयरटेल ने कहा, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 5जी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए हम जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को तेजी से स्थापित करने के लिए हम महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। हम अपने उन सभी ग्राहकों का शुक्रिया अदा करते हैं जिन्होंने 5जी का अनुभव लेने के लिए अपग्रेड किया है, वे बिना किसी अतिरिक्त लागत के असीमित 5T सेवा का आनंद ले सकते हैं। हमारा अथक प्रयास हमारे ग्राहकों को राज्य के सबसे तेज, सबसे विश्वसनीय और अत्याधुनिक नेटवर्क से लगातार जोड़े रखना है। देश में 5जी सेवा का तेजी से विस्तार होना कई कारणों पर निर्भर है, जिनमें शामिल हैं नेटवर्क का तेजी से विस्तार, 5जी सुविधाओं की जल्द शुरूआत और 5जी उपकरणों की बढ़ती उपलब्धता। किफायती 5ळ उपकरणों को उपयोगकताओं के लिए सुलभ बनाने के लिए, एयरटेल ने पोको के साथ भी सहयोग किया है ताकि 10 हजार रुपये से कम कीमत वाले 5जी स्मार्टफोन पेश किए जा सकें।




**बैठक** — **उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा की अध्यक्षता में हुई जिला सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक**

# सडकों पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है सड़क सुरक्षा समिति : उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नूह मेवात ।** नूंह उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सडक सुरक्षा समिति व खनन गतिविधियों की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें सडक सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर विभिन्न विभागों को जरूरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। समिति ने स्थानीय सडक मार्गों पर सुरक्षा व ट्राफिक नियमों की अनुपालना करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि गत दिनों आरटीए ने ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले व ओवर लोडिंग वाहनों के 167 चालान किए गए और उन पर 73 लाख 83 हजार रुपए का जुमार्ना किया। उन्होंने कहा कि इन चालानों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि लोग यातायात नियमों की अनुपालना शुरू कर दें। उपायुक्त ने कहा कि जिला में ओवर लोडिंग व अवैध माइनिंग जैसी गतिविधियां नहीं चलने दी जाएंगी। जिला सडक सुरक्षा समिति जनमानस को सडक सुरक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करने और सडकों पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। सडकों पर सुरक्षित यातायात के लिए संबंधित विभाग जरूरी कार्यवाही करें। उन्होंने सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत सडक के साथ लगते स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश भी दिए ताकि विद्यार्थियों को स्कूल प्रवेश या बाहर आते समय यातायात संबंधी कोई भी समस्या ना हो। राष्ट्रीय राजमार्गों पर स्थित एंबुलेंस मौजूद हो और उसकी लोकेशन नजदीकी थानों व अस्पतालों से भी होनी चाहिए। सडकों व चौराहों पर स्थित सभी ट्रैफिक लाइटें चालू रहनी चाहिएं। सीसीटीवी कैमरों की एक जगह कनेक्टिविटी करते हुए एक बड़ा कंट्रोल रूम तैयार करवाया जाए, जहां से पूरे शहर व सडकों पर स्थित कैमरे की कनेक्टिविटी रहे।



उन्होंने कहा कि सडकों पर स्थित अवैध कटों को बंद किया जाए तथा स्कूलों के सामने सडक पर जहां संभव हो, वहां पर ब्रेकर जरूर बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि तावडू बाईपास पर चौक खराब स्थिति में है, इसे हटाकर वहां पर ट्रैफिक लाइट लगाई जाए। केएमपी पर टूटी ग्रिल ठीक करवाई जाएं, जहां पर रोड खराब हैं, वहां उसे ठीक करवाया जाए तथा इस पर लाइटें भी चालू रखी जाएं। उपायुक्त ने क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण व पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि वाहनों पर ट्राई एंगल में रिफलेक्टर टेप लगाई जाएं, ताकि रात्रि समय में वाहनों को दूर से देखना संभव हो सके। इसके लिए पूरा जिला में अभियान चलाया जाए तथा रिकशा, रेहड़ी, ट्रैक्टर-ट्राली, बड़े वाहन सहित अधिक से अधिक वाहनों को कवर किया जाए। यह सुरक्षा की दृष्टिद से बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि राज्य व नेशनल हाइवे पर अतिक्रमण को तुरंत हटवाया जाए। इस अवसर पर एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ चिनार चहल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, डीएसपी सुरेंद्र कुमार व जिला माइनिंग अधिकारी अनिल कुमार सहित जिला के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267